मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़ से प्रकाशित: भोपाल • ग्वालियर • कटनी • बिलासपुर • जबलपुर • छिंदवाड़ा • बालाघाट

www.emsindia.com

भोपाल

सोमवार 05 मई 2025

■ वर्ष: 30 ■ अंक: 128

■ पेज: 8 ■ मूल्य: 1.50/- रुपए

निष्पक्ष एवं विश्वसनीय खबरों का लोकप्रिय समाचार पत्र

# एक्सप्रेस न्यूज़

## प्लेन क्रैश...परखच्चे उड़े

**अलीगढ़, ईएमएस।** अलीगढ़ एयरपोर्ट में रविवार दोपहर पायलट ट्रेनिंग के दौरान एक प्लेन क्रैश हो गया। प्लेन के अंदर सिर्फ ट्रेनी पायलट प्रणव जैन मौजूद था, जो प्लेन उड़ा रहा था। जब प्लेन क्रैश की सूचना अधिकारियों को मिली, तो अफरा-तफरी मच गई। मामला धनीपुर हवाई पट्टी का है। प्लेन आसमान में उड़ने के बाद लैंडिंग कर रहा था। तभी एयरपोर्ट की बाउंड्रीवाल से टकरा गया। इस हादसे में प्लेन के परखच्चे उड़ गए।

## चुपके-चुपके

### प्रशासनिक वीथिका में ऐसा जलवा किसी का नहीं

प्रदेश की प्रशासनिक वीथिका में एक महिला आईपीएस अधिकारी का जलवा सिर चढ़कर बोल रहा है। मैडम का जलवा ऐसा है कि उसे देखकर लोग अचरज में पड़ गए हैं। खबरची के अनुसार मैडम ने अपने चारों तरफ एक ऐसा कॉकस बुन रखा है जो शायद ही कभी मंत्रालय में देखने को मिला हो। सूत्र बताते हैं कि मैडम जबसे यहां सचिव की कुर्सी पर बैठी हैं, वे अपने आप को सबसे पावरफुल दिखाने की जुगत में लगी हुई हैं। उन्होंने एक महिला गार्ड को तैनात करवा लिया है, जो स्कॉट करके चलती है। यही नहीं जब मैडम मंत्रालय से रवाना होती है तो तत्काल सुरक्षाकर्मी नीचे तैनात हो जाते हैं। जब यह पूरी तरह कंफर्म हो जाता है कि सारी व्यवस्था चाक-चौबंद हो गई है, तब मैडम कमरे से निकलती हैं और गाड़ी में बैठकर बंगले के लिए रवाना होती हैं।

-खबरची

## उधर चीन-पाकिस्तान के बीच गुप्त समझौता, एस-400 तकनीक लीक होने की आशंका...इधर भारत ने बगलिहार बांध को किया बंद, किशनगंगा बांध पर भी इसी तरह का कदम उठाने की तैयारी

# भारत-पाक में तनातनी वैश्विक खेमेबाजी शुरू

● नई दिल्ली, ईएमएस




पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान में तनातनी बढ़ गई है। दोनों देश अधिक से अधिक देशों का समर्थन का समर्थन प्राप्त करने में जुट गए हैं। इस बीच चीन और पाकिस्तान के बीच गुप्त समझौता हुआ है जिससे एस-400 तकनीक लीक होने की आशंका है। वहीं भारत ने चिनाब नदी पर बगलिहार बांध से पाकिस्तान को जाने वाले पानी का प्रवाह रोक दिया है और झेलम नदी पर किशनगंगा बांध पर भी इसी तरह का कदम उठाने की प्लानिंग चल रही है। जम्मू के रामबन में बगलिहार और उत्तरी कश्मीर में किशनगंगा हाइड्रो पावर डैम के जरिए भारत अपनी तरफ से पानी छोड़ने के टाइम को रेगुलेट कर सकता है। यानी इन बांधों के जरिए पाकिस्तान को पहुंचने वाले पानी को बिना किसी पूर्व चेतावनी के कम किया जा सकता है और फ्लो को बढ़ाया भी जा सकता है।

भारत ने दशकों पुराने इस समझौते को पहलगाम आतंकी हमले के बाद सस्पेंड कर दिया था। वर्ल्ड बैंक की मध्यस्थता में भारत-पाकिस्तान के बीच 1960 में सिंधु जल समझौता किया गया था। इसके तहत सिंधु नदी और उसकी सहायक नदियों के पानी को दोनों देशों के बीच बांटने का फैसला हुआ था। चिनाब नदी पर बना बगलिहार बांध भी दोनों पड़ोसी देशों के बीच लंबे समय से विवाद का मुद्दा रहा है और पाकिस्तान ने पूर्व में विश्व बैंक से इस मामले में मध्यस्थता की मांग की थी। इसी तरह किशनगंगा बांध को भी कानूनी और कूटनीतिक जांच का सामना करना पड़ा है।

### भारत को दोस्त चाहिए ज्ञान देने वाले नहीं



भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने आर्कटिक सर्किल इंडिया फोरम 2025 में रविवार को कहा कि भारत के साथ गहरे संबंधों के लिए यूरोप को कुछ संवेदनशीलता और पारस्परिक हितों का प्रदर्शन करना होगा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि नई दिल्ली दोस्त की तलाश कर रही है, न कि ज्ञान (उपदेशकों) देने वालों की। जयशंकर ने एक सत्र को संबोधित कहते हुए कहा कि भारत ने हमेशा रूसी यथार्थवाद की वकालत की है और संसाधन प्रदाता और उपभोक्त I के रूप में भारत और रूस के बीच महत्वपूर्ण सामंजस्य और दोनों देश एक-दूसरे के पूरक हैं। विदेश मंत्री ने रूस को शामिल किए बिना रूस-यूक्रेन संघर्ष का समाधान खोजने के पश्चिम के पहले के कोशिशों की भी आलोचना की और कहा कि इसने यथार्थवाद की बुनियादी बातों को चुनौती दी है।

### चीन-पाकिस्तान की जुगलबंदी पड़ेगी भारी

उधर, बुल्गारिया की रक्षा समाचार वेबसाइट मिल्ट्रीडॉटकॉम की एक चौंकाने वाली रिपोर्ट ने भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता पैदा कर दी है। रिपोर्ट के अनुसार, चीन और पाकिस्तान के बीच एक गुप्त समझौते पर बातचीत हो रही है। इस समझौते के तहत चीन पाकिस्तान को अत्याधुनिक एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम की तकनीकी जानकारी पाकिस्तान को सौंप सकता है। यदि यह समझौता चीन और पाकिस्तान के बीच में हो जाता है। तो यह भारत की रक्षा तैयारियों और रणनीतिक संतुलन के लिए बड़ा झटका साबित होगा। भारत ने 2018 में रूस से 5.43 अरब डॉलर की लागत से एस-400 मिसाइल रक्षा प्रणाली का सौदा किया था। यह प्रणाली 400 किलोमीटर की रेंज तक किसी भी हवाई खतरे जैसे लड़ाकू विमान, क्रूज मिसाइल, ड्रोन या बैलिस्टिक मिसाइल को ट्रैक कर ध्वस्त करने में सक्षम है। अभी भारत को तीन स्क्वाड्रन मिल चुके हैं। दो स्क्वाड्रन रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण अभी भारत को नहीं मिले हैं। भारत ने इन्हें चीन और पाकिस्तान की सीमाओं पर तैनात कर रखा है। रिपोर्ट के अनुसार,चीन 2014 में रूस से एस-400 तकनीकि हासिल कर चुका था। एस 400 की तकनीकी विशेषताओं और कमजोरियों से चीन और भारत अच्छी तरह से जानते हैं। चीन गुप्त रक्षा समझौते में यदि यह तकनीकी पाकिस्तान को देगा। रडार फ्रीक्वेंसी, जामिंग तकनीक, ब्लाइंड स्पॉट और इंटरसेप्शन लॉजिक जैसी जानकारी पाकिस्तान के साथ चीन साझा कर सकता है। इससे पाकिस्तान, भारत की वायु सुरक्षा प्रणाली को नाकाम करने में सक्षम हो जायेगा। इस खुलासे ने भारत की कूटनीतिक स्थिति को झकझोर दिया है। अंतरराष्ट्रीय हथियार डील्स में एंड-यूजर एग्रीमेंट होता है, जिसके तहत खरीदी गई प्रणाली की जानकारी किसी तीसरे पक्ष को साझा नहीं की जा सकती है। चीन ने इसका उल्लंघन किया, तो भारत को रूस के समक्ष औपचारिक आपत्ति दर्ज करानी पड़ सकती है। यह आपत्ति भारत को तुरंत करनी होगी। इसके लिए रूस का समर्थन भी चाहिए होगा। सुरक्षा विशेषज्ञों का मानना है, यह मामला केवल सैन्य क्षेत्र तक सीमित नहीं है। इससे भारत की रूस पर निर्भरता, अमेरिका के साथ बढ़ती निकटता और वैश्विक शक्ति संतुलन पर भी असर होगा। भारत को सावधानीपूर्वक कदम उठाने होंगे।

#### मुख्यमंत्री ने सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्तियों के साथ रीवा में किया न्यायालय भवन का लोकार्पण, कहा...

## नए कानूनों से न्यायालयीन प्रणाली और लोकतंत्र हुआ है समृद्ध...

न्याय पाना सबका अधिकार, इसकी सहज उपलब्धता सुनिश्चित कर रही है सरकार




**भोपाल, ईएमएस।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि न्याय पाना देश के हर नागरिक का कानूनी अधिकार है। वादी को समय पर न्याय दिलाना ही सम्पूर्ण न्याय प्रणाली का एकमात्र लक्ष्य है। न्याय पाने के अधिकार की सुरक्षा करते हुए हमारी सरकार प्रदेश के हर नागरिक को सहज और सुलभ न्याय उपलब्ध कराने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि समय पर न्याय दिलाना एक समाजिक सूत्र है, जिसे हम सभी को अपने-अपने दायरे में पूरी शिद्दत से निभाना चाहिए। उन्होंने कहा कि रियासत काल से ही रीवा क्षेत्र न्याय व्यवस्था की दृष्टि से हमेशा अग्रणी रहा है। इस दिशा में रीवा में आज एक और नए युग का सूत्रपात हुआ है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को रीवा में नवनिर्मित जिला न्यायालय कॉम्पलेक्स के लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे।

### अब न्याय की देवी की काली पट्टी खोल दी है

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमारी सरकार न्याय पाने के इच्छुक हर व्यक्ति के लिए जिला न्यायालय में एक सकारात्मक वातावरण तैयार करने तेजी से आगे बढ़ रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने न्यायिक प्रणाली को अधिक कारगर बनाने के लिए नये कानून बनाए। उन्होंने उच्चतम न्यायालय द्वारा बीते कुछ सालों में दिए गए प्रमुख निर्णयों का जिक्र करते हुए कहा कि इन निर्णयों से सबके दिलों में देश की न्याय व्यवस्था के प्रति श्रद्धा और बढ़ी है।

#### शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने किया ऐलान...

## राहुल गांधी हिंदू धर्म से बहिष्कृत



**जोशीमठ, ईएमएस।** 'योतिर्मठ के शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को लेकर बड़ा बयान दिया है।

उन्होंने कहा है कि राहुल गांधी अब हिंदू धर्म का हिस्सा नहीं हैं। उन्होंने उन्हें हिंदू धर्म से सार्वजनिक रूप से बहिष्कृत करने की घोषणा की है। बद्रीनाथ स्थित शंकराचार्य आश्रम में पत्रकारों से बातचीत करते हुए स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा कि राहुल गांधी ने संसद में मनुस्मृति के संदर्भ में जो बयान दिया, उससे संपूर्ण सनातन धर्मावलंबी आहत हैं। शंकराचार्य ने कहा कि राहुल गांधी संसद में कहते हैं बलात्कारी को बचाने का फॉर्मूला संविधान में नहीं आपकी किताब यानी कि मनुस्मृति में लिखा है।

### राहुल को भेजा था नोटिस

उन्होंने बताया कि राहुल गांधी को तीन माह पूर्व एक नोटिस भेजा गया था, जिसमें उनसे यह स्पष्ट करने को कहा गया था कि उन्होंने मनुस्मृति में जो बात कही है, वह कहां लिखी हैं? लेकिन इतने समय के बाद भी न तो राहुल गांधी ने कोई जवाब दिया और न ही माफी मांगी। शंकराचार्य ने कहा कि जब कोई व्यक्ति लगातार हिंदू धर्मग्रंथों का अपमान करता है और स्पष्टीकरण देने से बचता है, तो उसे हिंदू धर्म में स्थान नहीं दिया जा सकता। उन्होंने स्पष्ट किया कि अब राहुल गांधी का मंदिरों में विरोध होना चाहिए।

## भारत को रूस से मिले 250 करोड़ के नए एयर डिफेंस मिसाइल

**नई दिल्ली, ईएमएस।** भारतीय सेना को रूस से अत्याधुनिक इग्ला-एस एयर डिफेंस मिसाइलें प्राप्त हुई हैं, जिससे देश की वायु रक्षा क्षमता में बड़ा इज़ाफा हुआ है। इन्हें अग्रिम मोर्चों पर तैनात किया जा रहा है ताकि दुश्मन के लड़ाकू विमान, ड्रोन और अटैक हेलिकॉप्टर को बेहद करीब से मार गिराया जा सके। इन मिसाइलों की आपूर्ति 250 करोड़ रुपये के विशेष खरीद अनुबंध के तहत की गई है, जिसे भारतीय सेना ने रूस के साथ हस्ताक्षरित किया था। यह सौदा तत्काल परिचालन ज़रूरतों को ध्यान में रखते हुए किया गया है ताकि सीमावर्ती क्षेत्रों में वायु रक्षा को और सुदृढ़ किया जा सके। इस इन्वेंट्री बूस्ट से पाकिस्तान के साथ पश्चिमी मोर्चे पर सेना की मिसाइल क्षमता और मजबूत होगी। सेना और वायुसेना के पास 1989 से ही पुरानी इग्ला- 1एम सिस्टम है, लेकिन कंधे से दागी जाने वाली इग्ला-एस एक बेहतर संस्करण है जिसकी इंटरसेप्शन रेंज 6 किलोमीटर तक है।

## फटाफट खबरें

### ईडी के पॉवर पर 7 को सुनवाई

**नई दिल्ली, ईएमएस।** सुप्रीम कोर्ट ने प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत ईडी को दिए पॉवर पर पुर्नविचार करने के लिए नई बेंच का गठन किया है। जिसमें जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस उ'जल भूइयां और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह शामिल हैं। बेंच 7 मई को सुनवाई करेगी। पहले यह मामला जस्टिास सूर्यकांत, जस्टिा भूइयां और जस्टिस सी टी रविकुमार की बेंच के समक्ष लंबित था, लेकिन रविकुमार 5 जनवरी को रिटायर हो गए थे। गौरतलब है कि ईडी की कार्रवाई का लगातार विरोध हो रहा है।

### बद्रीनाथ धाम के कपाट खुले

**चमोली, ईएमएस।** बद्रीनाथ धाम के कपाट रविवार सुबह 6 बजे खोल दिए गए। मंदिर के रावल (मुख्य पुजारी) ने गणेश पूजा के बाद मंदिर के कपाट खोले। महिलाओं ने लोकगीत गाए। गढ़वाल राइफल्स के बैंड ने पारंपरिक धुनें बजाईं। इसी के साथ चारधाम यात्रा पूरी तरह से शुरू हो गई है। कपाट खुलने के बाद अगले 2 घंटे में 10 हजार से 'यादा श्रद्धालु धाम पहुंचे। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भी पूजन-दर्शन किए। श्रद्धालु अगले 6 महीने तक भगवान बद्रीविशाल के दर्शन कर पाएंगे।

### भाजपा नेता की पत्नी ने की आत्महत्या

**डिंडौरी, ईएमएस।** डिंडोरी में भाजपा नेता की पत्नी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। महिला के परिजन ने हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने भाजपा नेता दशरथ को हिरासत में ले लिया है। घटना शनिवार रात करीब 7.30 बजे की है। घटनास्थल के बाहर परिजनों के साथ भारी भीड़ जमा है। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस बल तैनात किया गया है। जानकारी के अनुसार भाजपा पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष एवं उप सरपंच दशरथ राठौर (38) की शादी तीन साल पहले समनापुर थाना क्षेत्र के देवलपुर गांव की रहने वाली संगीता(22) से हुई थी।

## लखनऊ की धर्म संसद में पास हुए 7 प्रस्ताव

### हिंदू राष्ट्र बनाने का प्रस्ताव, लव जिहाद के खिलाफ सनातनी सेना...



**लखनऊ, ईएमएस।** लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में रविवार को विश्व हिंदू परिषद के नेतृत्व में धर्म संसद आयोजित हुई। अयोध्या, काशी और मथुरा समेत पूरे देश के साधु-संत धर्म संसद में शामिल हुए। इस धर्म संसद में 7 प्रस्ताव पारित हुए। सनातनी हेल्पलाइन नंबर जारी हुआ, हिन्दू राष्ट्र बनाने का प्रस्ताव पास हुआ। यह तय हुआ कि विश्व हिंदू रक्षा परिषद मुस्लिम इलाकों में मंदिरों और हिंदुओं की सुरक्षा के लिए अपना कार्यालय खोलेगा। धर्म संसद में उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक भी शामिल हुए।

लखनऊ में आयोजित धर्म संसद में तय हुआ कि मुर्शिदाबाद में हुई सांप्रदायिक हिंसा को लेकर जून में सनातन यात्रा निकाली जाएगी। पश्चिम बंगाल से यात्रा शुरू होगी और पूरे देश से गुजरते हुए कश्मीर तक जाएगी। इसमें भी यह भी प्रस्ताव पास हुआ कि सनातन धर्म की रक्षा करने वालों को सनातन गौरव सम्मान दिया जाएगा। मुस्लिम हिंदू लड़कियों से शादी न कर सकें इसको लेकर अभियान चलाया जाएगा। साथ ही यह प्रस्ताव भी पेश हुआ कि लव जिहाद के अलावा लैंड जिहाद की घटनाओं को रोकने के लिए सनातनी सेना बनाई जाएगी। हनुमानगढ़ी के महंत राजू दास ने कहा कि धर्म संसद में देश के हिंदू समाज से जुड़े विभिन्न 'वलंत मसलों पर प्रस्ताव पारित कर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

## वक्फ संशोधन एक्ट पर सुप्रीम कोर्ट में आज सुनवाई

### केंद्र के हलफनामे पर अब डीएमके ने उठाए सवाल



**नई दिल्ली, ईएमएस।** सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को वक्फ संशोधन कानून की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई होगी। इससे पहले सर्वोच्च अदालत ने पिछली सुनवाई के दौरान इस कानून के दो मुख्य पहलुओं पर रोक लगा दी थी। केंद्र ने 17 अप्रैल को सुप्रीम कोर्ट को भरोसा दिया था कि वह 5 मई तक न तो वक्फ बाई यूजर सहित वक्फ संपत्तियों को डिनोटिफाई करेगा, न ही केंद्रीय वक्फ काउंसिल और बोर्डों में कोई नियुक्तियां करेगा। केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने चीफ जस्टिस संजीव खन्ना, जस्टिस संजय कुमार और जस्टिस के वी विश्वनाथन की बेंच को यह भरोसा देते हुए कहा कि संसद की ओर से विचार-विमर्श के बाद पारित कानून पर सरकार का पक्ष सुने बिना रोक नहीं लगाई जानी चाहिए।

## पप्पू यादव फिर कांग्रेस में होंगे शामिल

### गांधी मैदान में करेंगे रैली, राहुल-प्रियंका गांधी को बुलाएंगे



**पटना, ईएमएस।** पटना के पाटलिपुत्र एक्सोटिका में निर्दलीय सांसद पप्पू यादव ने जन अधिकार पार्टी के पूर्व नेताओं के साथ बैठक की। बैठक में नेताओं ने सर्वसम्मति से कांग्रेस में शामिल होने का निर्णय लिया। पप्पू यादव ने कहा कि यह कदम बिहार में कांग्रेस को मजबूती देगा और सामाजिक न्याय के संघर्ष को नई दिशा मिलेगी।

पप्पू यादव ने कहा कि कांग्रेस के केंद्रीय नेतृत्व से वे जल्द मिलेंगे और पटना के गांधी मैदान में एक बड़ी रैली आयोजित की जाएगी, जिसमें राहुल गांधी और प्रियंका गांधी को आमंत्रित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आज से हमारा हर कार्यकर्ता कांग्रेस को मजबूत करने में जुट जाएगा। राहुल गांधी अंतिम व्यक्ति की हिस्सेदारी की बात कर रहे है। कांग्रेस पार्टी को आगे बढ़ाने का काम राहुल गांधी कर रहे हैं। नौजवान, गरीब और किसानों को उम्मीद जगी है।

### मोदी सरकार पर बोला हमला

उन्होंने आरोप लगाया कि जातीय जनगणना की मांग करने पर पीएम मोदी ने उन्हें अर्बन नक्सल कहा। कांग्रेस नेता की जाति, जनेऊ और पिता का नाम पूछा जाता है, लेकिन क्या मोदी जी की जाति पूछी गई? इस सवाल के जरिए उन्होंने मीडिया की निष्पक्षता पर भी सवाल उठाए। कहा कि जिस तरीके से हमारे नेता को गाली दी गयी, हमारे नेता की जाति पूछी गई। गोदी मीडिया क्या मोदी जी की जाति नही पूछेंगे। पाकिस्तान का पानी रोक दिया गया जुमले बाजी है, वैसे ही जातीय जनगणना की बात भी जुमलेबाजी है।

## डीआरडीओ ने स्ट्रैटोस्फेरिक एयरशिप का किया सफल परीक्षण

**नई दिल्ली, ईएमएस।** भारतीय रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) ने श्योपुर ट्रायल साइट से 'स्ट्रेटोस्फेरिक एयरशिप प्लेटफॉर्म' का पहला सफल फ्लाइट ट्रायल किया। यह एयरशिप डीआरडीओ की आगरा स्थित एरियल डिलीवरी रिसर्च एंड डेवलपमेंट एस्टेब्लिशमेंट द्वारा विकसित किया गया है। पहले ट्रायल में एयरशिप को करीब 17 किलोमीटर की ऊंचाई तक ले जाया गया। एयरशिप अपने साथ एक खास किस्म के उपकरणों से लैस पेलोड को साथ लेकर गया था, जिसने महत्वपूर्ण डाटा इकठ्ठा किया। अब इसका इस्तेमाल भविष्य में और भी अधिक ऊंचाई पर होने वाले एयरशिप मिशनों के लिए में किया जाएगा। रक्षा मंत्रालय ने इस उपलब्धि की जानकारी देते हुए बताया कि डीआरडीओ ने श्योपुर में इस स्ट्रैटोस्फेरिक एयरशिप प्लेटफॉर्म का पहला ट्रायल सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। उड़ान के दौरान एयरशिप के अंदर दबाव को नियंत्रित करने वाली प्रणाली और किसी आपात स्थिति में हवा निकालने के सिस्टम (आपातकालीन डिफ्लेशन सिस्टम) की भी जांच की गई।

#### यमन ने इजराइली एयरपोर्ट पर दागी मिसाइल

## पलटवार की तैयारी में जुटा इजराइल



**तेल अवीव, ईएमएस।** यमन के हूती विद्रोहियों की तरफ से छोड़े गए एक मिसाइल ने रविवार को इजराइल के मुख्य हवाई अड्डे बेन-गुरियन इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर हड़कंप मचा दिया। इस हमले के बाद हवाई, सड़क और रेल यातायात को कुछ समय के लिए रोक दिया गया।

इस बीच इजराइल के शीर्ष मंत्री गाजा युद्ध को और तेज करने के फैसले पर वोटिंग करने वाले हैं। मिसाइल गिरने के बाद एयरपोर्ट के पास धुएं का गुबार देखा गया और यात्री डर के मारे इधर-उधर भागते दिखे। मिसाइल एयरपोर्ट के पास एक खाली मैदान में गिरी, जिससे जमीन में बड़ा गड्ढा बन गया। हालांकि, इजराइली एयर डिफेंस सिस्टम ने इसे रोकने की कोशिश की थी। हमले के बाद करीब एक घंटे बाद हवाई और सड़क यातायात फिर से शुरू हुआ।

### इजराइल का पलटवार का एलान

इजराइली पुलिस ने कहा कि हमले के बाद सुरक्षा व्यवस्था और कड़ी कर दी गई है। वहीं, इजराइली रक्षा मंत्री इजराइल काट्ज ने चेतावनी दी, जो हमें नुकसान पहुंचाएगा, हम उसे सात गुना 'यादा नुकसान पहुंचाएंगे। बता दें कि, यमन के हूती विद्रोहियों ने भी वीडियो बयान में इस हमले की जिम्मेदारी ली है। हूती प्रवक्त I ने कहा कि उन्होंने एयरपोर्ट पर एक हाइपरसोनिक बैलिस्टिक मिसाइल दागी थी। हूती विद्रोही अक्त बर 2023 से गाजा में चल रहे युद्ध के दौरान इजराइल पर हमले कर रहे हैं। हालांकि 'यादातर मिसाइलें इजराइल ने हवा में ही रोक ली हैं, लेकिन कुछ मिसाइलें नुकसान पहुंचा चुकी हैं। इस मिसाइल हमले के कारण एयर इंडिया की फ्लाइट को अबू धाबी की ओर मोड़ दिया गया।

## पहली बार विधायक रिश्वत केस में गिरफ्तार



**जयपुर, ईएमएस।** एंटी करप्शन ब्यूरो राजस्थान ने बागीदौरा (बांसवाड़ा) से विधायक जयकृष्ण पटेल को रिश्वत के मामले में गिरफ्तार किया है। राजस्थान में यह पहली बार है, जब किसी विधायक को रिश्वत के मामले में अरेस्ट किया है। बताया जा रहा है कि विधानसभा में खनन विभाग से संबंधित उठाए गए सवालों को वापस लेने के लिए भारत आदिवासी पार्टी से विधायक ने 2.5 करोड़ की डिमांड की थी। जयकृष्ण के जयपुर में 'योति नगर स्थित सरकारी क्वार्टर पर डील हुई थी। विधायक का गनमैन रिश्वत के 20 लाख रुपए ले रहा था। टीम के आते ही वह भाग गया। गनमैन की तलाश में एसीबी की टीमें दबिश दे रही हैं।

## भोपाल- इंदौर- खंडवा और देवास में ओले गिरे



**भोपाल, ईएमएस।** मप्रमें आंधी-बारिश और ओले गिरने का दौर जारी है। रविवार को भोपाल, इंदौर, देवास और खंडवा में तेज बारिश के साथ ओले गिरे। इंदौर में गरज-चमक और तेज हवा के साथ शाम 5 बजे से तेज बारिश हो रही है। सीनियर मौसम वैज्ञानिक डॉ. दिव्या ई. सुरेंद्रन ने बताया कि 3 साइक्लोनिक सर्कुलेशन के अलावा दो टर्फ भी गुजर रही है। इस वजह से मौसम बदला हुआ है।

अगले चार दिन यानी, 7 मई तक प्रदेश में तेज आंधी चलने और बारिश होने की संभावना है। वहीं दूसरी ओर किसानों के माथे पर बल आ गया है। इस बीच राजधानी समेत 45 जिलों में आंधी-बारिश समेत ओले गिरने की संभावना है। मौसम विभाग के मुताबिक, 7 मई तक प्रदेश में तेज आंधी के साथ बारिश होगी। आज भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, उ'जैन, जबलपुर सहित 45 जगहों पर ओले भी गिर सकते हैं। बताया जा रहा है कि 3 साइक्लोनिक सर्कुलेशन के साथ दो टर्फ लाइन भी गुजर रही है। इस कारण 7 मई तक मौसम बदला सा रहेगा।

### 60 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से चलेगी आंधी

इस दौरान 40 से 60 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से आंधी चलेगी। भोपाल में दोपहर के बाद से आसमान में बादल छाए हैं। जिससे झमाझम बारिश होने की आशंका है। बता दें कि वर्षा की वजह से तापमान में काफी गिरावट हुई है। मौसम में ठंडक होने की वजह से लोगों ने घर के कूलर और ष्ट तक बंद कर दिए हैं।

### दिन और रात के तापमान में गिरावट

पिछले 48 घंटों के दौरान दिन और रात के तापमान में करीब 2 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई। शनिवार को अधिकतम तापमान 40.8 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया, जो सामान्य के करीब था। यह स्थिति लगभग एक सप्ताह बाद बनी है जब तापमान सामान्य स्तर पर आया है। रात का न्यूनतम तापमान 24.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से 1 डिग्री अधिक रहा।

### आज का कार्टून




#### चुनाव आयोग तैयार कर रहा सुपर ऐप, वोटर्स और पॉलिटिकल पार्टियों को होगा फायदा

## एक ही एप में मिलेंगी चुनाव से जुड़ी सुविधाएं

● नई दिल्ली, ईएमएस




चुनाव आयोग की तरफ से जल्द ही एक नया प्लेटफॉर्म लॉन्च होने जा रहा है। इसका नाम ईसीआईनेट होगा, जिसे ऐप और वेब के माध्यम से एक्सेस किया जा सकेगा। इस सर्विस का फायदा वोटर, पोल अधिकारी और राजनीतिक पार्टियों को भी मिलेगा। ईसीआईनेट एक सिंगल प्लेटफॉर्म पर होगा, जहां चुनाव और मतदाताओं संबंधित सभी कामों को किया जा सकेगा। ये जानकारी पोल पैनल ने रविवार को शेयर की है। इस एक प्लेटफॉर्म पर अलग-अलग ऐप्स और वेब द्वारा मिलने वाली कुल 40 सर्विस को एक्सेस किया जा सकेगा। ईसीआई एक सिंगल पॉइंट एप बनाएगा। इस एक एप में इलेक्शन कमीशन से जुड़े 40 एप्स की सुविधा एक ही जगह मिलेगी। ईसीआई के अनुसार इन 40 एप्स को 5.5 करोड़ से अधिक बार डाउनलोड किया जा चुका है।

### वोटर कार्ड को आधार से लिंक करने की तैयारी

केंद्र सरकार वोटर आईडी और आधार को लिंक करने की तैयारी कर रही है। इसे लेकर मार्च में चुनाव आयोग और यूनीक आइडेंटिफिकेशन अथॉरिटी ऑफ इंडिया के अधिकारियों की बैठक हुई थी। इसमें दोनों को लिंक करने पर सहमति बनी। अब इस पर एक्सपर्ट की राय लेकर सरकार आगे की प्रक्रिया करेगी। आयोग का कहना है कि वोटर कार्ड को आधार से जोड़ने का काम मौजूदा कानून और सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों के अनुसार किया जाएगा।

## रामलला जिस टेंट में रहे उसे मंदिर में रखा जाएगा

### श्रद्धालुओं को प्रेरणा मिले कि भविष्य में ऐसे हालात न हों



**अयोध्या, ईएमएस।** अयोध्या में भगवान श्रीराम जिस टेंट में थे। वह टेंट ट्रस्ट के पास सुरक्षित है। उसे मंदिर परिसर में स्मृति चिह्न के तौर पर रखा जाएगा। 1949 में जिस सिंहासन पर विराजमान थे, वह भी मिल गया है। उसे भी दर्शन के लिए रखा जाएगा।

यह श्रद्धालुओं को प्रेरणा देगा कि भविष्य में फिर से ऐसी स्थिति उत्पन्न न हो। ये बातें श्री राम मंदिर भवन निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा ने कही। फर्स्ट फ्लोर पर राम दरबार की प्रतिमाएं आ चुकी हैं। राम और सीता सिंहासन पर विराजमान होंगे। लक्ष्मण और शत्रुघ्न पंखा डोलाते हुए दिखेंगे। हनुमानजी और भरत की प्रतिमाएं चरणों में बैठे हुए होंगी। नृपेंद्र मिश्रा ने कहा कि अभी इस पर विचार हो रहा है कि मंदिर के प्रथम तल के किस दरवाजे पर कितना सोना लगाया जाए। यह फैसला सोने की मात्रा के आधार पर लिया जाएगा। जो श्रद्धालुओं ने भेंट किया है।

### परकोटे को मंदिर से जोड़ा जाएगा

अब परकोटे को मंदिर को जोड़ना मुख्य चुनौती है। इसके लिए मंदिर के पश्चिमी दिशा में एक लिफ्ट और एक ब्रिज का निर्माण किया जा रहा है। जो श्रद्धालुओं की आवाजाही को सरल बनाएगा। काम तेजी से चल रहा है। समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा बताया-राम मंदिर के शिखर पर दो प्रकार की विशेष लाइटें लगाई जा रही हैं।

### कैलिफोर्निया में विमान क्रैश, पायलट की मौत

**वाशिंगटन, ईएमएस।** अमेरिकी राज्य कैलिफोर्निया की सिमी वैली में शनिवार को एक सिंगल सीटर प्लेन क्रैश हो गया। इस हादसे में पायलट की मौत हो गई। हादसा रिहायशी इलाके में हुआ, जिसकी वजह से दो घरों को भी नुकसान हुआ है। विमान का मलबा दोनों घरों के बीच गिरा। घटना के बाद दमकलकर्मी मौके पर पहुंचे।

### ट्रंप की पोप वाली तस्वीर से कैथलिक समुदाय हुआ नाराज

**न्यूयॉर्क, ईएमएस।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एआई की मदद से तैयार की गई अपनी तस्वीर साझा कर विवाद खड़ा कर दिया है, जिसमें वह पोप की पोशाक पहने नजर आ रहे हैं। यह तस्वीर ऐसे समय सामने आई है जब हाल ही में पोप फ्रांसिस के निधन के बाद वेटिकन में शोक चल रहा है और उनके उत्तराधिकारी के चयन के लिए सम्मेलन होने वाला है।

## फटाफट खबरें

### शादी कर ले जाना चाहता था पाकिस्तान

**अलीगढ़, ईएमएस।** आजमगढ़ के युवक ने युवती से इंस्टाग्राम पर दोस्ती की। इस बीच दोनों में प्रेम संबंध हो गए। युवक ने दुबई में नौकरी करना बताया। बाद में बोला पाकिस्तान चलेंगे तो युवती ने इससे इनकार कर दिया तो युवक उसे ब्लैक मेल करने लगा। युवती के अश्लील फोटो इंटरनेट पर डाल दिए। युवती ने इसकी शिकायत एसएसपी से की। पुलिस ने मामला दर्ज कर युवक की तलाश शुरु कर दी। पुलिस के मुताबिक शिकायत में युवती का कहना था कि करीब तीन साल पहले आजमगढ़ के युवक से इंस्टाग्राम पर दोस्ती हुईं। दोनों के बीच प्रेम संबंध हो गए बात शादी तक पहुंच गई।

### खाई में गिरा सेना का वाहन, 3 की मौत

**जम्मू, ईएमएस।** जम्मू-कश्मीर के रामबन जिले में भारतीय सेना का वाहन खाई में गिर गया, जिसमें तीन जवानों की जान चली गई। यह घटना जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर बैटरी छस्मा के पास हुई। पुलिस, एसडीआरएफ, स्थानीय लोग और सेना ने तुरंत मोर्चा संभाला और बचाव और राहत कार्य शुरु किए। घटना की कुछ तस्वीरें सामने आई जिसमें 700 फीट गहरी खाई में वाहन क्षतिग्रस्त दिखाई दे रहा है। घटनास्थल पर जवानों के शव, उनके सामान और कुछ कागजात बिखरे पड़े नजर आ रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक ट्रक जम्मू से श्रीनगर जा रहे काफिले का हिस्सा था।

### भारत सीमा में घुसे दो बांग्लादेशी युवक

**नई दिल्ली, ईएमएस।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद जारी तनाव के बीच अब भारत-बांग्लादेश बॉडर पर एक चौंकाने वाली घटना सामने आई। यहां दो बांग्लादेशी युवकों चोरी छिपे भारत के अंदर घुस गए। वह भारतीय सीमा के अंदर घुसते ही सीधा पश्चिम बंगाल के चाय बागान में पहुंच गए और मोबाइल से वीडियो रिकॉर्ड कर रहे थे, तभी सीमा पर पहरा दे रहे बीएसएफ के जवानों की नजर पड़ी। उन्होंने पहले तो उनका नाम पूछा और फिर उन पर बंदूक तान दी। ये घटना बांग्लादेश के पाटग्राम बॉर्डर पर स्थित गटियारभीटा सीमा क्षेत्र की है। एक रिपोर्ट के मुताबिक बीएसएफ के जवानों ने इन दोनों युवकों को हिरासत में ले लिया है।

### पंजाब पुलिस ने पकड़े दो जासूस

**अमृतसर, ईएमएस।** पंजाब पुलिस ने रविवार को दो जासूसों को पकड़ा है। पुलिस ने कहा कि दोनों सैन्य छावनी और एयरफोर्स बेस की इन्फार्मेशन और फोटोज विदेश भेज रहे थे। ये दोनों पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के ऑपरेटिव बताए जा रहे हैं। उधर, रूस में पाकिस्तान के राजदूत मोहम्मद खालिद जमाली ने भारत को परमाणु हमले की धमकी दी है। उन्होंने एक इंटरव्यू में कहा कि भारत पाकिस्तान पर अटैक करता है तो इस्लामाबाद पूरी ताकत से उसका जवाब देगा, चाहे वह न्यूक्लियर अटैक ही क्यों न हो। इस बीच पाकिस्तान लगातार एलओसी पर गोलीबारी कर सीजफायर तोड़ रहा है।

### पाकिस्तान से युद्ध की तैयारी: पीएम मोदी ने तीनों सेनाओं को दे रखा है फ्रीहैंड

# समंदर में लाइव फायरिंग कर रही भारतीय नौसेना

**लाइव फायरिंग ड्रिल चलेगी 7 मई तक...**

● नई दिल्ली, ईमएस



पहलगाम हमले के बाद भारत पाकिस्तान युद्ध के मुहाने पर खड़े हो गए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीनों सेनाओं को फ्रीहैंड दे दिया है। सेना ने भी अपनी तैयारी शुरु कर दी है। भारतीय नौसेना ने अरब सागर में अभ्यास शुरू कर दिया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक नौसेना ने शनिवार से ही लाइव फायरिंग ड्रिल भी शुरू कर दी है। यह ड्रिल 7 मई तक चलेगी। लाइव फायरिंग ड्रिल का मतलब होता है जब सेना बिल्कुल युद्ध की ही तरह अभ्यास करती हैं। इसमें पूरा युद्ध जैसा माहौल बनाया जाता है। हथियारों के टेस्ट और युद्ध की तैयारी के लिए ही यह एक्सरसाइज की जाती है।

रिपोर्ट के मुताबिक इससे पहले नेवी चीफ ऐडमिरल दिनेश के त्रिपाणी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बात की थी। उन्होंने मौजूदा अभ्यास और तैयारियों को लेकर पूरी जानकारी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दी थी।बता दें कि बीते कुछ दिनों से अपने एक्सक्लूजिव इकनॉमिक जोन में भारतीय नौसेना अरब सागर में युद्धाभ्यास करने में जुटी है। इसके अलावा युद्धपोतों को अलर्ट पर रखा गया है। सूत्रों का कहना है कि 1 मई को भारतीय नौसेना ने तटीय इलाकों में फायरिंग को लेकर हरी झंडी दे दी। यहां से लगभग 85 नॉटिकल माइल्स की दूरी पर ही पाकिस्तान भी अरब सागर में युद्धाभ्यास करने में जुटा हुआ है। समंदर में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास इंडियन कोस्ट गार्ड की नावों को तैनात कर दिया गया है। वहीं नौसेना ने समंदर में पूरी कमर कस ली है। कमर्शल शिप्स को सलाह दी गई है कि वे युद्धाभ्यास वाले इलाके से दूर ही रहें। इधर, पीएम मोदी ने भारतीय सेना को कार्रवाई के लिए खुली छूट दे दी। अब पाकिस्तान को सर्जिकल स्ट्राइक का भी डर सताने लगा है। पुलवामा में आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के अंदर घुसकर आतंकी ठिकानों को तबाह कर दिया था। अब दोनों ही तरफ सेनाएं युद्धाभ्यास कर रही हैं। वहीं पाकिस्तान लगातार 10 दिनों से एलओसी पर सीजफायर उल्लंघन की हिमाकत कर रहा है। भारतीय सुरक्षाबल पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब दे रहे हैं। इन परिस्थितियों में भारतीय नौसेना की लाइव ड्रिल तनाव की गंभीरता को बताती है। पाकिस्तान की सेना और सरकार दोनों ही घबराई हैं और आनन फानन में अपने हथियारों पर हाथ-पैर मारने लगी हैं। पाकिस्तान को भारत की तरफ से हमले का डर सता रहा है। बता दें कि 22 अप्रैल को कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों ने मासूम पर्यटकों पर हमला कर दिया था। पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों ने 26 लोगों की जान ले ली थी। इसके बाद प्रधानमंत्री मोदी ने कहा है कि पीड़ितों को न्याय जरूर दिलाया जाएगा। सबसे पहले केंद्र सरकार ने सिंधु जल संधि को निलंबित करने का फैसला किया। इसके बाद शॉर्ट वीजा वाले पाकिस्तानियों की भारत से विदाई कर दी गई।

### पाकिस्तान ने फिर दी गीदड़भभकी बोला हमला किया तो परमाणु बम से देंगे जवाब

**मास्को, (ईएमएस)।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव लगातार बढ़ता जा रहा है। इस बीच रूस में पाकिस्तान के राजदूत मुहम्मद खालिद जमाली ने भारत को खुलेआम परमाणु हमले की धमकी दी है। उन्होंने कहा कि यदि भारत पाकिस्तान पर हमला करता है तो इस्लामाबाद पूर्ण शक्ति का उपयोग करेगा, जिसमें परमाणु हथियार भी शामिल हैं।

एक इंटरव्यू में जमाली ने दावा किया कि कुछ लीक दस्तावेजों के अनुसार भारत पाकिस्तान के कुछ क्षेत्रों पर हमला करने की योजना बना रहा है। स्थिति बेहद गंभीर हो गई है। उन्होंने कहा, भारत की उन्मादी मीडिया और वहां से आ रहे गैर-जिम्मेदाराना बयानों ने हमें यह सोचने पर मजबूर किया है कि हमला कभी भी हो सकता है। हमने अपनी तैयारी पूरी कर ली है। उन्होंने आगे कहा, भारत और पाकिस्तान के बीच हम संख्यात्मक ताकत की बहस में नहीं पड़ना चाहते। हम पारंपरिक और परमाणु दोनों प्रकार की पूरी सैन्य शक्ति का उपयोग करेंगे।इससे पहले, पाकिस्तान के मंत्री हनीफ अब्बासी ने भी भारत को परमाणु प्रतिक्रिया की धमकी दी थी। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के पास घोरी, शाहीन और गजनवी जैसे मिसाइल सिस्टम और 130 परमाणु हथियार हैं। उन्होंने कहा था कि ये केवल भारत के लिए रखे गए हैं। उन्होंने यह भी कहा कि यदि भारत सिंधु जल संधि को निलंबित करता है और पाकिस्तान का जल प्रवाह रोकता है तो वह इसे पूरे पैमाने पर युद्ध मानेंगे।

### नहीं मान रहा पाकिस्तान लगातार दसवें दिन भी कर दी सीमा पर फायरिंग, भारत ने दिया जवाब

**जम्मू, ईएमएस।** पाकिस्तान आर्मी लगातार सीमा पर गोलीबारी कर रही है। दसवें दिन भी यह सीजफायर का उल्लंघन जारी रहा। भारतीय सेना के मुताबिक 3 और 4 मई की आधी रात में पाकिस्तान की तरफ से बिना किसी वजह के ही छोटे हथियारों से गोलीबारी की गई। पिछले दस दिनों में पाकिस्तान आर्मी की तरफ से किया गया यह संभावित सबसे बड़ा सीजफायर उल्लंघन था, जिसमें एक साथ कई पाकिस्तानी चौकियों ने हिस्सा लिया। बता दें कि भारत और पाकिस्तान द्वारा संघर्ष विराम समझौते को 25 फरवरी 2021 को आगे बढ़ाया गया था। इसके बाद एलओसी और अंतरराष्ट्रीय सीमा पर गोलीबारी की घटनाएं बहुत कम हो गई थी। पहलगाम में आतंकवादी हमले के बाद भारत द्वारा सिंधु जल संधि को निलंबित किए जाने के कुछ घंटों बाद 24 अप्रैल की रात से पाकिस्तानी सैनिक एलओसी पर विभिन्न स्थानों पर बिना उकसावे के गोलीबारी कर रहे हैं।

भारतीय सेना के अनुसार, पाकिस्तानी सेना ने जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा, बारामूला, पुंछ, राजौरी, मेंढर, नौशेरा, सुंदरबनी और अखनूर के सामने स्थित एलओसी पर बिना उकसावे के छोटे हथियारों से गोलीबारी की गई। हमारी तरफ से भी इस सैनिकों ने इस अकारण गोलीबारी का उचित और संतुलित जवाब दिया। हालांकि हल्के हथियारों से की गई इस गोलीबारी की वजह से किसी के हताहत या घायल होने की जानकारी नहीं है। उत्तरी कश्मीर के कुपवाड़ा और बारामूला जिलों में एलओसी के पास कई चौकियों पर बिना उकसावे के छोटे हथियारों से गोलीबारी शुरू करने के बाद, पाकिस्तानी सैनिकों ने पुंछ सेक्टर और फिर जम्मू क्षेत्र के अखनूर सेक्टर में भी संघर्ष विराम का उल्लंघन किया। इसके बाद राजौरी जिले के सुंदरबनी और नौशेरा सेक्टर में एलओसी के पास कई चौकियों पर छोटे हथियारों से गोलीबारी की गई। पुंछ जिले के मेंढर और जम्मू जिले के परगवाल सेक्टर में अंतरराष्ट्रीय सीमा पर भी गोलीबारी की गई। भारत और पाकिस्तान के सैन्य अधिकारियों (डीजीएमओ) के बीच हाल में 'हॉटलाइन' पर बातचीत हुई थी। ऐसा बताया गया है कि इस दौरान भारत ने पाकिस्तान की ओर से बिना उकसावे के की जा रही गोलीबारी को लेकर उसे चेतावनी दी थी।

### योग गुरु बाबा शिवानंद का 128 साल की उम्र में निधन

**वाराणसी, ईएमएस।** पद्मश्री बाबा शिवानंद का 128 साल की उम्र में शनिवार की रात निधन हो गया। वे रोजाना तीन दरवाजों से तीन अंजुरी



भीख ही स्वीकार करते थे इससे ज्यादा कुछ नहीं। कभी मुद्रा को हाथ नहीं लगाते थे, मतलब धन दौलत से कोसों दूर थे। 78 साल की आयू में पहली बार उन्होंने दान देने के लिए मुद्रा को छुआ था। उनके निधन की सूचना पाकर पश्चिम बंगाल, असम, ओडिशा, बिहार, झारखंड, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, कर्नाटक प्रदेश के विभिन्न शहरों में रहने वाले बाबा के अनुयायियों में से कुछ ने काशी के लिए प्रस्थान कर दिया है। वहीं कुछ संसाधनों की प्रतीक्षा में हैं।

रोजाना तीन दरवाजों से तीन अंजुरी भीख ही स्वीकार करना इसकी शर्त है। 1896 से 1900 तक यथावत रहे दुर्भिक्ष ने तत्कालीन भारत (वर्तमान में बांग्लादेश) के श्रीहट्ट जिले में माधुकरी दंपति श्रीनाथ गोस्वामी और उनकी पत्नी भगवती देवी की परीक्षा ली। स्वयं सहित बेटी आरती और दुधमुंहे शिवानंद का पेट पालना दुरूह था। चार वर्ष तक चुनौतियों से जूझने के बाद आखिर वह चमत्कारी दिन आया जब नवद्वीप से निकले संत ओंकारानंद गोस्वामी ने याज्ञवल्क्य द्वारा कठोपनिषद में लिखे मंत्र 'चरनवै मधुविंदति...'को चरितार्थ करते हुए माधुकरी के अमृत पुत्र की पहचान की। उन्होंने चार वर्ष के शिवानंद को उनके माता-पिता से मांग लिया। यहीं से एक बालकरूपी मानव के महामानव बनने की यात्रा का आरंभ हुआ। 129 वर्ष के सुदीर्घ जीवन के बाद महामानव बाबा शिवानंद शनिवार की रात धराधाम से महाप्रयाण कर गए। 1925 में गुरु ने एक पत्र देकर उन्हें विश्व भ्रमण पर भेजा। 29 वर्ष के शिवानंद सबसे पहले लंदन पहुंचे। उनकी प्रथम लंदन यात्रा की स्मृति में अब वहां उनकी शिष्या डॉ. शर्मिला सिन्हा ने शिवानंद आश्रम बनाया है।

### भारत और अमेरिका में सुबह-सुबह आया भूकंप

**नई दिल्ली, ईएमएस।** अमेरिका और भारत के कई हिस्सों में रविवार सुबह भूकंप के झटके लगे। हालांकि अब तक किसी भी तरह के जान-माल के नुकसान की खबर नहीं है, बार-बार आ रहे भूकंपों ने लोगों में डर का माहौल है। अमेरिका में सबसे पहले रविवार सुबह 7.17 मिनट पर तेज भूकंप आया। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 5.4 मापी गई। यह भूकंप न्यू मैक्सिको के कार्लसबाद शहर से करीब 89 किलोमीटर दूर व्हाइट सिटी में केंद्रित था। भूकंप का केंद्र जमीन की सतह से 7.5 किलोमीटर की गहराई पर स्थित था। इस भूकंप से किसी भी प्रकार के जान-माल की हानि की खबर नहीं है। बता दें अभी कुछ दिन पहले ही म्यांमार और थाईलैंड में आए विनाशकारी भूकंपों और इंडोनेशिया, अर्जेंटीना व चिली में 6 से 7 तीव्रता के झटकों के बाद भूकंप ने लोगों में दहशत पैदा कर दिया थी।



मैड्रिड में जीत के बाद ट्रॉफी उठाये हुए बेलारुस की महिला टेनिस स्टार आर्यका सबालेंका।(फोटो-ईएमएस)

### राहुल गांधी ने अमेरिका में सिख छात्र के सवाल का दिया जवाब, वीडियो वायरल

## मैं जिम्मेदारी लेता हूं, 1980 के दशक में जो हुआ वह गलत था



**नई दिल्ली, ईएमएस।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में राहुल गांधी अमेरिका में एक कार्यक्रम के दौरान लोगों से बात कर रहे हैं। इस दौरान एक सिख छात्र ने राहुल गांधी से 1984 के दंगों और सिखों के मुद्दों पर सवाल पूछे। छात्र ने राहुल गांधी से कहा कि आपने कहा कि राजनीति निडर होनी चाहिए, डरने की कोई बात नहीं होनी चाहिए, लेकिन हम सिर्फ कड़ा पहनना, पगड़ी बांधना नहीं चाहते, हमें अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता चाहिए, जिसकी कांग्रेस पार्टी के शासन में अनुमति नहीं थी।

छात्र ने कांग्रेस पर सिख आवाजों को अनसुना करने और 1984 के दंगों के आरोपियों को बचाने का भी आरोप लगाया। इस सवाल का जवाब देते हुए राहुल गांधी ने कहा कि मैं जिम्मेदारी लेता हूं, 1980 के दशक में जो हुआ वह गलत था। एक यूजर ने ट्वीट करते हुए लिखा कि ब्राउन यूनिवर्सिटी में सिखों के लिए राहुल गांधी के मगरमच्छ के आंसू एक अपमान हैं। वह दावा करते हैं कि बीजेपी पगड़ी और कड़ा को खतरे में डालती है, लेकिन कांग्रेस ने इंदिरा गांधी की हत्या के बाद 1984 के सिख विरोधी दंगों को अंजाम दिया। यूजर ने आगे लिखा कि कांग्रेस नेता सज्जन कुमार को 2018 में दिल्ली छावनी में हुए हत्याकांड में दोषी पाया गया था। आरोप है कि कांग्रेस ने सालों तक उन्हें बचाया। कांग्रेस पर ये भी आरोप है कि वो दंगों के आरोपियों को बचाती है और सिखों की बोलने की आजादी पर हमला करती है।

## आतंकवाद एक नासूर, हर मुस्लिम इसके खिलाफ करे बुलंद आवाज

### जमीयत उलेमा-ए-हिंद ने प्रस्ताव पारित कर की पहलगाम हमले की निंदा

**नई दिल्ली, ईएमएस।** जमीयत उलेमा-ए-हिंद ने दो दिवसीय वर्किंग कमेटी की बैठक के दौरान पहलगाम में हुए कायराना आतंकी हमले की कड़ी निंदा करते हुए सर्वसम्मति से एक प्रस्ताव पारित किया है।




जमीयत ने कहा कि पहलगाम हमला केवल जम्मू-कश्मीर ही नहीं पूरे देश के लिए एक दुखद घटना है इसके आरोपियों को सख्त से सख्त सजा मिलनी चाहिए। प्रस्ताव में जहां हमले में मारे गए निर्दोष लोगों को श्रद्धांजलि दी गई, वहीं घायलों के जल्द ठीक होने के लिए प्रार्थना की गई। बैठक की अध्यक्षता हज़रत मौलाना सैयद अरशद मदनी ने की। जमीयत ने अपने प्रस्ताव में दो टूक शब्दों में कहा कि आतंकवाद एक नासूर है, जो इस्लाम की शांति नीति के विपरीत है, इसलिए इसके विरुद्ध आवाज़ उठाना हर मुसलमान की ज़िम्मेदारी है। हर मुस्लिम को इसके खिलाफ आवाज बुलंद करनी चाहिए। संगठन ने कश्मीरी जनता की भाईचारे, सहानुभूति और इंसानियत के जज़्बे की सराहना करते हुए कहा उन्होंने न केवल वहां मौजूद पर्यटकों को सुरक्षा प्रदान की, बल्कि कठिन परिस्थितियों में अपने घरों के दरवाज़े और मदरसे भी खोल दिए, लोगों को मुफ्त भोजन का प्रबंध किया और टैक्सी चालकों ने किराया तक नहीं लिया। उन्होंने यह साबित कर दिया कि कश्मीर सिर्फ़ खूबसूरती ही नहीं, बल्कि इंसानियत का का भी पैगाम देता है। जमीयत ने प्रस्ताव में केंद्र सरकार से मांग की है कि इस बर्बर हमले में शामिल आतंकियों को जल्द से जल्द न्याय के कठघरे में लाया जाए और उन्हें कड़ी से कड़ी सज़ा दी जाए। जमीयत ने साफ कहा कि आतंकवाद के खिलाफ भारत सरकार जो भी जरुरी कदम उठाएगी, संगठन उसका पूरी तरह से समर्थन करेगा। जमीयत ने साथ ही उन तत्वों की भी आलोचना की जो इस हमले के बाद समाज और देश में नफरत फैलाने की कोशिश कर रहे हैं।



## हम उनके जैसे क्रूर नहीं हैं, हम उन्हें नहीं मारेंगे: फारुख अब्दुल्ला

**जम्मू, ईएमएस।** जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारुख अब्दुल्ला ने सिंधु जल संधि का जिक्र करते हुए एक बयान दिया है। उन्होंने कहा कि नई दिल्ली ने भले ही इस्लामाबाद को पानी बंद करने की चेतावनी दी हो लेकिन हमारा इरादा कभी भी पाकिस्तानी आम जनता को नुकसान पहुंचाने का या उनकी जान लेना का नहीं होता। उन्होंने भारत को गांधी का देश बताया। उन्होंने कहा, भारत, गांधी का देश है, हमने उन्हें धमकी दी है कि हम सिंधु का पानी रोक देंगे, लेकिन हम उन्हें मारेंगे नहीं। हम उनके जैसे क्रूर नहीं है।

फारुख अब्दुल्ला ने पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो के बयान को नजरअंदाज करते हुए कहा कि ऐसे बयानों को अहमियत नहीं देनी चाहिए क्योंकि अगर हम इन्हें अहमियत देंगे तो कभी भी आगे नहीं बढ़ पाएंगे। मैं यह काफी लंबे समय से कहता आया हूं कि सिंधु जल संधि पर फिर से बात होनी चाहिए.. यह नदियां हमारी हैं और हम ही पानी के लिए परेशान रहते हैं। उन्होंने कहा, जो भी लोग घाटी में और पर्यटकों के मन में डर फैलाना चाहते थे वह हार गए हैं। आतंकवादी हार गए हैं। आज यह तय हो गया है कि आम जनता के मन में कोई डर नहीं है। स्थानीय लोग भी चाहते हैं कि अब आतंकवाद को खत्म हो जाना चाहिए। 35 साल हो गए.. 35 साल से यहां दहशत गर्दी है..अब हम विकास चाहते हैं.. हम आगे बढ़ना चाहते हैं.. किसी दिन एक बड़ी शक्ति बनना चाहते हैं। पूर्व सरकारों पर आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि जब भारत और पाकिस्तान के बीच सिंधु जल संधि की जा रही थी, उस वक्त कश्मीर के लोगों को विश्वास में नहीं लिया गया था। इस संधि से सबसे ज्यादा नुकसान जम्मू-कश्मीर के लोगों का ही हुआ है। एनसी के चीफ ने सरकार सरकार के फैसले का स्वागत करते हुए अपील की कि अब सरकार को यह पानी को जम्मू के लोगों तक पहुंचाने की व्यवस्था करनी चाहिए।

### झारखंड में नक्सलियों ने फिर मचाया उत्पात, कई गाड़ियां फूंकी

**लातेहार, ईएमएस।** झारखंड में लातेहार जिले के चंदवा थाना क्षेत्र अंतर्गत तोरीसोत गांव में शनिवार रात नक्सलियों ने उत्पात मचाया। खनिज सर्वे करने वाली कंपनी की साइट पर हमला कर दो ड्रिलिंग मशीन समेत आठ मशीनों को नक्सलियों ने आग के हवाले कर दिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद लातेहार एसपी के निर्देश पर पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची और जांच शुरू की। घटना में सभी वाहन जलकर खाक हो गए।

पुलिस टीम ने पूरे इलाके को सील कर छापामारी भी शुरु कर दी है। घटना को अंजाम किस संगठन ने दिया है? इसकी सूचना नहीं मिल सकी है, लेकिन लोगों का कहना है कि जिस प्रकार से घटना को अंजाम दिया गया है यह माओवादी संगठन का हाथ हो सकता है। फिलहाल पुलिस इस संबंध में जानकारी जुटा रही है। कंपनी की ओर से क्षेत्र में कोयले का सर्वे किया जा रहा था।

## पाकिस्तानी सांसद बोले- पीएम मोदी मेरी खाला के बेटे नहीं, जो मेरा कहना मान जाएंगे

**इस्लामाबाद, ईएमएस।** भारत की ताकत और युद्ध की तैयारियों को देखकर पाकिस्तान डरा हुआ है और वहां के नेता भागने की फिराक में हैं। पाकिस्तानी सांसद शेर अफजल खान मारवत ने साफ कह दिया कि हम तो इंग्लैंड चले जाएंगे। जब उनसे पूछा गया कि पाकिस्तानी सरकार पीएम नरेंद्र मोदी से बात करके रास्ता निकाल ले। इस पर उन्होंने कहा कि पीएम मोदी मेरी खाला के बेटे नहीं हैं जो हमारे कहने पर शांत हो जाएंगे। बता दें कि भारत ने हाल ही में पाकिस्तान से होने वाले सभी आयात पर प्रतिबंध, पाकिस्तान के स्वामित्व वाले जहाजों के भारतीय बंदरगाहों पर डॉकिंग पर रोक और देश में पाकिस्तानी डाक और पार्सलों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया है।

भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध की आशंकाएं गहराती जा रही हैं। इस बीच पाकिस्तान की नेशनल असेंबली के सदस्य शेर अफजल खान मारवत के एक बयान ने सोशल मीडिया पर तूफान खड़ा कर दिया है। एक रिपोर्टर ने उनसे पूछा कि यदि भारत-पाकिस्तान के बीच युद्ध छिड़ जाए तो वे क्या करेंगे। मारवत ने बड़ी सहजता से जवाब दिया, अगर युद्ध बढ़ा तो मैं इंग्लैंड चला जाऊंगा।यह बयान कुछ ही घंटों में सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। लोगों ने पाकिस्तान की राजनीति पर तंज कसते हुए कहा कि जब नेताओं को अपनी सेना पर भरोसा नहीं है, तो आम जनता क्या उम्मीद करे? एक रिपोर्टर ने उनसे पूछा कि क्या प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तनाव कम करने के लिए संयम बरतना चाहिए तो मारवत ने व्यंग्यपूर्ण अंदाज़ में कहा, मोदी क्या मेरा खाला का बेटा है जो मेरे कहने से पीछे हट जाएगा?शेर अफजल खान मारवत पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ़ से जुड़े रहे हैं, लेकिन हाल के समय में उन्होंने पार्टी और नेतृत्व की आलोचना की। इससे नाराज होकर इमरान खान ने उन्हें पार्टी के कई अहम पदों से हटा दिया था।

### पुष्प वर्षा और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ खुले बद्रीनाथ धाम के कपाट

## चार धाम यात्रा 2025 का हुआ विधिवत शुभारंभ

● देहरादून, ईमएस

वैदिक मंत्रोच्चार की पावन ध्वनि, भक्तों की जय-जयकार और पुष्पवर्षा के बीच रविवार सुबह उत्तराखंड के बद्रीनाथ धाम के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए। कपाट खुलते ही मंदिर परिसर ÷जय बद्री विशाल÷ के नारों से गूंज उठा और गढ़वाल राइफल्स की सेना बैंड की मधुर धुनों ने माहौल को और भी ज्यादा भक्तिमय बना दिया।

ब्रदीनाथ धाम के कपाट खुलने की प्रक्रिया रविवार तड़के 4 बजे मंदिर समिति के अधिकारियों द्वारा परिक्रमा से शुरू हुई। इसके बाद 4¬30 बजे श्री कुबेर जी ने मंदिर परिक्रमा में प्रवेश किया। सुबह 5¬30 बजे द्वार पूजन प्रारंभ हुआ और ठीक 6 बजे कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए। इस शुभ अवसर पर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने स्वयं बद्रीनाथ धाम पहुंचकर भगवान बद्रीविशाल की पूजा-अर्चना की और भक्तों से बातचीत की। उन्होंने कहा, सभी व्यवस्थाएं पूरी कर दी गई हैं। श्रद्धालुओं की यात्रा को सुगम और सुरक्षित बनाने के लिए प्रशासन पूरी तरह तैयार है। मुख्यमंत्री धामी ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बद्रीनाथ मास्टर प्लान पर कार्य जारी है और जोशीमठ के पुनर्निर्माण व विकास के लिए केंद्र सरकार से ?1700 करोड़ की राशि स्वीकृत हुई है, जिसमें से ?292 करोड़ की पहली किस्त जारी हो चुकी है।

### धाम में रहा भव्य दृश्य, हेलीकॉप्टर से हुई पुष्पवर्षा

कपाट खुलते ही श्रद्धालुओं पर हेलीकॉप्टर से फूल बरसाए गए, जिससे पूरा धाम भक्ति मय वातावरण में डूब गया। मंदिर को इस विशेष अवसर पर 40 क्विंटल फूलों से सजाया गया था। इस साल बद्रीनाथ धाम परिसर में फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी पर प्रतिबंध लगाया गया है। उल्लंघन करने पर ?5,000 का जुर्माना लगाया जाएगा।



### चार धाम यात्रा पूरी तरह शुरू

30 अप्रैल को गंगोत्री और यमुनोत्री, 2 मई को केदारनाथ और अब बद्रीनाथ धाम के कपाट खुलने के साथ ही चारधाम यात्रा 2025 विधिवत रूप से शुरू हो चुकी है। प्रशासन ने सुरक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं को बढ़ाने के साथ-साथ आवागमन को भी सुचारू बनाने के लिए विशेष प्रबंध किए हैं।

### शंकराचार्य का आह्वान

जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्त`श्वरानंद सरस्वती महाराज ने कहा, यह दिन केवल उत्तराखंड ही नहीं, पूरे भारत के लिए शुभ है। श्रद्धालुओं को बड़ी संख्या में यहां आकर आध्यात्मिक ऊर्जा का अनुभव करना चाहिए।

### सीआरपीएफ के रिटायर्ड एसआई की बेटी ने फांसी लगाई

भोपाल(ईएमएस)। शहर के गांधी नगर थाना इलाके में स्थित रिषी विलास कॉलोनी में रहने वाले सीआरपीएफ के रिटायर्ड एसआई की बेटी ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस मौके से अंग्रेजी में लिखा सुसाइड नोट मिला है, इसमें सुनीता ने अपने माता-पिता को कई बार धन्यवाद देते हुए लिखा है कि आपने मुझे अच्छे से पढ़ाया-लिखाया। साथ ही खुदकुशी के लिए उसने खुद को जिम्मेदार ठहराया है।



### योग गुरु के निधन पर उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने शोक किया व्यक्त

भोपाल (ईएमएस)। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने काशी के प्रख्यात योग गुरु पद्म शिवानंद बाबा के निधन पर गहन शोक व्यक्त किया है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि पद्म शिवानंद बाबा जी के निधन का समाचार अत्यंत दुःखद है। उन्होंने योग, संयम और सेवा के माध्यम से मानवता को नई दिशा दी। उनका तपस्वी जीवन समाज के प्रत्येक व्यक्ति के लिए प्रेरणा का स्रोत है।



## फटाफट खबरें

### अवैध रुप से चल रहा था अहाता और रेस्टोरेंट, 13 गिरफ्तार

भोपाल(ईएमएस)। जहांगीराबाद पुलिस ने तीन मंजिला पुलिस लाइन के सामने शराब की दुकान के पास अवैध रूप से संचालित हो रहे अहाता और रेस्टोरेंट के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 13 लोगों को गिरफ्तार किया है। जानकारी के मुताबिक बीते दिन पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि तीन मंजिला पुलिस लाइन के सामने शराब की दुकान के बाजू में अवैध रूप से अहाता संचालित किया जा रहा है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर अहाता संचालक आशू वाजपेयी व अहाता रेस्टोरेंट में शराब पीते मिले 11 लोगों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई कर केस दर्ज किया है। कार्यवाही के दौरान ही पुलिस ने मौके से अवैध शराब सहित अन्य सामग्री बरामद की है। शराब की दुकान के बारे में पुलिस ने पत्र के माध्यम से आबकारी विभाग को भी सूचना दी है।

### महिला का बाइक सवार बदमाश ने कीमती बैग झपटा

भोपाल(ईएमएस)। मंगलवारा थाना इलाके में स्थित संगम टॉकीज तिराहा पर बीती अल सुबह बाइक सवार बदमाशों ने आटो में सफर कर रही निजी स्कूल की महिला टीचर का कीमती पर्स झपट लिया और चंपत हो गए। पर्स में आठ मोती लगा सोने का पैंडल, चांदी की चार बिछिया, मोबाइल समेत नगदी रखी थी। पुलिस के अनुसार अभिलाषा प्रताप पति संजय प्रताप (42) ने अपनी शिकायत में बताया की वह मूल रुप से गढ़ाशाही नाका, थाना संजीवनी नगर जबलपुर की रहने वाली है, और एक निजी स्कूल में टीचर हैं। रिश्तेदारी में शादी होने के कारण वह उसमें शामिल होने इंदौर गई थी। शादी समारोह के बाद वह भोपाल के तलैया क्षेत्र में रहने वाले अपने भाई संजय रावत से मिलने के लिये ट्रेन से शनिवार सुबह भोपाल पहुंची। उनके साथ उनकी बहन सुनीता रावत और भतीजा शनि रावत और उसकी पत्नी निक्की रावत भी थी। अभिलाषा आटो में गेट के पास बैठी थी। जैसै ही ऑटो संगम तिराहा पहुंचा तभी ऑटो के पीछे से आए बाइक सवार दो बदमाशो में से पीछे बैठे युवक ने तेजी से झपट्टा मारकर उनके कंधे पर लटका बैग झपट लिया।

### होज में डूबने से 6 साल के मासूम की मौत

भोपाल(ईएमएस)। ईटखेड़ी थाना इलाके में स्थित ग्राम निपानिया जाट के पास भैसों की डेयरी में बनी पानी की होज में डूबने से 6 साल के मासूम किशोर की जान चली गई। पुलिस का अनुमान है की मासूम गर्मी होने पर नहाने के लिये होज में कूदा होगा है। फिलहाल मर्ग कायम कर पुलिस आगे की जांच कर रही है। थाना पुलिस ने बताया की मूलरूप से गंज बासौदा के रहने वाले विजय रावत फिलहाल नई बस्ती गांधी नगर में रहते हुए निपानिया जाट टोल के पास बनी भैसों की डेयरी में बीते 6 महीने से पत्नी के साथ काम करते है। डेयरी में ही भैंसों के पानी पीने के लिए एक होज बनाई गई है। सुबह करीब 10 बजे जब सत्यम काफी देर से नजर नहीं आया तब पिता उसे देखते हुए पानी की होज के पास पहुचें तो उन्हें पानी में बेटे सत्यम का शरीर डूबा हुआ नजर आया।

### आर्थिक गड़बड़ी करने वालों पर नहीं हुई कार्रवाई

# वित्तीय संकट में डूबे सहकारी बैंक



भोपाल। मप्र के सहकारी बैंकों की हालत इतनी बदतर हो चुकी है कि जमाकर्ता अपनी ही जमा पूंजी के लिए तरस रहे हैं। उधर, सहकारी बैंकों में गड़बड़ी करने वालों के खिलाफ न जांच पूरी हो पाई है और न ही दोषियों पर कार्रवाई। इसका परिणाम यह हो रहा है कि प्रदेश के अधिकांश सहकारी बैंक वित्तीय संकट में डूबे हुए हैं। 4,539 हजार प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों में से लगभग आधी घाटे में हैं। 38 जिला सहकारी केंद्रीय बैंकों में से नौ की स्थिति यह है कि वे सदस्यों को ऋण तक उपलब्ध नहीं करा पा रहे हैं। बैंकों में कई सौ करोड़ रुपये के घोटाले हो गए लेकिन न जांच पूरी हुई और न ही दोषियों के विरुद्ध ठोस कार्रवाई अब तक हुई। दूसरी ओर उपभोक्ता परेशान हैं, उनकी जमा पूंजी ही उन्हें नहीं मिल पा रही है।

गौरतलब है कि किसानों के आर्थिक सशक्तीकरण और रोजगार के अवसर ज्यादा से ज्यादा उपलब्ध कराने के लिए मोदी सरकार ने सहकार को मंत्र बनाया है। सहकारिता मंत्रालय बनाकर इसकी कमान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को सौंपी गई, लेकिन मप्र में सहकारिता के बुरे हाल हैं। मंत्री सहकारिता विभाग विश्वास सारंग का कहना है कि किसी भी तरह का घोटाला बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अलग-अलग बैंकों को इस संबंध में नोटिस दिए गए हैं। इस तरह के घोटाले न हों यह सुनिश्चित किया जाएगा। किसी भी दोषी को छोड़ा नहीं जाएगा, ऐसे घोटालेबाजों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

**प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियां घाटे में:** प्रदेश में सहकारिता की बदहाली के आलम यह है कि 4,539 हजार प्राथमिक कृषि साख सहकारी समितियों में से लगभग आधी घाटे में हैं। 38 जिला सहकारी केंद्रीय बैंकों में से नौ की स्थिति यह है कि वे सदस्यों को ऋण तक उपलब्ध नहीं करा पा रहे हैं। बैंकों में कई सौ करोड़ रुपये के घोटाले हो गए लेकिन न जांच पूरी हुई और न ही दोषियों के विरुद्ध ठोस कार्रवाई अब तक हुई। दूसरी ओर उपभोक्ता परेशान हैं, उनकी जमा पूंजी ही उन्हें नहीं मिल पा रही है। इसे शिवपुरी जिला सहकारी केंद्रीय बैंक में हुए 100 करोड़ रुपये के घोटाले से ही समझा जा सकता है। इसमें 13 नामजद आरोपित हैं, लेकिन इन पर अब तक कार्रवाई नहीं हुई। समिति प्रबंधन वित्तीय संकट में डूबे सहकारी बैंक की राशि डकार गए। अब स्थिति यह है कि बैंक के पास उसके उपभोक्ताओं को लौटाने के लिए रुपये नहीं हैं। जिले की दर्जनों समितियों ने खाद आदि की राशि ही बैंक में जमा नहीं की है। प्रदेश में शिवपुरी जिले के अलावा सतना, दतिया, झाबुआ, सीधी में ट्रैक्टर घोटाला एवं होशंगाबाद में ऋण वितरण में गड़बड़ी सहित कई मामले उजागर हो चुके हैं। इससे अब सहकारी संस्थाएं कंगाल हीने लगी हैं - और उनकी निर्भरता सरकार के ऊपर बढ़ गई है। दतिया जिला सहकारी केंद्रीय बैंक की शाखाओं में भी करोड़ों रुपये की गड़बड़ी सामने आ चुकी है। कार्रवाई करने के आश्वासन दिए गए पर कोई परिणाम नहीं निकला। शिवपुरी में डीएमओ से खाद लेकर किसानों को बेच दिया, लेकिन इसका पैसा डीएमओ के खाते में जमा नहीं करवाया। भुगतान के संबंध में जिला सहकारी बैंक की ओर से समिति प्रबंधकों को कई नोटिस जारी किए, लेकिन भुगतान नहीं किया गया।

#### तरह-तरह से किए घोटाले

सहकारी बैंकों में तरह-तरह से घोटाले किए गए हैं। सतना केंद्रीय सहकारी बैंक में किसानों के नाम पर छह करोड़ के फर्जी लोन घोटाले की जांच भी लंबित है। सहकारी समिति देवरी चुरहटा में वर्ष 2015 में समिति प्रबंधक, समिति अध्यक्ष, केंद्रीय बैंक के प्रबंधक और पर्यवेक्षक ने सांठगांठ कर 603 किसानों के नाम से फर्जी कर्ज स्वीकृत किया और फिर यह राशि निकाल ली। समिति ने छह करोड़ की बंदरबांट की। कर्ज की राशि 2016 में जमा पहीं होने के कारण बैंक ने किसानों के नाम ऋण वसूली के नोटिस जारी किए थे। किसानों ने इसकी शिकायत जिला प्रशासन से भी की। वहीं ऋण माफी योजना के नाम पर झाबुआ जिले की थांदला आदिम जाति सोसाइटी में डेढ़ करोड़ का घोटाला उजागर हुआ। तीन सदस्यीय जांच दल गठित किया गया। जांच में पाया गया कि किसानों के फर्जी नाम से दो करोड़ 40 लाख रुपये की ऋण माफी बताते हुए शासन से अधिक पैसे मांगे गए हैं। इस मांग के विरुद्ध एक करोड़ 47 लाख रुपये मिल गए। जिला सहकारी बैंक सीधी ने 1100 ट्रैक्टर फाइनेंस किए। सामान्यत: प्रदेश में इतने ट्रैक्टर फाइनेंस नहीं होते हैं। घपले का अंदेशा लगने पर पड़ताल कराई तो चौंकाने वाले खुलासे हुए। यहां फाइनेंस किए गए करीब 114 ट्रैक्टर किसी और के नाम पर पंजीकृत निकले। मोपेड सहित अन्य वाहनों के नंबर भी पाए गए। 167 कर्मचारियों की भर्ती में भी फर्जीवाड़ा हुआ।

## रुचि बाहर से नहीं मिलती उसे अंदर से प्रकट करने की आवश्यकता

### अधूरे मन से किया कार्य सफल नहीं होता

भोपाल, ईएमएस।



अरुचि एक ऐसी दुर्वलता है, जो हमें लौकिक और परमार्थिक दौनों क्षेत्रों में कमजोर बनाती है÷उपरोक्त उदगार मुनि श्री प्रमाण सागर महाराज ने अवधपुरी में प्रातःकालीन धर्मसभा में व्यक्त किये। मुनि संघ के प्रवक्ताअविनाश जैन विद्यावाणी ने बताया पांच मिनट के ÷भावनायोग÷ से मुनि श्री ने अरुचि को रुचि में परिवर्तित करते हुये कहा कि आधे अधूरे मन से कोई भी कार्य कभी अच्छा नही होता, जो भी कार्य करो पूर्ण रुचि और निष्ठा के साथ करोगे तो उसमें लाभ मिलेगा और आनंद भी आऐगा अरुचि से किये गये कार्य में गुणवत्ता में कमी आती है यदि कोई कार्य आपको दिया जा रहा है तो उस कार्य के प्रतिअपनी रुचि जाग्रत करो उन्होंने विद्यार्थियों को सम्वोधित करते हुये कहा कि मन लगाकर निश्चित समय तक पड़ाई करो लेकिन व्यवहारिकता से अपने आपको अलग मत करो ÷अरुचि पूर्वक जीवन प्राण विहीन जीवन कहलाता है, ÷जो भी कार्य करना है रुचि पूर्वक करोगे तो उत्साह अपने आप जाग्रत होगा

रुचि बाहर से नहीं मिलती उसे अंदर से प्रकट करने की आवश्यकता होती है मुनि श्री ने प्रक्टिकल कराते हुये कहा कि अच्छे कार्यों की प्रशंसा करो और बुरे कार्यों,दुष्कृत्य की निंदा करो और तथा नित्य प्रति अपने संकल्पों को दौहरायगे तो आपको आनंद आऐगा आपके अंदर आध्यात्म के प्रति रुचि जाग्रत हो जाऐगी

मुनि श्री ने कहा कि देखने में आता है कि दुनियादारी के काम में तो मनुष्य दौड़दौड़ कर जाते है लेकिन धार्मिक कार्यों में उनको ठेल ठेल कर भेजना पड़ता है, जोअंदर के उत्साह को ठंडा करता है अरुचि के कारण जो कार्य सहज है वह भी अरुचिकर लगने लगते है इस अवसर पर मुनि श्री संधान सागर महाराज सहित समस्त क्षुल्लक मंचासीन रहे ।

## मां ने नहीं की थी 14 साल के बेटे की हत्या, फिर भी 57 दिन जेल

भोपाल/गुना(ईएमएस)। एमपी के 14 साल के नाबालिग अभ्युदय जैन की सदिग्धं हालत में हुई मौत के सही कारणो का खुलासा आखिरकार एसआईटी ने कर दिया है। इस मामले में पुलिस ने जल्दबाजी करते हुए मृतक अभ्युदय जैन की मॉ को हत्या का सदिंग्ध आरोपी मानते हुए 57 दिन पहले ही जेल भेज दिया था। वहीं कई बिंदुओ के आधार पर की गई जॉच रिर्पोट में बताया गया है, की अभ्युदय जैन की मौत हत्या नहीं, आत्महत्या का मामला था। पूरे मामले में

जिला अस्पताल की पीएम रिपोर्ट और जल्दबाजी में की गई पुलिस विवेचना के चलते मां अलका जैन पर जहॉं बेटे की हत्या का आरोप लगा वहीं बेगुनाह होने के बाद भी कई दिनो तक वह जेल मे भी रही। किरकिरी होने के बाद पुलिस अब प्रकरण में खारिज रिपोर्ट लगाने की बात कह रही है। मामले में जानकारी के अनुसार मॉ अलका जैन 14 फरवरी 2025 की रात करीब 8 बजे बैडमिंटन खेलकर वापस लौटी तो घर का दरवाजा बंद मिला। मकान मालिक से चाबी लेकर अंदर जाने पर उन्हें अपने आंठवी में पढ़ने वाले बेटे अभ्युदय का शरीर घर के बाथरूम में टॉवल हैंगर से लटका मिला। मामले में जिला अस्पताल की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में अभ्युदय की मौत का कारण गला घोंटना बताया गया था। पीएम रिर्पोट के आधार पर पुलिस ने जल्दबाजी दिखाते हुए मामले में 22 फरवरी को अज्ञात आरोपी के खिलाफ हत्या का प्रकरण दर्ज किया। शुरुआती छानबीन के बाद 8 मार्च को अलका को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। लेकिन अलका ने पूछताछ में बेटे की हत्या करने की बात स्वीकार नहीं की। अलका के पति अनुपम जैन ने कई बिंदुओं को सदिग्ध बताते हुए डीजीपी से शिकायत दी।

## उज्जैन की 12 सड़कों का होगा चौड़ीकरण

### सिंहस्थ 2028 के लिए अधोसंरचना विकास कार्यों को दी जा रही है रफ्तार

भोपाल, ईएमएस।



उज्जैन में वर्ष 2028 में आयोजित होने वाले सिंहस्थ महाकुंभ को लेकर अधोसंरचना विकास कार्यों को रफ्तार दी जा रही है। प्रयागराज कुंभ के अनुभवों को ध्यान में रखते हुए मध्यप्रदेश सरकार ने ट्रैफिक दबाव को नियंत्रित करने के लिए व्यापक योजना बनाई है। इसमें उज्जैन शहर की 12 प्रमुख सडक़ों को चौड़ा करने और हरिफाटक पुल के निर्माण जैसे महत्वपूर्ण कार्य शामिल हैं। मुख्य सचिव की अध्यक्षता में गठित उच्च स्तरीय समिति ने हाल ही में इन प्रस्तावों को मंजूरी दी है। प्रस्तावित योजना के तहत शहर की कई सिंगल लेन सडक़ों को टू लेन किया जाएगा। इस कार्य पर लगभग 300 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। चौड़ीकरण की जद में आने वाले घरों, दुकानों, मंदिरों और अन्य अतिक्रमणों को हटाने की कार्रवाई प्रारंभ कर दी गई है। इसी योजना के अंतर्गत 259.01 करोड़ रुपये की लागत से हरिफाटक क्षेत्र में एक नए पुल का निर्माण भी किया जाएगा, जो शहर के यातायात को बेहतर बनाने में अहम भूमिका निभाएगा।

**ये सडक़ें होंगी चौड़ी:** प्रमुख सडक़ों में कंठाल चौराहा से इंदौर गेट, गाड़ी अड्डा से रणकेश्वर महादेव, टैगोर चौराहा से दो तालाब, हामुखेड़ी से देवार रोड, शांति नगर से नीलगंगा, हनुमान नाका से हरिफाटक और महाकाल सवारी मार्ग शामिल हैं। महाकाल सवारी मार्ग का चौड़ीकरण सबसे अधिक 64 करोड़ की लागत से किया जाएगा।

#### ट्रैफिक नियंत्रण के लिए बनेगा बाहरी पार्किंग सिस्टम

बाहरी जिलों से आने वाले वाहनों के दबाव को कम करने के लिए विशेष पार्किंग व्यवस्था की जा रही है। सरकार की योजना है कि प्रदेश के बाहर से आने वाले वाहनों को उज्जैन में प्रवेश से पहले पास के जिलों में रोका जाए और वहां से लोकल ट्रांसपोर्ट के जरिये श्रद्धालुओं को शहर तक पहुंचाया जाए। भीड़ को देखते हुए नगर निगम शहर के चार कोनों- उत्तर, दक्षिण, पूर्व और पश्चिम में कचरा ट्रांसफर सेंटर स्थापित करेगा। इस पर करीब 20 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। वहीं, कपिल गौशाला के विस्तार और संवर्धन के लिए भी 11.50 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं।

## सीएम डॉ. मोहन ने वकीलों को दी सौगात

### लॉयर्स चैंबर और मल्टीलेवल पार्किंग का किया भूमिपूजन

भोपाल, ईएमएस।



मप्र हाईकोर्ट के अधिवक्ताओं को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बड़ी सौगात दी है। जबलपुर स्थित एमपी हाईकोर्ट परिसर में भव्य मल्टीलेवल पार्किंग और लॉयर्स चैंबर का निर्माण होने जा रहा है। करीब 117 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले इस मल्टीपरपज बिल्डिंग में वकीलों के लिए तमाम सुविधा रहेंगी। मप्र हाईकोर्ट के अधिवक्ता पिछले लंबे समय से लॉयर्स चैंबर की कमी और अव्यवस्थित पार्किंग की समस्या से जूझ रहे थे और हर बार उनके द्वारा यह मांग उठाई जाती रही लेकिन अब जाकर उनकी इस मांग को पूरा किया जा रहा है। रविवार को एक गरिमामय समारोह में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने लॉयर्स चैंबर और मल्टी लेवल पार्किंग के निर्माण का भूमि पूजन किया। इस अवसर पर सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जेके माहेश्वरी, जस्टिस एससी शर्मा के अलावा मध्य प्रदेश हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत सहित अन्य न्यायाधीश गण और अधिवक्ता मौजूद रहे। वर्षों पुरानी मांग के पूरा हो जाने पर अधिवक्ताओं ने खुशी जताई है। उनका कहना है कि करीब 6000 अधिवक्ताओं को बैठने की पर्याप्त व्यवस्था नहीं थी। इसके अलावा अव्यवस्थित पार्किंग वकीलों के लिए एक बड़ी समस्या थी। मल्टीलेवल पार्किंग और लॉयर्स चैंबर के निर्माण के बाद वकीलों को इन तमाम समस्याओं से काफी राहत मिलेगी। मप्र हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष डीके जैन ने कार्यक्रम संपन्न होने के बाद मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि लंबे समय से सरकार से मांग की जा रही थी कि हाईकोर्ट में एक ऐसी बिल्डिंग हो जो कि अधिवक्ताओं के बैठने और उनकी गाडियों की पार्किंग की व्यवस्था हो।

### टर्न हो रहे ट्रक से टकराया बाइक सवार

भोपाल(ईएमएस)। बिलखिरिया थाना इलाके में स्थित रायसेन बायपास पर होटल रेशम राव के पास मेन रोड से गोदाम की तरफ टर्न हो रहे ट्रक में साइड से बाइक सवार टकरा गया। घटना में उसकी बाइक ट्रक के नीचे फंस गई थी, गनीमत रही की सिर पर हेलमेट पहने होने के कारण बड़ा हादसा होने से टल गया। लेकिन हेलमेट लगे होने के बाद भी उसके दो-तीन दांत टूटे है। मिली जानकारी के अनुसार हथाई खेड़ा, आनंद नगर में रहने वाला 28 साल का संदीप लोधी पिता लीलाधर लोधी भोपाल में स्थित ग्लोबल सिटी में नौकरी करता है। बीती सुबह वह बाइक से बायपास होता हुआ जा रहा था। इस दौरान रेशम राव होटल के पहले बने गोदाम में एक ट्रक गोदाम की और जाने के लिये मुड़ रहा था। ट्रक की रफ्तार काफी कम थी, वहीं संदीप की बाइक की रफ्तार अधिक थी।

### भोपाल लव जिहाद मामलाः राष्ट्रीय महिला आयोग की टीम जांच में जुटी

## आरोपी जहां-जहां किराए के मकान में रहे उनके मालिकों से भी होगी पूछताछ

भोपाल, ईएमएस।




राष्ट्रीय महिला आयोग की टीम लव जिहाद मामले में जांच के लिए भोपाल पहुंच गई है। राजधानी भोपाल में एक निजी कॉलेज की छात्राओं को लव जिहाद में फंसाने के मामले में जांच करने राष्ट्रीय महिला आयोग की टीम रविवार से जांच में जुट गई है। तीन सदस्यीय टीम में झारखंड की पूर्व डीजीपी निर्मल कौर के नेतृत्व में जांच करेगी। इस टीम में जबलपुर हाई कोर्ट की अधिवक्ता निर्मला नायक और आयोग के अवसर सचिव आशतोष पांडे सदस्य के रूप में शामिल हैं। टीम ने शनिवार को पुलिस अधिकारियों से केस की मौजूदा स्थिति (केस स्टेटस) की जानकारी ली।

जानकारी के अनुसार, आयोग की टीम केस में अब तक हुई प्रगति की समीक्षा करने के साथ ही जांच की निष्पक्षता और पीड़िताओं को मिली सुरक्षा को लेकर भी जांच करेगी। इस आधार पर टीम अपनी रिपोर्ट तैयार करेगी। राजधानी भोपाल में लव जिहाद के आरोपियों का जाल भोपाल के आसपास भी फैला था। भोपाल के आसपास इलाकों में भी आरोपियों ने ठिकाना बना रखा था। हिंदू लड़कियों के साथ भोपाल के आसपास के इलाकों में भी शोषण हुआ है। आरोपी जहां-जहां किराए के मकान में रहे उन मकान मालिकों से भी पूछताछ होगी। मकान मालिकों से पूछताछ में और सबूत जुटा जाएंगे। दरअसल मामले में जांच को लेकर राष्ट्रीय महिला आयोग की टीम बड़ी एडवाइजरी जारी कर सकती है। तीन सदस्यीय राष्ट्रीय महिला आयोग की टीम ने मामले में जांच की शुरुआत की है।

### ऑनलाइन मिलेगा अपॉइंटमेंट, भोपाल समेत आठ जिलों में होगी शुरुआत

# एमपी में बन रहे मॉडर्न वैक्सीनेशन सेंटर

भोपाल, ईएमएस।



मध्य प्रदेश में स्वास्थ्य विभाग सरकारी अस्पतालों में टीकाकरण को बढ़ावा देने के लिए निजी अस्पतालों की तरह मॉडर्न वैक्सीनेशन सेंटर तैयार कर रहा है। प्रदेश की राजधानी भोपाल समेत 8 शहरों के सरकारी अस्पतालों में चार माह के भीतर आधुनिक वैक्सीनेशन सेंटर बनकर तैयार हो जाएंगे। इन सेंटरों में वैक्सीनेशन के लिए आने वाले बच्चों को घर नुमा माहौल प्रदान किया जाएगा। यहां बच्चों को खेलने के लिए खिलौनों साथ परिजनों के मनोरंजन की सुविधा भी होगी। खास बात यह है कि इन सेंटरों में वैक्सीनेशन के लिए ऑनलाइन अपॉइंटमेंट भी मिलेगा।

केंद्र सरकार से मिला बजट

जानकारी के लिए बता दें कि मध्य प्रदेश के आठ शहरों में 26 मॉडर्न वैक्सीनेशन सेंटर बनाने के लिए केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय बजट दे रहा है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का कहना है कि कई बार वैक्सीनेशन केंद्रो में सुविधा नहीं होने की वजह से लोग अपने बच्चों को वैक्सीनेशन करने निजी अस्पतालों में ले जाते हैं। आधुनिक वैक्सीनेशन सेंटर बनने से टीकाकरण की संख्या बढ़ेगी। मॉडर्न सेंटर में शून्य से 18 साल के बच्चों के साथ गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण भी होगा। गौरतलब है कि प्रदेश में सप्ताह में दो बार बच्चों के वैक्सीनेशन के 12 हजार सेशन होते हैं। हर सेशन में करीब 50 हजार बच्चों का टीका लगाया जाता है।

भोपाल- 4, उज्जैन- 4,ग्वालियर- 4,जबलपुर-4 ,इंदौर- 4, सागर- 2, रीवा- 4, छिंदवाड़ा- 1 सेंटर होंगे। राजधानी भोपाल के जयप्रकाश जिला (जेपी) अस्पताल, सिविल अस्पताल, गांधीनगर, सिविल अस्पताल, बैरागढ़ और कैलाशनाथ काटजू अस्पताल में सेंटर बनाया जाएगा।

एनएचएम की एमडी डॉ. सलोनी सिडाना ने बताया कि मॉडर्न वैक्सीनेशन सेंटर बनाने का काम तेजी पर है। एक दो सेंटर बनकर तैयार भी हो गए हैं। अगले 4 महीने के भीतर सभी सेंटरों को चालू करने का लक्ष्य है। इन सेंटरों में घरेलू वातावरण देने का प्रयास किया जा रहा है। पहले फेज में प्रदेश के आठ शहरों में 26 केंद्र बनाए जा रहे हैं।

### ग्राफिक्स डिजाइनिंग दुकान संचालक ने छात्र से की मारपीट

भोपाल(ईएमएस)। हबीबगंज थाना इलाके में स्थित मेट्रो प्लाजा में एक ग्राफिक्स डिजाइनिंग में काम करने वाले बीयू छात्र ने जब अपने शहर जाने की बात कहते हुए दुकान संचालक से अपनी बाकी सैलरी और अनुभव प्रमाण मांगा तब उसने बीयू के छात्र से मारपीट करते हुए उसके दाहिने हाथ के अंगूठे पर दांत से काट लिया। थाना पुलिस ने बताया कि विपिन सिंह पिता दिनेश सिंह (24) ने लिखित शिकायत करते हुए बताया की वह मूल रुप से भरतपुर राजस्थान का रहने वाला है। यहॉ नेहरू नगर में रहते हुए माखन लाल यूनिवर्सिटी में मास कम्युनिकेशन की पढ़ाई कर रहा है।

## एसपी पर क्या कार्रवाई की, सचिव ने मांगा जवाब

भोपाल (ईएमएस)। केंद्रीय मंत्रिमंडल सचिवालय की ओर से एक पत्र मध्य प्रदेश शासन को भेजा गया है। इस पत्र में कटनी के पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन पर अभी तक क्या कार्रवाई हुई है। इसकी जानकारी आवेदक को देने के निर्देश मध्य प्रदेश के मुख्य सचिव को दिए गए हैं।

केंद्रीय सचिवालय के अवर सचिव की ओर से यह पत्र जारी हुआ है। देवेंद्र कुमार शर्मा द्वारा केंद्रीय गृह सचिव को पत्र लिखा गया था। जिसमें मार्च माह में मुख्य सचिव और डीजीपी को जो शिकायतें की गई थी। उस पर अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है।

पहली शिकायत दमोह में पदस्थ तहसीलदार डॉक्टर शैलेंद्र बिहारी शर्मा की ओर से की गई थी। दूसरी शिकायत जबलपुर के एडवोकेट देवेंद्र शर्मा की ओर से की गई थी। आवेदन में कई गंभीर आरोप लगाए गए थे। शिकायतकर्ताओं ने मुख्य सचिव और डीजीपी को शिकायत भेजी थी। केंद्र सरकार को जो आवेदन भेजा गया है। उसमें कहा गया है, पुलिस अधीक्षक कटनी शिकायत वापस लेने के लिए दबाव बनाने और धमकाने का काम कर रहे हैं।

### चांवरपाठा में आयोजित हुई जल संगोष्ठी

**नरसिंहपुर, ईएमएस।** मप्र जनअभियान परिषद नरसिंहपुर के तत्वावधान में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत विकासखंड चांवरपाठा में जल संरक्षण व संवर्धन की दिशा में संगोष्ठी आयोजित की गई।

# विचार मंथन

### अशासकीय स्कूलों में ऑनलाइन निःशुल्क प्रवेश प्रक्रिया आज से

**हरदा, ईएमएस।** प्रदेश में निःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन की कार्यवाही पारदर्शी तरीके से की जायेगी। इसके लिये कमजोर वर्ग एवं वंचित समूह के बच्चों के निःशुल्क प्रवेश की प्रक्रिया का टाइम टेबल घोषित कर दिया गया है। शिक्षण सत्र 2025-26 में 5 मई से प्रवेश प्रक्रिया की कार्यवाही शुरू की जा रही है। इस संबंध में राज्य शिक्षा केन्द्र ने जिला कलेक्टर्स और जिला परियोजना समन्वयक को निर्देश जारी किये हैं।



## संपादकीय

# चीन और पाकिस्तान के बीच गुप्त रक्षा संधि ?

बुल्गारिया की रक्षा वेबसाइट मिल्ट्री.कॉम की ताजा रिपोर्ट ने भारत की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता जताई है। रिपोर्ट के अनुसार, चीन और पाकिस्तान के बीच एक गुप्त समझौते पर बातचीत चल रही है। इस समझौते के तहत चीन, पाकिस्तान को रूस निर्मित एस-400 एयर डिफेंस सिस्टम की तकनीकी जानकारी देगा। यह वही एस-400 प्रणाली है। जिसे भारत ने रूस से 5.43 अरब डॉलर में खरीदा था। भारत ने इस तकनीकी से निर्मित विमान एवं सुरक्षा उपकरण चीन तथा पाकिस्तान की सीमा सुरक्षा एवं चुनौतियों से निपटने के लिए तैनात किया है। चीन को भी रूस नेएस-400 एयर डिफेंस दिया है। अगर यह जानकारी चीन द्वारा पाकिस्तान को लीक होती है। ऐसी स्थिति में पाकिस्तान की वायु सेना मजबूत हो जाएगी। भारतीय वायु सेना का सुरक्षा कवच कमजोर हो जायेगा। पाकिस्तान बरावरी के मुकाबले में आकर भारत के सामने खड़ा हो जाएगा। चीन पहले से स्-400 का उपयोग कर रहा है। चीन और भारत एस 400 की बेहतरी और कमजोरियों से भली-भांति परिचित हैं। यदि चीन ने पाकिस्तान को इसकी रडार फ्रीक्वेंसी, ब्लाइंड स्पॉट और जामिंग तकनीक की जानकारी दे दी, तो भारत के सैन्य मिशनों और रणनीतिक संतुलन के लिए भारत के लिए बड़ा खतरा बन सकता है। यह मुद्दा केवल सैन्य नहीं, बल्कि कूटनीतिक और आर्थिक रूप से भारत के लिए कई चुनौतियों को खड़ा करेगा। भारत रूस का परंपरागत सहयोगी रहा है। वर्तमान स्थिति में रुस, अमेरिका चीन और पश्चिमी देशों की ओर झुक रहा है। वर्तमान में चीन का झुकाव भी पाकिस्तान की ओर बढ़ा है। भारत की सीमा चीन और पाकिस्तान से लगी हुई है। ऐसी स्थिति में चीन संतुलन बनाए रखने के लिए पाकिस्तान को भारत के खिलाफ मजबूत बनाने का जो काम कर रहा है। वह भारतीय हितों को बुरी तरह से प्रभावित करने वाला है। रूस ने एस 400 को लेकर भारत के साथ किये गये समझौते की अनदेखी की, तो भारत की रक्षा नीति को गहरा आघात लगेगा। वैश्विक हथियार नीति के 'एंड यूजर एग्रीमेंट' पर सवाल खड़े होंगे। वर्तमान स्थिति में जिस तरह की हालत देखने को मिल रही है। उसमें एग्रीमेंट का कोई बहुत ज्यादा महत्व नहीं रहा। सारी अंतरराष्ट्रीय संस्थाएं अपना वजूद खो चुकी हैं। भारत सरकार को इस रिपोर्ट की गंभीरता को समझना होगा। चीन पाकिस्तान के साथ रक्षा और एस 400 को लेकर यदि कोई समझौता करता है।ऐसी स्थिति में भारत को रूस से औपचारिक आपत्ति और कूटनीतिक दबाव बनाकर एस-400 की गोपनीयता सुनिश्चित करने का दबाव बनाना होगा। यदि ऐसा नहीं हुआ, तो भारत के अरबों डॉलर खर्च करके जो सैन्य उपकरण खरीदे है। वह सुरक्षा व्यवस्था बेमानी साबित हो सकती है। रक्षा मामलों में चीन से भारत बहुत पीछे हैं यदि पाकिस्तान जैसे देश चीन को सहायता से रक्षा मामलों में हमारी बराबरी में आकर खड़े हो जाएंगे। ऐसी स्थिति में भारत को जो चुनौतियां मिलेगी, उनकी कल्पना कर पाना आज की स्थिति में संभव नहीं है। भारत के विदेश मंत्री पहले ही कह चुके हैं।चीन आर्थिक और सैन्य क्षेत्र में भारत से बहुत आगे है। हम उसका मुकाबला नहीं कर सकते हैं। यदि चीन गुप्त रूप से पाकिस्तान की मदद कर रहा है। ऐसी स्थिति में सबसे ज्यादा परेशानी भारत को होगी। भारत के मुकाबले चीन अपने आप को बहुत समर्थ बनाना चाहता है। वैश्विक व्यापार तथा सैन्य शक्ति में वह दुनिया के देशों में सबसे अग्रणी रहे। इसके लिए चीन की प्रतिस्पर्धा भारत के साथ हमेशा बनी रहेगी। चीन दुनिया के साम्राज्य का प्रभाव अपने वश में रखना चाहता है। भारत भी दुनिया का विश्व गुरु बनना चाहता है। चीन पीठ के पीछे से वार करने और अपनी विस्तार नीति के लिए पहचाना जाता है। ऐसी स्थिति में भारत को बहुत सतर्क रहने की जरूरत है। जिस तरह की स्थिति वर्तमान में देखने को मिल रही है, उससे भारत की चिंता बढ़ना स्वाभाविक है। भारत सरकार को बहुत गंभीरता के सात चिंतन मनन करते हुए वर्तमान स्थिति में अपने आप को चुनोतियों से बचाते हुए आगे बढ़ाने के मार्ग को खोजना होगा। जिस तरह 1962 में हिंदी चीनी भाई-भाई के रूप में चीन ने पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू और भारत के साथ विश्वासघात किया था। वही हालात अब एक बार फिर देखने को मिल रहे हैं। इसलिए भारत को इतिहास से भी सबक लेने की जरूरत है।

– सनत जैन

## राज काज

### ईडी के मुंबई कार्यालय में आग लगी या लगाई ?

ईडी के मुंबई कार्यालय में शनिवार को देर रात आग लग गई। इस आग में बड़े-बड़े नेताओं, बड़े-बड़े कारोबारियों के बड़े-बड़े घोटाले की फाइलें आग में जलकर खाक हो गई हैं। कार्यालय की 80 फ़ीसदी फ़ाइलें और दस्तावेज जल गए हैं। इस आग में कई कंप्यूटर भी जल गए हैं। जिनमें यह डाटा रखे गए थे। जो आरोपी थे,उन्हें आग लगने से बड़ी राहत मिली है। आग कई घंटे तक लगी रही। मुंबई की फायर ब्रिगेड आग को नहीं बुझा पाई। इस आग में गुजरात के भगोड़े हीरा कारोबारी मेहुल भाई चौकसी और नीरव मोदी की भी फाइलें थी। इसके अलावा अजीत पवार,अनिल देशमुख और छगन भुजवल की भी फाइलें थी। यह सब भाजपा की गंगा में नहा चुके हैं। इनके पाप धुलना थे, आग लगाकर धुल गए, अब चिंता की कोई बात नहीं है।शनि की जो साढे साती लगी थी।वह शनिवार के दिन उतर गई। इससे अच्छा क्या हो सकता है।

### पाक मुद्दे पर विपक्ष की सरकार पर घेराबंदी

जम्मू कश्मीर में हुए आतंकी हमले के बाद सर्वदलीय बैठक में सारे विपक्ष ने एकजुट होकर सरकार को फ्री हैंड दिया है। सरकार जो भी कार्यवाही करना चाहे, विपक्ष सरकार के समर्थन में खड़ा रहेगा। विपक्ष का समर्थन मिलने के बाद भी अभी तक सरकार ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की है। जिसके कारण अब विपक्ष सरकार के ऊपर हमलावर हो गई है। अब तो पाक अधिकृत कश्मीर को भारत में विलय करने की बात होने लगी है। पाक अधिकृत कश्मीर हमेशा से भारत का हिस्सा रहा है। विपक्ष सरकार पर दबाव बना रहा है, पाक अधिकृत कश्मीर को भारत में शामिल करो। सरकार जवाब नहीं दे पा रही है।सरकार की चुप्पी से विपक्ष लगातार हमलावर है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पाकिस्तान के खिलाफ कार्रवाई करने के स्थान पर बिहार केरल और आंध्र प्रदेश में जिस तरह के राजनीतिक भाषण दिए हैं उससे विपक्ष और भी हमलावर हो गया है।

### पाक प्रधानमंत्री शाहबाज भारत में ब्लॉक

जम्मू कश्मीर में हुए आतंकवादी हमले के बाद भारत की ओर से लगातार छुटपुट कार्रवाई की जा रही है। लोगों को आशा थी, कोई बड़ा हमला भारत कर, पाकिस्तान को सबक सिखाएगा।लेकिन जिस तरह की कार्रवाई हो रही है।उससे लोगों में गुस्सा देखने को मिल रहा है। भारत सरकार ने सोशल मीडिया अकाउंट्स और यूट्यूब चैनल बंद करने का सिलसिला शुरू किया है। इसमें पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ का आधिकारिक यूट्यूब चैनल और इंस्टाग्राम अकाउंट ब्लॉक कर दिया है। इस तरह की कार्यवाही से अब जनता के बीच में सरकार और भाजपा की खिल्ली उड़ने लगी है। बड़ी-बड़ी धमकी पाकिस्तान को दी जा रही है। लेकिन हो कुछ नहीं रहा है। पाकिस्तान पर हमला करने के लिए भारत सरकार गड़े पत्थर उखाड़ रही है। पत्थर उखड़ेगा नहीं हमला होगा नहीं।

# पहलगाम त्रासदी : क्या हो अमन की राह ?


राम पुनियानी

कश्मीर के बैसरन में 26 सैलानियों को बेरहमी से क़त्ल कर दिया गया और कई अन्य घायल हुए। इस त्रासदी को शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। यह दावा किया गया है कि हत्यारे आतंकवादी पाकिस्तान की लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े संगठन 'द रेसिसटेंस फोर्स' के थे। इस संगठन ने इस कायरतापूर्ण हमले की जिम्मेदारी भी ली है। हमलावरों ने लोगों का धर्म पूछा और फिर बेरहमी से उन्हें अपनी गोलियों का निशाना बनाया। मरने वालों में सैयद आदिल शाह नामक व्यक्ति भी था जो पर्यटकों को घोड़ों पर बिठाकर सैर करवाता था।

इस कांड के तुरंत बाद हेलीकाप्टरों के पहुँचने तक हमले के शिकार लोगों की मदद मुख्यतः मुसलमानों ने की। घायलों का इलाज मुस्लिम डॉक्टरों के एक दल ने किया। पूरी कश्मीर घाटी में बंद रहा और 'हिंदू मुस्लिम भाई भाई' के नारे गूंजते रहे। घटना के समय प्रधानमंत्री सऊदी अरब में थे। वे अपनी यात्रा अधूरी छोड़कर स्वदेश वापिस आए लेकिन घटनास्थल पर जाने के बजाए वे एक चुनावी रैली में शामिल होने बिहार चले गए। प्रधानमंत्री मोदी ने सर्वदलीय बैठक की अध्यक्षता भी नहीं की क्योंकि वे उस समय बिहार में थे और वहां मंच पर भाजपा के सहयोगी दल के नेता नीतीश कुमार के साथ हंसी-ठिठोली करते नजर आए। सभी विपक्षी दलों ने आतंकी हमले के खिलाफ सरकार द्वारा उठाए जाने वाले सभी कदमों के प्रति अपना समर्थन व्यक्त किया, जो बिलकुल उचित कदम था।

प्रधानमंत्री का यह रवैया गुजरात के गोधरा में ट्रेन में आग लगने की घटना के बाद के उनके रवैये के एकदम विपरीत था। तब वे घटना के आधे घंटे के अंदर ही घटनास्थल की ओर रवाना हो गए थे और उन्होंने यह निर्देश दिया था कि शवों को अहमदाबाद ले जाया जाए जहां उन्हें एक जुलूस में शहर की सड़कों पर घुमाया गया।

पहलगाम हमले के बाद से सोशल मीडिया पर बड़े पैमाने पर ऐसे संदेश पोस्ट किए जा रहे हैं जिनमें आतंकवादियों को 'मुस्लिम राक्षसों' के रूप में प्रस्तुत किया जा रहा है। आतंकियों ने पर्यटकों की हत्या करने के पहले उनका धर्म पूछा इस बात को मुस्लिमों के प्रति घृणा फैलाने का मुख्य आधार बनाया जा रहा है। मुसलमानों को कठघरे में खड़ा करने का सिलसिला काफी पहले से चल रहा है। गाय और लव जिहाद जैसे मुद्दों के बहाने मुसलमानों की लिंचिंग होती रही हैं। उनका नाम पता लगने के बाद उन्हें मकान बेचने या किराए पर देने से इंकार कर दिया जाता है। उन्हें सिर्फ उनके धर्म की वजह से नौकरी नहीं दी जाती है। सरकार और गोदी मीडिया ने आतंकियों के मुस्लिम होने की बात का जिक्र तो खूब किया मगर उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था और गुप्तचर संस्थाओं की असफलता के बारे में एक शब्द भी नहीं कहा। यह पुलवामा की घटना के बाद के रवैये जैसा ही था। तब भी आतंकी हमले को लेकर जनाक्रोश को भड़काने में कोई कसर नहीं छोड़ी गई लेकिन इस मुद्दे की जरा सी भी चर्चा नहीं की गई कि भारी सुरक्षा व्यवस्था के बावजूद आरडीएक्स वहां कैसे पहुंचा। प्राप्त समाचारों के अनुसार इस बात के संकेत थे कि हमला हो सकता है। ऐसे में सरकार ने उसे रोकने के लिए कौन-से कदम उठाए? बैसरन पहुंचने के पहले सेना की बहुत सी निगरानी चौकियों को पार करना पड़ता है। फिर आतंकी वहां पहुंचने में कैसे सफल हो गए? त्रासदी के बाद स्थानीय मुसलमानों, घोड़े वालों, रिक्शा चालकों और होटलों के मालिकों (जो सभी मुसलमान थे) ने पर्यटकों की मदद की और फैसला लिया कि वे उनसे एक रूपया भी नहीं लेंगे। इसके विपरीत एयरलाइन्स ने आपदा को अवसर में बदलते हुए किराए में अनाप-शनाप बढ़ोत्तरी कर दी। कई कश्मीरी विद्यार्थियों को उनकी होस्टलों में प्रताड़ना झेलनी पड़ी कई से हॉस्टल खाली करने को कहा गया। देश के विभिन्न भागों में कश्मीरियों को परेशानियों का सामना करना पड़ा।

भारत सरकार ने सिंधु नदी के जल के बंटवारे पर भारत-पाक संधि को स्थगित करने की घोषणा की। इस पर पाकिस्तानी नेतृत्व ने कहा कि यह युद्ध की घोषणा के समान है। टकराव और संघर्ष के काले बादल आसमान में साफ नजर आ रहे हैं।

आतंकवाद कश्मीर की गंभीर समस्या बनी हुई है। इस समस्या की जडें बहुत पुरानी हैं। भारत में कश्मीर के विलय की संधि के कई प्रावधानों को कमज़ोर कर दिया गया। इससे कश्मीरियों में असंतोष की शुरूआत हुई। शेर-ए-कश्मीर शेख अब्दुल्ला को भी यह ठीक नहीं लगा। उनके मन में यह विचार आने लगा कि क्या कश्मीर का भारत में विलय करना एक गलती थी। यह असंतोष पूरी तरह कश्मीरियत पर आधारित था। कश्मीरियत वेदांत परंपराओं, बौद्ध मूल्यों और सूफी शिक्षाओं के मिलन से बनी संस्कृति है। पाकिस्तान ने इस असंतोष को हवा दी। इसने हिंसक रूप ले लिया और हालात और जटिल हो गए। 1990 के दशक में अल कायदा की ताकत बढ़ गई और उसके जैसे अन्य तत्वों ने इस विशुद्ध कश्मीरी प्रतिरोध को साम्प्रदायिक स्वरूप दे दिया। कश्मीरी पंडितों को प्रताड़ित किया गया और वे घाटी छोड़ने को मजबूर हुए। उस समय भाजपा समर्थित वी। पी। सिंह सरकार केन्द्र में सत्ता में थी।

# आओ परिस्थितियों से लड़कर इतिहास रचें


किशन सनमुखदास भावनानी

वैश्विक स्तरपर खुशियों या सकारात्मक परिस्थितियों में तो हर व्यक्ति जीवन जीनें को आतुर रहता है, परंतु सृष्टि का यह नियम है कि हमेशा ऐसा नहीं होता, जीवन का चक्र घूमते रहता है। यदि आज सकारात्मक परिस्थितियां हैं तो कल नकारात्मक परिस्थितियां भी आनी ही है !जिससे हमें मुकाबला कर आगे बढ़ना है और स्थितियों पर परिस्थितियों से निपट कर सफलता के झंडे गाड़कर इतिहास रचना है। जो खुद में स्थिर होते हैं, हर परिस्थितियों से लड़ते हैं, वही अपने जीवन में इतिहास रखते हैं। क्योंकि जब हम निर्भीकता से विपत्तियों का मुकाबला करने के लिए कटिबद्ध होंगे त्योंहि विपत्तियां दुम दबाकर भाग खड़ी होगी। इसलिए आज हम इस आर्टिकल के माध्यम से विभिन्न विचारों को समाहित करते हुए चर्चा करेंगे आओ परिस्थितियों से लड़ कर इतिहास रचें।

साथियों बात अगर हम मानवीय जीवन में परीक्षा की घड़ी की करें तो अनुकूल परिस्थितियों में तो सभी सटीकता से जीवन यापन करने और अपने आप को सुदृढ़ और सुलझा हुआ कहने लगते हैं परंतु असली व्यक्तित्व और सटीकता का पता तो तब चलता है जब विपरीत परिस्थितियों में भी स्थिरता के से मुकाबला कर उन्हें अनुकूल बनाकर इतिहास रचते हैं। असल में हमें विपरीत परिस्थितियों में हिम्मत रखना और जिंदगी में जो भी परिस्थितियां हो उसका डटकर सामना करना हमारी जिंदगी में जो भी समस्या हो उन समस्याओं का हल निकालना और उन समस्याओं का हल निकालते और लड़ते-लड़ते मर जाना बेहतर है। किसी भी समस्या से भागना नहीं चाहिए विकट परिस्थितियों में जूजते रहेंगे तो हमारी समस्याओं का हल अपने आप निकलता रहेगा और आने वाली पीढ़ी के लिए समस्याओं का निराकरण भी लाएंगे और हमारी आने वाली पीढ़ी के लिए आदर्श भी बनेंगे जो लोग समस्याओं से लड़ते हैं और उसका हल निकालते हैं और डरते नहीं है, वही लोग महान हैं। साथियों बात अगर हम सटीक कहावत मानव परिस्थितियों का दास होता है और उस दास शब्द को अस्वीकार करने की करें तो, मुश्किल परिस्थितियों से बाहर निकलने के लिए हमें सर्वप्रथम उन वजहों को समझने का प्रयास करना चाहिए जिनके चलते ये परिस्थितियाँ पैदा हुई हैं जिसपर पर बारिकी से नजर रखते हुए सब्र के साथ परिस्थितियों का सामना करने का प्रयास करना चाहिए,जो परिस्थितियाँ हमारे बस में ना हों उनके लिए अधिक चिंतित हम ना हों। वे समय के साथ खुद ब खुद सामान्य हो जाएँगी। हर हालत में धैर्यवान बने रहकर ईश्वर अल्लाह (समय) पर भरोसा करना चाहिए।समय से बलवान कोई नहीं।चाहे कितनी भी मुश्किल परिस्थिति हो समय बीतने के साथ-साथ मुश्किल से मुश्किल परिस्थितियों को बदलकर सामान्य होते देर नहीं लगतीं।कितना भी गहन अंधकार वाली रात्रि हो कुछ पलों में सूर्योदय अवश्यंभावी है। साथियों वह नियति हो या फिर परिस्थिति कोई फर्क नहीं पड़ता और जीवन में अच्छे और बुरे दोनों वक्त आते हैं। जिस तरह से हम अच्छे वक्त को संभालना बचपन से जानते हैं, उसी तरीके से हमें बुरे वक्त को भी संभालना सीखना चाहिए किस तरीकेसे हम इनको संभाले कि यह परिस्थितियां कभी भी हमारे जीवन में ऐसी परिस्थिति ना क्रिएट करें की हम टूट कर बिखर जाएं यदि टूट कर बिखर भी जाएं तो स्वयं को जोड़कर पुनःखड़ा होने की हिम्मत अपने अंदर रखनी चाहिए।

## सुविचार

धन बर्बाद करके आप निर्धन होते है लेकिन समय बर्बाद करके आप अपना जीवन नष्ट करते है। **– अज्ञात**

जब आप दो बुराइयों में से छोटी बुराई को चुनते है, तो याद रखें कि वह अभी एक बुराई ही है। **– मैक्स लर्नर**

## प्रसंग

### सहयोग की भावना

महामना मदनमोहन मालवीय को काशी हिंदू विश्वविद्यालय के निर्माण म के लिए धन की आवश्यकता थी । इसलिए वह समाज के संपन्न लोगों से मिलकर उनसे इस सत्कार्य में सहयोग की प्रार्थना करते थे । मालवीय के एक मित्र उन्हें इसके लिए एक बड़े व्यापारी के घर ले गए। आवाज देने पर सेठ जी ने बैठक का दरवाजा खोला और दोनों अतिथियों को बैठाया । उस वक्त शाम हो जाने के कारण अंधेरा छाने लगा था। बैठक में बिजली नहीं थी, इसलिए सेठ जी ने अपने छोटे बेटे को लालटेन जलाने को कहा। बेटा लालटेन और दियासलाई लेकर आया। उसने माचिस की एक तीली जलाई, परंतु लालटेन तक आते-आते बुझ गई । इस तरह उसने तीन तीलियां बर्बाद कर दीं। इस पर सेठ जी ने लड़के से नाराज होकर कहा, तुमने माचिस की तीन तीलियां बर्बाद कर दीं, कितने लापरवाह हो । यह कहकर सेठ जी जब अंदर गए तो मालवीय जी ने अपने मित्र की ओर देखा, मानो कह रहे हों कि इस सेठ से कुछ पाने की आशा मत करो क्योंकि यह तो इतना कंजूस है कि माचिस की तीन तीलियां नष्ट हो जाने पर लड़के को डांटता है । संकेत में मित्र मालवीय जी से सहमति जताई और दोनों बैठक से बाहर निकले । इतने में सेठ जी आ गए। वह चकित होकर बोले, अरे! आप चल क्यों दिए ? बैठिए, काम तो बताइए। मालवीय जी के मित्र ने आने का प्रयोजन बताया । सेठ जी ने पचीस हजार रुपये निकालकर रख दिए । मालवीय जी ने सेठ जी से कहा, अभी आपने लड़के को माचिस की तीलियां नष्ट होने की वजह से डांटा, जबकि उनका मूल्य नहीं के बराबर है । लेकिन हमें आपने तुरंत पचीस हजार रुपये दे दिए।

## जरा हटके

### सेहत के लिए बेहद लाभकारी है स्टार गूजबेरी

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** खट्टे-मीठे स्वाद से भरपूर फल स्टार गूजबेरी बच्चों से लेकर बड़ों तक सभी को पसंद आता है। स्टार गूजबेरी को नमक, नींबू, मिर्च या मसाले के साथ कच्चा खाया जाता है। इसके टुकड़ों को चीनी में लपेटकर कुछ दिन रखने से एक प्राकृतिक सिरप बनता है, जो स्वाद के साथ-साथ स्वास्थ्य लाभ भी देता है। जब यह फल पकता है तो इसका रंग गहरा लाल हो जाता है, जिससे यह जैम, जेली, मुरब्बा, चटनी और अचार बनाने के लिए उपयुक्त हो जाता है। दक्षिण भारत में इसे पारंपरिक व्यंजनों में इमली की जगह इस्तेमाल किया जाता है, जैसे नेल्लिकई साधम में नारियल और गाजर के साथ।

वहीं इसकी चटनी, जो दही, हरी मिर्च और अदरक के साथ बनाई जाती है, चावल और नाश्ते के साथ बेहद स्वादिष्ट लगती है। स्वास्थ्य की दृष्टि से देखा जाए तो स्टार गूजबेरी में कैल्शियम हड्डियों को मजबूत करता है, फास्फोरस डीएनए और आरएनए के निर्माण में सहायक होता है, जबकि आयरन और राइबोफ्लेविन शरीर में ऊर्जा और रक्त निर्माण में मदद करते हैं। इसमें प्रचुर मात्रा में विटामिन सी होता है, जो रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है, त्वचा को निखारता है और शरीर में सूजन को कम करता है। इसके अलावा, इसके एंटीऑक्सीडेंट्स शरीर को डिटॉक्स करते हैं और पाचन तंत्र को दुरुस्त रखते हैं। आयुर्वेद और पारंपरिक एशियाई चिकित्सा में इसका उपयोग गले की खराश, खांसी, अपच और पेट से जुड़ी समस्याओं के इलाज में किया जाता है। इसका सिरप बच्चों और बड़ों दोनों के लिए लाभकारी माना जाता है। इसे ताजे रूप में खाना सबसे बेहतर होता है, हालांकि इसे फ्रिज में सीलबंद कंटेनर में रखकर कुछ हफ्तों तक ताजा रखा जा सकता है या सुखाकर लंबे समय तक स्टोर किया जा सकता है।

इसके स्वाद की खासियत यह है कि यह नारियल, साइट्रस फल, हल्दी, गरम मसाला, इलायची, प्याज और अदरक जैसे मसालों के साथ बेहतरीन मेल खाता है। बता दें कि आंवले जैसे दिखने वाला और खट्टे-मीठे स्वाद से भरपूर फल स्टार गूजबेरी न केवल स्वाद में लाजवाब है, बल्कि सेहत के लिए भी बेहद लाभकारी माना जाता है। देश के विभिन्न हिस्सों में इसे सरफरी, नेल्लिकई या साइकोमी के नाम से जाना जाता है।

## फोटो ऑफ द डे



सिंगापुर में आम चुनावों के परिणामों की प्रतीक्षा करते हुए पीपुल्स एक्शन पार्टी के समर्थक। (फोटो-ईएमएस)

## व्यंग्य

# देसी हाथ बनाम विदेशी हाथ

–गुरमीत बेदी

भाईयों, आज का टॉपिक है- देसी हाथ बनाम विदेशी हाथ। आज हम इसी टॉपिक पर चर्चा करेंगे और अपना सिर खपायेंगे। अब आप यह मत कह बैठना कि हाथ तो हाथ ही होता है, देसी हो या विदेशी, गोरा हो या काला, भ्रष्टाचार से सना हो या दूध धुला, छोटा हो या बड़ा, पाँच उँगलियों वाला हो या छह-सात उँगलियों से सज्जित, इससे क्या फ़र्क पड़ता है और इस पर क्या फिज़ूल की बहस करनी। लेकिन अपुन को यह साबित करना है कि देसी हाथ और विदेशी हाथ में उसी तरह ज़मीन-आसमान का फ़र्क होता है जैसे देसी दुल्हन और विदेशी मेम, देसी गाड़ी और विदेशी गाड़ी, देसी शराब और विदेशी शराब, देसी लॉकर और विदेशी लॉकर में फ़र्क होता है इत्यादि-इत्यादि।

वैसे तो देने के लिए अपुन के पास और भी उदाहरण हैं लेकिन अपुन पहले ही स्पष्ट कर देना चाहते हैं कि अपुन का मकस्द मुल्क का टाइम पास करना है न कि टाइम बरबाद करना, इसलिए हम बहस को देसी हाथ बनाम विदेशी हाथ तक सीमित रखेंगे, राजनीतिक दलों के अंदरूनी झगड़ों की तरह ज़्यादा पचड़े में नहीं पड़ेंगे। पचड़ेबाजी में पड़ने से बंदा विवाद ग्रस्त हो जाता है और प्रजातंत्र में विवाद ग्रस्त होना कई बार बहुत महँगा पड़ जाता है, इसलिए महँगाई और विवाद से किनारा करते हुए अपुन यह साबित करेंगे कि कौन-कौन से लफड़ों में विदेशी हाथ होता है और कौन से लफड़े देसी यानी स्वदेशी हाथ द्वारा किए जाते हैं। पहले हम देसी हाथ की चर्चा करेंगे और कुछ एक उदाहरणों द्वारा यह बताएँगे कि देसी हाथ भी किसी से कम नहीं है, इसे यों ही सस्ते में लेने की भूल न की जाए।

अगर किसी पार्टी में नेतृत्व की लड़ाई छिड़ती है और मामला मीडिया के मार्फत पब्लिक तक पहुँचता है तो इसका मतलब एकदम साफ़ है कि इस पचड़े में शुद्ध रूप से देसी हाथ ही है। हो सकता है पार्टी के भीतर कोई महत्वाकांक्षी व्यक्ति जलजला पैदा करके आसन हथियाना चाहता हो। अगर समय पर उस व्यक्ति की महत्वाकांक्षा पर नकेल कस दी जाए तो मीडिया के मार्फत पब्लिक को यह बात भी पता चल सकती है कि सिंहासन पलट की नाकाम कोशिश के पीछे खुदा का नहीं बल्कि देसी हाथ ही था। देसी हाथ के और भी बहुत से जलवे हैं। मान लीजिए कि किसी विभाग में कोई घोटाला होता है ओर घोटाले का पर्दाफाश हो जाता है तो यही कहा जाएगा कि घोटाला करने के पीछे भी देसी हाथ था और घोटाले की ख़बर लीक करवाने में भी देसी हाथ का ही कमाल था। इश्कबाज़ी में भी कई बार देसी हाथ रंग दिखाता है। प्रेमी महोदय अपनी प्रेमिका तक खत पहुँचाने के लिए जिस दोस्त की मदद ले रहे होते हैं, एक दिन वहीं दोस्त प्रेमिका उड़ाकर ले जाता है और प्रेमी महोदय अपनी डायरी में उदास नग़मे लिखने को मजबूर हो जाते हैं। देसी जेल से अगर देसी कैदी भाग जाएँ तो इसमें भी देसी हाथ ही होता है और देश में कहीं परीक्षा के पेपर लीक हो जाएँ तो इस करिश्मे के पीछे भी देसी हाथ का चमत्कार होता है। देसी हाथ कई बार फ़र्श से अर्श तक पहुँचा देता है और कई बार अर्श से फ़र्श पर लाकर पटक देता है। ऐसा चमत्कार अमूमन राजनीति में होता है।

## चिंतन-मनन

# अपना दृष्टिकोण

एक कन्या ने अपने पिता से कहा, मैं किसी पुरातत्वविद् से विवाह करना चाहती हूं। पिता ने पूछा, क्यों? कन्या बोली, पिताजी ! पुरातत्वविद् ही एक ? सा व्यक्ति होता है जो पुरानी चीजों को ज्यादा मूल्य देता है। मैं भी ज्यों-ज्यों पुरानी होती जाऊंगी, बूढ़ी होती जाऊंगी, मेरा मूल्य भी बढ़ता जाएगा। वह मेरे से नफरत भी नहीं करेगा। पुरातत्वविद् यह नहीं देखता कि वस्तु कितनी सुन्दर है, कितनी असुन्दर है। वह इतना देखता है कि वस्तु कितनी पुरानी है। यह उसके मूल्यांकन की दृष्टि होती है।

कहने का अर्थ यह कि मूल्यांकन का अपना-अपना दृष्टिकोण होता है। मूल्यांकन का हमारा भी एक दृष्टिकोण है। अध्यात्म की साधना करने वाले व्यक्ति का अपना एक दृष्टिकोण होता है मूल्यांकन का और वह उसका स्वयं का दृष्टिकोण होता है, किसी से उधार लिया हुआ नहीं। उसका दृष्टिकोण बदले, चरित्र बदले। वह पुराना ही न रहे, नया बने। पुरानेपन का आग्रह छूटे। साधना में पुरातत्वविद् की दृष्टि काम नहीं देती। वहां नयेपन का आयाम खुलता है और सदा नया बना रहने की आकांक्षा बनी रहती है।

प्रत्येक समझदार आदमी का प्रयत्न सप्रयोजन होता है। ध्यान की साधना करने वाले व्यक्ति का साध्य है- रूपान्तरण दृष्टि का रूपान्तरण, चरित्र का रूपान्तरण। अहं को अर्हम् में बदलना। अहं और अर्हम् में केवल एक मात्रा का अन्तर है। साधक अहं को छोड़कर अर्हम् बनना चाहता है। एक मात्रा का अर्जन करना है। अहम् पर ऊर्ध्व र लगे, ऐसा प्रयत्न करना है। तब साधना सफल हो जाती है।

## रोचक

### इम्यून सिस्टम को मजबूत करता है विटामिन सी

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** उम्र बढ़ने के बावजूद शरीर और मन को जवान रखा जा सकता है। इसके लिए तनाव से दूर रहना, संतुलित आहार लेना और नियमित रूप से व्यायाम करना आवश्यक है।

जवान रहने के लिए इतना ही काफी नहीं है। शरीर की जरूरतों को पूरा करने के लिए कुछ असरदार सप्लीमेंट्स की भी सहायता ली जा सकती है जो अंदरूनी अंगों को हेल्दी रखते हैं और उम्र का असर कम करते हैं। विशेषज्ञों के अनुसार, कोलेजन ऐसा तत्व है जो त्वचा की झुर्रियों को रोकता है और डेड सेल्स को हटाकर नए सेल्स को जन्म देता है, जिससे त्वचा में ताजगी बनी रहती है। वहीं, विटामिन सी इम्यून सिस्टम को मजबूत करता है और स्किन की चमक बनाए रखने में मदद करता है। यह न केवल रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाता है बल्कि स्किन पर भी यौवन लौटाता है। रेजवेरेट्रॉल नामक एंटीऑक्सीडेंट, जो आमतौर पर रेड वाइन में पाया जाता है, सेल्स को रिपेयर करता है और उन्हें लंबा जीवन देता है।

कोएंजाइम क्यू10 नाम का तत्व शरीर को अंदर से ऊर्जा प्रदान करता है और थकावट के कारण स्किन पर दिखने वाले फाइन लाइन्स को ठीक करता है। हायल्यूरोनिक एसिड स्किन की हाइड्रेशन के लिए अहम माना जाता है और कोलेजन निर्माण में सहायक होता है।

### आदि गुरु शंकराचार्य जयंती पर व्याख्यानमाला का आयोजन

**अशोकनगर, ईएमएस।** रविवार को जनपद पंचायत अशोकनगर सभाकक्ष में शंकराचार्य जी की जयंती पर व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत शंकराचार्य जी प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर की गई। इस अवसर पर जिला एवं ब्लॉक समन्वयक उपस्थित रहे।



### नीट (यूजी) 2025 परीक्षा आयोजित

**अशोकनगर, ईएमएस।** रविवार 4 मई को नीट (यूजी) 2025 को जिला अशोकनगर के दो परीक्षा केन्द्रों क्रमशः शासकीय पीएमश्री कालेज ऑफ एक्सिलेंस बायपास रोड अशोकनगर एवं शासकीय उत्कृष्ट उमा विद्यालय पठार अशोकनगर मे आयोजित की गई। इस परीक्षा में कुल 821 परीक्षार्थियो में से 809 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए तथा 12 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।



## फटाफट खबरें

### गैर-कारोबारी संस्थाओं की नई लेखा प्रणाली पर सीए विशेषज्ञों की कार्यशाला आयोजित

**गुना (ईएमएस)।** चार्टर्ड अकाउंटेंट्स को नए वित्तीय दिशा-निर्देशों की बेहतर समझ देने और उनके व्यावहारिक पहलुओं पर चर्चा के उद्देश्य से एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस आयोजन की मेज़बानी सीपीई स्टडी चैप्टर ऑफ सीआईआरसी ऑफ आईसीएआई ने की। जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय सीए सदस्यों ने भाग लिया। कार्यशाला का आयोजन शहर के एक प्रतिष्ठित होटल में हुआ, जहां मुख्य वक्ता । के रूप में आईसीएआई के केंद्रीय परिषद सदस्य सीए पंकज शाह उपस्थित रहे। उन्होंने गैर-कॉरपोरेट संस्थाओं के लिए नवीनतम गाइडेंस नोट विषय पर विस्तार से जानकारी दी। कार्य म की अध्यक्षता चैप्टर संयोजक सीए अतुल अग्रवाल ने की।

### रोटरी नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर में 75 रोगियों का हुआ नेत्र परीक्षण

**गुना (ईएमएस)।** जिला दृष्टिहीनता नियंत्रण समिति के अंर्तगत रोटरी क्लब गुना एवं सदगुरु सेवा संघ ट्रस्ट आनंदपुर के तत्वाधान में डॉ नीरज जैन के पूज्य पिताजी डॉ प्रेमचंद्र जी जैन की पुण्य स्मृति में नि:शुल्क नेत्र, शुगर व बीपी जांच एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन रोटरी भवन गुना में आयोजित किया गया। शिविर संयोजक विकास जैन नखराली ने बताया की नेत्र शिविर में सदगुरु संकल्प नेत्र चिकत्सालय के विशेषज्ञ डॉ दीपक सिंह एवं चिकित्सा दल द्वारा 75 से अधिक रोगियों का नेत्र परीक्षण किया गया। जिसमें 35 मरीजों को मोतियाबंद ऑपरेशन के लिए चिन्हित कर सद्गुरु सकल्प नेत्र चिकित्सालय लटेरी भेजा गया। इससे पूर्व शिविर का विधिवत शुभारंभ रोटरी अध्यक्ष जितेंद्र खुराना ,सचिव मनोज अग्रवाल, वरिष्ठ रोटेरियन शिखर चंद जैन, रोटे . प्रदीप लोढ़ा, शंभूनाथ तिवारी, सुरेश धाकड़, शिविर संयोजक विकास जैन नखराली, इंजी डी एन नीखरा सहित उनके पुत्र डॉ नीरज जैन, अमिता जैन अनुश्री जैन, आरुषि जैन एवं परिजनों द्वारा रोटरी के जनक पाल पी हेरिस ब रनछोड़ दास जी महाराज के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ आरंभ किया गया।

**ग्राम पंचायत तमाशा में सरकार की मंशा पर पलीता लगा रहे जिम्मेदार**

# लाखों की गौशाला का घटिया निर्माण, मनरेगा सहित निर्माण कार्यों में भी जमकर भ्रष्टाचार

**अशोकनगर, ईएमएस।**

गांव गाय और गरीब हितेषी प्रदेश सरकार योजनाओं को उनके नुमाइंदे किस तरह भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा रहे हैं इसका उदाहरण मुंगावली जनपद पंचायत की ग्राम पंचायत तमाशा में देखा जा सकता है जहां विकास के नाम पर भ्रष्टाचार की ईवारत लिखी जा रही है भ्रष्टाचार के पन्ने पलटाये जाए तो पन्नों की फेहरिस्त काफी लंबी होती जा रही है परत दर परत भ्रष्टाचार के नए मामले सामने आ रहे हैं।

अधिकारियों की मिलीभगत से सरपंच, सचिव व ठेकेदारों द्वारा सरकारी कार्यों में जमकर धांधली की जा रही है। मनरेगा व रोजगार गारंटी जैसी योजनाओं के तहत कराए जा रहे कार्यों में घटिया सामग्री का उपयोग हो रहा है, गुणवत्ता हीन कार्य कराए जाकर लाखों की सरकारी राशि का बंदरबांट किया जा रहा है। सबकुछ सामने होने बावजूद इन दोषियों पर कोई कार्रवाई नहीं होती, जिससे इनके हौसले और बुलंद होते हैं। मुंगावली जनपद की ग्राम पंचायत तमाशा में सरपंच, सचिव और जनपद में पदस्थ उपयंत्री सहित अन्य अधिकारियों की मिलीभगत से गौशाला निर्माण में जमकर धांधली की गई। इसमें घटिया एवं गुणवत्ताहीन सामग्री का उपयोग किया गया। उस घटिया निर्माण का उपयंत्री ने मूल्यांकन भी कर दिया।


Govt. of I... Ministry of Rural Developm... Department of Rural Developm...
...a Gandhi National Rural Employment Guarantee Act
04 May 2025 11:23:46

R6.9 MGNREGS daily status as per e-muster issued

State : MADHYA PRADESH District : ASHOK NAGAR Block : MUNGAOLI Panchayat : TAMASHA

| S No. | Panchayat | Work Code | Work Name | Work Category | Work Type | Agency Name |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | TAMASHA | 1748007012/IF/22012035271496 | Khettalab nirman kary jalil shah/ Chuttan shah | Works on Individuals Land (Category IV) | Construction of Farm Ponds for Individuals | GP RD Deptt |
| 2 | TAMASHA | 1748007012/IF/22012035312628 | Khettalab nirman kary rakesh namdev/ balmukund namdev | Works on Individuals Land (Category IV) | Construction of Farm Ponds for Individuals | GP RD Deptt |
| 3 | TAMASHA | 1748007012/IF/22012035368383 | Pmayg nirman kary Tularam/ sabdal MP120818248 | Works on Individuals Land (Category IV) | Constr of State scheme House for Individuals | GP RD Deptt |
| 4 | TAMASHA | 1748007012/IF/IAY/4056424 | Construction of PMAY-G House for Individuals - PMAY-G REG. NO. MP105179831 | Works on Individuals Land (Category IV) | Constr of PMAY-G House for Individuals | GP-RD Deptt |
| 5 | TAMASHA | 1748007012/IF/IAY/4580245 | Construction of PMAY-G House for Individuals - PMAY-G REG. NO. MP118149869 | Works on Individuals Land (Category IV) | Constr of PMAY G House for Individuals | GP RD Deptt |
| 6 | TAMASHA | 1748007012/RC/22012034840858 | Cc road nirman kary chakka tamasha me hanuman parisar se road tak | Rural Connectivity | Constr of Cement Concrete Roads for Comm | GP-RD Deptt |

Download in Excel

### मनरेगा में फर्जी मस्टर भरकर निकाल रहे राशि

रविवार को ग्राम पंचायत तमाशा मनरेगा के तहत पोर्टल पर 108 मजदूर, 06 काम करते दर्शाए गए। जलील शाह, छुट्टन शाह, राकेश, बालमुकुंद नामदेव के यहां खेत तालाब निर्माण, हनुमान परिसर से रोड तक सीसी रोड निर्माण कार्य, तुलाराम सब्दल, दो अन्य लोगों के यहां पीएम आवास निर्माण कार्य होना दर्शाए, जबकि जमीनी हकीकत में वहां ना तो कोई मजदूर काम रहे थे, और न ही कोई काम हो रहा था। पोर्टल पर सभी मस्टर फर्जी चढ़ाए गए, यहां तक की मजदूरों के काम करते हुए फोटो भी फर्जी डाले गए। इस तरह सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक मजदूरों के हक की राशि हड़प रहे हैं। पंचायत में कराए गए निर्माण कार्य भी गुणवत्ताहीन होने के चलते जर्जर हो रहे हैं, निर्माण के साथ ही गौशाला खस्ता हाल हो गई है। जो स्वयं भ्रष्टाचार की कहानी बयां कर रही है। ग्राम पंचायत के निरीक्षण के लिए कोई अधिकारी नहीं जाता है। जिससे सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक की खूब मनमानी और पंचायत में भारी भ्रष्टाचार चल रहा है। पंचायत में पुराने कामों पर मजदूर चढ़ा रहे हैं, कुछ काम हुए ही नहीं और कुछ पहले हो गए हैं। इस संबंध में रोजगार सहायक इमरान खान को चार बार कॉल लगाई लेकिन उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया।

### इनका कहना

ग्राम पंचायत में बढ़िया काम चल रहा है।

**ओमप्रकाश पालीवाल, सरपंच ग्राम पंचायत तमाशा, जनपद मुंगावली जिला अशोकनगर**

### टंट्या मामा तिराहे से हटाई जाए शराब दुकान, जयस ने आंदोलन की दी चेतावनी

**खरगोन, ईएमएस।** आदिवासी युवाओं के सामाजिक संगठन जयस की जिला स्तरीय बैठक रविवार को आयोजित की गई। बैठक में शहर के बिस्टान नाका (टंट्या मामा तिराहा) पर संचालित हो रही शराब दुकान को विरोध के बाद भी अन्यंत्र विस्थापित नही करने पर पदाधिकारियों ने आक्रोश दर्ज कराया। जयस जिलाध्यक्ष सचिन सिसौदिया ने बताया दुकान को अन्यंत्र विस्थापित करने की मांग को लेकर आगामी दिनों में आंदोलन शुरु करने की सहमति जताते हुए सर्व सहमति से समिति का गठन किया गया। इस समिति का अध्यक्ष आकाश खोड़े को बनाया गया।
इसके अलावा कमिटी में 12 अन्य सदस्य शामिल होंगे। जयस जिला संरक्षक सुभाष डावर आदि ने बताया कि समिति में सुभाष मेहता, टेनशिंह मेहता, महेंद्र चौहान, अजय नार्वे, सावन ब्राह्मणे, बब्लू नार्वे, भावसिंह खरते, बाला निंगवाल, जितेंद्र रावत, इंदरसिंह, पंकज वास्कले को शामिल किया है। उक्त शराब दुकान को जल्द हटाये जाने का निवेदन किया जाएगा, यदि शासन मांग को गंभीरता से नही लेता है तो आंदोलन को बाध्य होंगे।

### आज से टेमला में बहेगी श्रीकृष्ण भक्ति की बयार, कलश यात्रा से शुरु होगी सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा



**खरगोन, ईएमएस।** ग्राम टेमला सहित आसपास के ग्राम के लोगों को जिस पल का इंतजार था वह अब आ गया है। सोमवार से ग्राम टेमला में संगीतमय श्रीमद् भावगत कथा की शुरुआत होने जा रही है। यहां वृंदावन के प्रख्यात कथावाचक डॉ.श्यामसुंदर पाराशर श्रोताओं को कथा का रसपान कराएंगे।
कथा के साथ ही यहां होने वाली रासलीला से आगामी 7 दिनों तक गांव में श्रीकृष्ण भक्ति की बयार बहेगी। श्रीकृष्ण संकीतन चैतन्य समिति के तत्वाधान में आयोजित इस कथा को लेकर विधायक बालकृष्ण पाटीदार ने बताया कि कथास्थल पर 60 बाय 40 का विशाल मंच बनाया गया है, जहां रोजाना दोपहर 1 से शाम 4 बजे तक कथा होगी, जबकि रात्री में इसी व्यासपीठ पर रासलीला का मंचन भी होगा, जिसमें कुंज बिहारी एवं उनकी टीम मनमोहक रासलीला का नाट्य मंचन करेंगे। उक्त धार्मिक आयोजन को लेकर समूचा गांव श्रीकृष्ण भक्ति के रंग में रंगने के लिए उत्सुक है। कथा से पूर्व सोमवार सुबह भव्य कलश यात्रा भी निकाली जाएगी, यह कलश यात्रा गांव के लक्ष्मीनारायण मंदिर से शुरु होगी। इसी मंदिर में पिछले 49 वर्षों से अनवरत चल रहे हरे राम हरे कृष्णा..वार्षिक संकीर्तन के 50 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में स्वर्ण जयंती महोत्सव के रुप में हो रहा है। आयोजन समिति के नीतिन पाटीदार ने बताया यह सौभाग्य का अवसर है, ग्राम में पहली बार इतने बड़े पैमाने पर कथा आयोजन हो रहा है। कथा के लिए विशाल पांडाल (डोम) लगाया गया है, जिसमें कुलर, एलईडी स्क्रीन, फव्वारे आदि की व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही आने वाले श्रोताओं के लिए भोजन, बैठक को लेकर व्यापक स्तर पर तैयारियां की गई है। पिछले एक माह से 29 अलग-अलग समितियां व्यवस्थाओं में जुटी है, जो प्रचार- प्रसार, कथा पांडाल, पेयजल, स्वच्छता के साथ ही भोजन, पार्किंग, बैठक व्यवस्था संभालेगी।प्रचार- प्रमुख राम्या पाटीदार ने बताया सुबह 9 बजे कलश यात्रा निकाली जाएगी जिसमें 108 बालिकाएं कलश शिरोधार्य करेंगी, यह यात्रा बाजे- गाजे के साथ भव्य रुप से निकाली जाएगी, जिसमें हजारों की संख्या में ग्रामीणजन भी शामिल रहेंगे।

# पूर्व विधायक गोपाल सिंह पर किसान से मारपीट का आरोप, एफआईआर दर्ज

**अशोकनगर, ईएमएस।**

जिले के चंदेरी में कांग्रेस के पूर्व विधायक गोपाल सिंह चौहान उर्फ डग्गी राजा पर मारपीट और धमकी देने का मामला सामने आया है। आरोप है कि उन्होंने एक बुजुर्ग किसान को थप्पड़ मारा, गाली-गलौज की और उनके गार्ड ने लात मारी। इतना ही नहीं, दूसरे गार्ड ने किसान के सीने पर राइफल अड़ाकर जान से मारने की धमकी दी। चंदेरी पुलिस ने पूर्व विधायक समेत तीन लोगों पर एफआईआर दर्ज की है।

घटना 4 मई की सुबह करीब 8 बजे की है। कुंवरपुर गांव में रहने वाले कृपाल सिंह लोधी के साथ मारपीट की ये घटना हुई है। कृपाल सिंह भाजपा किसान मोर्चा के चंदेरी ग्रामीण मंडल अध्यक्ष भारत सिंह लोधी के पिता हैं। बताया जा रहा है कि विवाद की वजह जमीन पर जाने वाले रास्ते का है। पीड़ित कृपाल सिंह का आरोप है कि कांग्रेस के पूर्व विधायक गोपाल सिंह चौहान उर्फ डग्गी राजा अपने दो गार्डों के साथ सुबह-सुबह आए विवाद किया। इसी दौरान डग्गी राजा ने उन्हें थप्पड़ मारे और गार्ड ने सीने पर बंदूक रखकर धमकाया



इसके बाद गार्डों ने भी लात-घूंसों से उन्हें पीटा। शिकायत के मुताबिक, गोपाल सिंह चौहान ने पहले गंदी-गंदी गालियां दीं और फिर थप्पड़ मारा। उनका गार्ड राजाभैया परमार ने कृपाल सिंह की जांघ में लात मारी और दूसरे गार्ड राजदीप परमार ने अपनी राइफल उनके सीने पर अड़ा दी। धमकी दी कि अगर रास्ता नहीं बनने दिया तो तुम्हें और तुम्हारे बेटे को जान से खत्म कर देंगे।

### विधायक जगन्नाथ भी थाने पहुंचे

घटना की सूचना मिलते ही चंदेरी के भाजपा विधायक जगन्नाथ सिंह रघुवंशी थाने पहुंचे और पीड़ित परिवार से मुलाकात की। पुलिस ने गोपाल सिंह चौहान, राजाभैया परमार और राजदीप परमार के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। मामले की जांच जारी है।

### परीक्षा से पहले कड़ी जांच से गुजरे नीट परीक्षार्थी, 2530 ने दी परीक्षा

**खरगोन, ईएमएस।**

राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा आयोजित की जाने वाली देश की सबसे बड़ी मेडिकल प्रवेश परीक्षा नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट (नीट) रविवार को शहर के 8 केंद्रों पर आयोजित की गई। सुबह 11 बजे से परीक्षा केंद्रों में प्रवेश दिया गया। दोपहर 1:30 बजे एग्जाम सेंटर्स पर प्रवेश बंद कर दिया गया। परीक्षा का समय दोपहर दो बजे था लेकिन परीक्षा से पहले परीक्षार्थियों को कड़ी जांच से गुजरना पड़ा।
परीक्षा की नोडल अधिकारी से मिली जानकारी अनुसार परीक्षा बिना किसी गड़बड़ी के परीक्षा समाप्त हुई। परीक्षा के लिए 8 सेंटर बनाए गए थे, जहां 2530 प्रतिभागियों की बैठक व्यवस्था की गई थी। पीजी कॉलेज में 300, देवी अहिल्या उत्कृष्ट विद्यालय क्रमांक-1 और क्रमांक 2 में 400-400, पॉलिटेक्निक कॉलेज 240, कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल में 350, कन्या शिक्षा परिसर में 300, केंद्रिय विद्यालय में 300 और एकलव्य मॉडल विद्यालय में 240 परीक्षार्थियों की बैठक व्यवस्था की गई थी। किसी भी सेंटर पर कोई गड़बड़ी का मामला सामने नहीं आया। परीक्षा केन्द्र पर प्रत्येक परीक्षार्थी की जांच के बाद प्रवेश दिया गया।

# श्री हनुमान धाम प्रांगण में श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ का शोभायात्रा के साथ हुआ शुभारंभ

**नर्मदापुरम(ईएमएस)।**

माँ नर्मदा के दक्षिण तट स्थित कोठी बाजार में श्री हनुमान धाम प्रांगण में जनकल्याणार्थ किसान समृद्धि श्री लक्ष्मी नारायण माहायज्ञ का आयोजन यज्ञाचार्य पंडित अजय दुबे जी के मार्गदर्शन में भव्य कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हुआ।
यज्ञ चरणानुराज्ञी पंडित रोहित दुबे ने बताया कि प्रातः प्रायश्चित संकल्प कराकर यजमानों का दशविध स्नान कराकर माँ नर्मदा जी का पूजन करके कन्याओं का पूजन करके मंगल उद्घोष के साथ कलश यात्रा प्रातः पोस्ट ऑफिस घाट से प्रारंभ होकर हनुमान धाम यज्ञशाला प्रांगण पहुंची। यज्ञ के संयोजक पं. अखिलेश दुबे ने बताया कि कलश यात्रा के उपरांत पीयूष शर्मा,अर्जुन मालवीय,हरि सिंह मीणा सहित यज्ञ में वर्णित यजमान परिवार मधुसूदन गौर, निशा गौर,अजय मिश्रा,



वंदना मिश्रा,कमलेश मिश्रा,अर्चना मिश्रा, संतोष गौर, रंजना गौर,मनीषा गौर, सौभांगिनी स्वामी, शरद गौर, नरेंद्र राठौर,सुंदरलाल दुबे, गुरु प्रसाद दुबे, सुधा दुबे, अभिलाषा दुबे,अभिजय दुबे, निकुंज दुबे, राजेंद्र प्रसाद दुबे, कमोद सिंह चौहान,शकुन चौहान,वरिष्ठ अधिवक्ता प्रदीप चौबे, रीना चौबे त्रिभुवन सिंह चौहान,सविता चौहान द्वारा पंचांग पूजन करके ब्राह्मण देवताओ को वरण में वस्त्र आसन माला गोमुखी एवं स्वर्ण दान कर मंडप प्रवेश किया गया। सोमवार 5 मई 2025 को मत्रों के द्वारा अग्नि प्रकट करके हवन प्रारंभ होगा एवं शाम को वेदांती स्वामी चंद्रशेखरानंद गिरी महाराज के सानिध्य एवं महंत अनंत वन गिरी महाराज द्वारा शाम 6 से रात्रि 8 बजे तक यज्ञ के महत्व पर प्रवचन दिया जाएगा।

# गर्मी में राहत के साधनों पर नगर निगम का चला बुलडोजर

**नेट हटाने पर पार्षदों का आक्रोश**

**बुरहानपुर, ईएमएस।**

शहर इन दिनों भीषण गर्मी की चपेट में है, जहां तापमान 44 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच चुका है। इस झुलसाती गर्मी में राहगीरों को थोड़ी राहत देने के लिए दुकानदारों ने अपनी दुकानों के सामने छांव देने वाली हरि नेट बांधी लेकिन नगर निगम द्वारा चलाए जा रहे अतिक्रमण विरोधी अभियान के तहत इन हरि नेट को भी अतिक्रमण मानते हुए हटवा दिया गया, जिससे स्थानीय पार्षदों और नागरिकों में रोष व्याप्त है।
नगर निगम इसे अतिक्रमण मानकर शहर की सुंदरता और यातायात व्यवस्था में बाधा डालना बता रहा है लेकिन दूसरी ओर, जनप्रतिनिधियों और दुकानदारों का कहना है कि हरि नेट से न तो यातायात बाधित हो रहा था, और न ही इससे कोई व्यवसायिक गतिविधि प्रभावित हो रही थी। बल्कि ये नेट राहगीरों के लिए गर्मी में राहत का एक साधन बन गए थे। इस मुद्दे को लेकर पार्षदों ने नगर निगम की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा कि बढ़ते तापमान के इस दौर में नगर निगम को स्वयं ही छाव और ठंडे पानी की व्यवस्था करनी चाहिए थी। जब आम लोग अपने स्तर पर ऐसी पहल कर रहे हैं, तो उसे अतिक्रमण बताकर हटाना संवेदनहीनता दर्शाता है। जब कि प्रशासन संवेदनशीलता से काम ले और जनहित में लिए गए कदमों को अतिक्रमण की श्रेणी में न रखे। नगर निगम को चाहिए कि वह नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए कार्य करे इस मामले को लेकर शहर के पार्षदों के द्वारा इसकी शिकायत नगर निगम आयुक्त से की गई है कि वह अतिक्रमण हटाने में समान रूप से कार्य करें जबकि देखा यह गया है कि जब भी नगर निगम के द्वारा अतिक्रमण मुहीम शहर के बाजार क्षेत्र में चलाई जाती है तब तब क्षेत्र विशेष से ही इसकी शुरुआत की जाती है जबकि बाजार के चारों ओर अतिक्रमण फैला हुआ है इस ओर भी अतिक्रमण दस्ते को ध्यान देना चाहिए !



## कृषकों को उर्वरक के उपयोग, नरवाई प्रबंधन के लिए किया जागरूक

**अशोकनगर, ईएमएस।** कलेक्टर आदित्य सिंह के निर्देशों के पालन में रविवार को कृषि विभाग के द्वारा कार्यालय कृषि अभियांत्रिकी अशोकनगर में कृषि वैज्ञानिकों की उपस्थिति में, निजी खाद विक्रेताओं एवं किसानों की संयुक्त रूप से संगोष्ठी आयोजित की गई। जिसमें संतुलित उर्वरक प्रबन्धन के बारे में जानकारी दी गई। संगोष्टी में विशेष रूप से डीएपी के विकल्प के रूप में एनपीके ग्रेड के उर्वरकों के उपयोग के बारे में उपस्थित कृषकों को विस्तार से जानकारी दी गई और नरवाई प्रबंधन एवं मिट्टी परीक्षण करने की समझाइश दी गई।

# कलेक्टर के निर्देशन में अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध अभियान जारी, अवैध गुमठियां हटाना शुरू

**नर्मदापुरम(ईएमएस)।**

कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना के निर्देशानुसार जिले में अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध नियमित रूप से सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में शुक्रवार से नर्मदापुरम जिला मुख्यालय पर नगर के विभिन्न क्षेत्रों में अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की शुरू की गई। कार्यवाही नगर पालिका परिषद नर्मदापुरम एवं राजस्व अमले द्वारा संयुक्त रूप से की गई। इसमें पुराना बस स्टैंड, हलवाई चौक, सब्जी मंडी सहित नगर के अन्य प्रमुख स्थानों पर अतिक्रमण हटाए गए।

अभियान के तहत जेसीबी मशीनों की मदद से अवैध रूप से किए गए पक्के निर्माणों को ध्वस्त किया गया। इसके साथ ही सड़कों और सार्वजनिक स्थानों पर अवैध रूप से लगाई गई टपरियाँ एवं गुमठियाँ भी हटाई गईं। प्रशासन द्वारा सार्वजनिक परिसरों, सड़कों और चौक-चौराहों पर किए गए किसी भी प्रकार के अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध नियमित रूप से अभियान चला कर कार्यवाही की जा रही है। अवगत हो कि मीनाक्षी चौराहा से लेकर हरियाली चौक , देहात थाना, आईजी



ऑफिस , आरटीओ कार्यालय से होते हुए कुलामढ़ी मार्ग जेल रोड तिराहे तक बड़ी संख्या में सड़क किनारे टप एवं गुमटियां रखकर अतिक्रमण किया गया है। जिससे वाहन चालकों सहित राहगीरों के लिए दुर्घटना का सेंसिटिव क्षेत्र निर्मित हो गया है। गत वर्ष दिसंबर 2024 में मुख्यमंत्री के आईटीआई नर्मदापुरम आगमन के दौरान यहां के अतिक्रमण हटाए गए थे जो अब पुनः स्थापित हो गए हैं।प्रशासन को चाहिए कि यहां पर पुनः स्थापित हुए अतिक्रमणों को हटाया जाए और राहगीरों सहित नागरिकों को सड़क पर सुरक्षित वाहन चालन की सुविधा मिल सके।

**साइन ईडन पार्क छोटी पहाड़िया के आसपास की कालोनियों में चोरों का खौफ**

# युवाओं की पहरेदारी, पुलिस टीम की खोजबीन जारी

**नर्मदापुरम(ईएमएस)।** जिला मुख्यालय के आसपास की कालोनियों में कुछ दिन पूर्व हुई चोरी की घटनाओं का पुलिस अब तक खुलासा नहीं कर सकी है। शातिर चोर गिरोह पुलिस के लिए चुनौती बना हुआ है और कॉलोनी में रहने वाले रहवासी दहशत में रात गुजारने को मजबूर है।
वहीं कॉलोनी के युवाओं की टीम अब रात में स्वयं पहरा दे रही है। निरंतर हुई चोरियों के शातिर चोर गिरोह अब तक नहीं पकड़े जाने से नाराज साइन ईडन पार्क छोटी पहाड़ियां निवासी समाजसेवी स्वदेश सैनी द्वारा पुलिस अधीक्षक को आवेदन देकर चोर गिरोह को पकड़ने सहित पुलिस गश्त बढ़ाए जाने की मांग की गई है। साथ ही अब कॉलोनी के युवाओं द्वारा कॉलोनी वासियों को चोरों के आतंक और भय से बचाने के लिए रात को स्वयं पहरा देकर सुरक्षा की जा रही है। तो ऐसे में पुलिस जवानों की गश्त की पेमेंट युवाओं को देने के लिए



भी कहा गया है। पुलिस अधीक्षक से आग्रह किया गया है कि चोरों के गिरोह को जल्द से जल्द पकड़ा जाए ताकि क्षेत्र के नागरिक निडर होकर रहवास कर सकें। अवगत हो कि अप्रैल माह में ग्लोबल नेट और डिवाइन सिटी कॉलोनी के करीब 7 घरों में चोरों ने बेखौफ चोरी कर फरार हो गए। वारदात की घटना सीसीटीवी में भी कैद हुई है। मामले में एसडीओपी पराग सैनी ने बताया कि चोरों को पकड़ने के लिए पुलिस टीम लगातार प्रयास कर रही है। यह बाहरी चोर गिरोह है, जिनका तरीका घरों में चोरी के बाद एक दो पहिया वाहन लेकर जाना होता है।इसी प्रकार की चोरी मंडीदीप में भी हो चुकी है। जो कि एक स्थान पर चोरी कर आगे बढ़ जाते हैं चोर गिरोह को पकड़ने का पूरा प्रयास किया जा रहा है और पुलिस टीम रात को गश्त भी कर रही है। देहात थाना प्रभारी प्रवीण चौहान ने बताया कि चोर गिरोह अभी पकड़े नहीं गए है, उन्हें पकड़ने का पूरा प्रयास किया जा रहा है। पुलिस टीम सतत लगी हुई है।

## बैंक स्थापना दिवस पर पेंशनरों का किया सम्मान

**खरगोन, ईएमएस।**

शहर के सनावद रोड पर संचालित हो रही निजी बैंक ने अपना स्थापना दिवस पेंशनरों के साथ मनाया। बैंक प्रबंधक बडोले ने वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्स एसोसिएशन के सदस्यों को पेंशनरों के साथ ही शासकिय कर्मचारियों और ग्राहको के लिए चलाई जा रही योजनाओं, बैंक सुविधाओं की जानकारी दी। इस दौरान वरिष्ठ नागरिक पेंशनर्स एसोसिएशन जिलाध्यक्ष इंजी. राधेश्याम पाटीदार सहित डा. विष्णु प्रसाद शर्मा, राजेंद्र तिवारी, नरेंद्र तंवर, तेजकरण गुप्ता आदि का पुष्पहार शाल एवं श्रीफल से सम्मानित किया। बैंक प्रबंधक ने बताया कि वरिष्ठ नागरिकों के लिए एफ डी पर सबसे ज्यादा ब्याज 8.5 प्रतिशत की दर से प्रदाय करने के साथ ही मकान निर्माण, बच्चों को उच्च शिक्षा ऋण आदि सुविधा भी उपलब्ध कराता है।

## ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविरों का किया जा रहा आयोजन



**अशोकनगर, ईएमएस।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग और शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वाधान में दिनांक 1 मई से ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन जिला मुख्यालय के साथ साथ विकासखंड स्तर पर भी किया जा रहा है। जिला मुख्यालय पर अशोकनगर के स्थानीय संजय स्टेडियम, उत्कृष्ट विद्यालय पठार, मुस्कान पब्लिक स्कूल और इंडोर स्टेडियम अशोकनगर में प्रातः काल 6 बजे से 8 बजे तक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस प्रशिक्षण शिविर में कराते, हॉकी, हैंडबॉल, क्रिकेट, बास्केटबॉल बैडमिंटन, टेबल टेनिस एवं एथलेटिक्स खेलों में अनुभवी खेल प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। प्रशिक्षण शिविर में 19 वर्ष से कम आयु वर्ग के बालक एवं बालिका भाग ले सकते हैं। प्रशिक्षण में सम्मिलित होने के लिए आवेदक को निर्धारित आवेदन कार्यालय से प्राप्त कर फोटो और आधार कार्ड की कॉपी के साथ कार्यालय में जमा करा सकते हैं। हर्षा झरिया खेल प्रशिक्षक, ने बताया कि प्रतिवर्ष खेल विभाग द्वारा खेल प्रशिक्षण शिविरो का आयोजन कराया जाता है। इनमें स्कूली बच्चे खेलों की बारीकियां सीखकर खुद को फिट रखने के साथ साथ समय का सदुपयोग करते है। खेल प्रशिक्षण शिविर से संबंधित जानकारी हेतु संजय स्टेडियम स्थित कार्यालय में प्रातः 6 से 8 बजे तक एवं शेष समय इनडोर स्टेडियम के ऑफिस में संपर्क किया जा सकता है।

### जडेजा ने लगाया सत्र का सबसे लंबा छक्का

बेंगलुरु (ईएमएस)। आईपीएल के इस सत्र में चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) के ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने 77 रनों की शानदार पारी खेली। जडेजा हालांकि इस पारी के बाद भी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के खिलाफ अपनी टीम को जीत नहीं दिला पाये पर इस पारी के दौरान उन्होंने सत्र का सबसे लंबा छक्का लगाने का रिकार्ड अपने नाम किया।



### विराट का ऑरेंज कैप पर कब्जा

मुम्बई (ईएमएस)। रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली ने चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके के खिलाफ मैच में अर्धशतकीय पारी खेलने के साथ ही सबसे अधिक रनों के लिए मिलने वाली ऑरेंज कैप पर अपना कब्जा जमा लिया है। विराट ने सत्र की 11 पारियों में ही 7 अर्धशतक लगाये हैं। सीएसके के खिलाफ उन्होंने अपना 10वां अर्धशतक लगाया।



# आईपीएल में सनराइजर्स पर जीत के इरादे से उत्तरेगी कैपिटल्स

## शाम 7.30 बजे से होगा मैच




हैदराबाद (ईएमएस)।

दिल्ली कैपिटल्स की टीम सोमवार को यहां सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ जीत हासिल कर प्लेऑफ के लिए अपनी दावेदारी मजबूत करने के इरादे से उतरेगी। कैपिटल्स को पिछले मैच में कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था। जिससे उसके विजय अभियान को झटका लगा था। दिल्ली कैपिटल्स की टीम अभी 10 मैच में 12 अंक के साथ पांचवें स्थान पर है। वहीं सनराइजर्स की टीम नौवें स्थान पर है, ऐसे में इस मैच में दिल्ली का पलड़ा भारी नजर आता है।

इस मैच में दिल्ली के कप्तान अक्षर पटेल का खेलना संदिग्ध है। अक्षर को पिछले मैच में केकेआर के खिलाफ बाएं हाथ में चोट लग गयी थी। थे। अक्षर ने पिछले मैच में 23 गेंद में 43 रन बनाये थे। ऐसे में अक्षर इस मैच में नहीं खेलते या मैच में उनकी भूमिका सीमित होती है तो इससे टीम के प्रदर्शन पर असर पड़ेगा। टीम को अपने पिछले दो मैच में घरेलू मैदान पर केकेआर और आरसीबी के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा है। दिल्ली की टीम अपने पिछले पांच में से तीन मुकाबले हारी है ऐसे में उसके लिए इस मैच में बड़ी जीत दर्ज करना जरुरी है।

उनके लिए राहत की बात ये है कि अनुभी बल्लेबाज फाफ डु प्लेसी फॉर्म में आ गये हैं। टीम की बल्लेबाजी के आधार के एल राहुल रहेंगे। राहुल ने अब तक नौ मैच में 371 रन बनाये हैं। इस मैच में दिल्ली के बल्लेबाजों के लिए हैदराबाद के तेज गेंदबाजों पैट कमिंस, मोहम्मद शमी के अलावा हर्षल पटेल का सामना करन आसान नहीं होगा। वहीं उसके बल्लेबा अभिषेक पोरेल भी इस मैच में बड़ी पारी खेलना चाहेंगे।

दिल्ली के पास ऑलराउंडर के तौर पर विपराज निगम है। निगल अंतिम ओवरों में तेजी से रन बनाने में सक्षम हैं। वहीं दिल्ली की गेंदबाजी की कमान तेज गेंदबाजों मिचेल स्टार्क और दुष्मंता चमीरा के अलावा मुकेश कुमार जैसे अनुभवी गेंदबाजों के पास है।

वहीं दूसरी ओर सनराइजर्स की टीम की प्लेफऑफ की संभावनाएं तकरीबन समाप्त हो गयी है। टीम की ताकत बल्लेबाजी है पर इस सत्र में उसके बल्लेबाज विफल रहे हैं। ट्रविस है और अभिषेक शर्मा के प्रदर्शन में निरंतरता की कमी रही है, हेनरिक क्लासेन भी उम्मीद के अनुसार प्रदर्शन नहीं कर पाये हैं।

वहीं गेंदबाज मो शमी, ट्रेविस हेड, इशान किशन, और जयदेव उनादकट भी प्रभावित नहीं कर पाये है। कुल मिलाकर देखा जाये तो इस मैच में सनराइजर्स के जीतने की संभावनाएं बेहद कम हैं।

**दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं**

सनराइजर्स हैदराबाद : पैट कमिंस (कप्तान), इशान किशन (विकेटकीपर), अथर्व तायडे, अभिनव मनोहर, अनिकेत वर्मा, सचिन बेबी, स्मरण रविचंद्रन, हेनरिक क्लासेन, ट्रेविस हेड, हर्षल पटेल, कामिंदु मेंडिस, वियान मुल्डर, अभिषेक शर्मा, नितीश कुमार रेड्डी, मोहम्मद शमी, राहुल चाहर, सिमरजीत सिंह, जीशान अंसारी, जयदेव उनादकट, और इशान मलिंगा।

दिल्ली कैपिटल्स : अक्षर पटेल (कप्तान), जेक फ्रेजर-मैकगर्क, अभिषेक पोरेल, करुण नायर, लोकेश राहुल, ट्रिस्टन स्टब्स, आशुतोष शर्मा, विपराज निगम, मिचेल स्टार्क, कुलदीप यादव, मोहित शर्मा, मुकेश कुमार, समीर रिजवी, दर्शन नालकंडे, डोनोवन फरेरा, त्रिपुराना विजय, दुष्मंता चमीरा, फाफ डु प्लेसी, टी नटराजन, अजय जादव मंडल, मनवंत कुमार एल और माधव तिवारी।

## पंजाब किंग्स ने मैक्सवेल की जगह अनकैप्ड ओवेन को शामिल किया

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** पंजाब किंग्स ने चोटिल ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल की जगह पर अनकैप्ड मिचेल ओवेन को शामिल किया है। मैक्सवेल पूरे टूर्नामेंट से ही बाहर हो गये हैं। ओवेन भी ऑस्ट्रेलिया के ही हैं हालांकि उन्होंने अभी तक ऑस्ट्रेलिया की ओर से नहीं खेला है। पंजाब ने लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ धर्मशाला में होने वाले मैच से पहले ओवेन को शामिल करने की घोषणा की है। पंजाब ने अब तक 10 में से 6 मुकाबले जीते हैं जबकि एक मैच का परिणाम नहीं निकला है। इस तरह टीम के 13 अंक हैं और वह प्लेऑफ में पहुंचने लखनऊ के खिलाफ जीत चाहेगी।

तस्मानिया की ओर से खेलने वाले ओवेन ने 34 टी20 मैचों में 646 रन बनाए हैं, जिसमें दो शतक शामिल हैं। इसके अलावा 10 विकेट भी लिए हैं। ओवेन को 3 करोड़ रुपये में शामिल किया गया है। वहीं चोट के कारण बाहर हुए मैक्सवेल का प्रदर्शन इस सत्र में अच्छा नहीं रहा है। अब देखना है कि उनकी जगह पर शामिल ओवन कितने उपयोगी साबित होते हैं। इससे पहले कोच रिकी पोंटिंग ने हाल ही में कहा था कि लॉकी फर्ग्यूसन और ग्लेन मैक्सवेल का रिप्लेसमेंट खोजने में पंजाब किंग्स को परेशानी हो रही है।

## सूर्यकुमार ने आयुष को भविष्य का सितारा बताया



बेंगलुरु (ईएमएस)।

चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) को यहां हुए आईपीएल मुकाबले में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) से हार का सामना करना पड़ा है पर इस मैच में उभरते हुए बल्लेबाज आयुष म्हात्रे अपनी आक्रामक पारी से सबके आकर्षण का केन्द्र बने हैं। आयुष ने इस मैच में तेजी से खेलते हुए 94 रन बनाये हालांकि वह अपनी टीम को जीत नहीं दिला पाये। आयुष की इसी पारी की भारतीय टी20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव ने जमकर प्रशंसा की है। सूर्यकुमार ने कहा है कि आयुष भविष्य के सितारे हैं। उन्होंने ट्वीट करते हुए लिखा, निश्चित इरादे, बहादुरी और जोश से भरी पारी! भविष्य यहीं है, यह नाम याद रखना। गौरतलब है कि आयुष को कप्तान रुतुराज गायकवाड़ के चोटिल होने के बाद सीएसके ने अपनी टीम में शामिल किया था। वह मुम्बई की ओर से घरेलू क्रिकेट खेलते हैं।

इस मैच में आसीबी के तेज गेंदबाज यश दयाल ने अंतिम ओवर में जबरदस्त गेंदबाजी करते हुए आरसीबी को जीत दिलायी। इस मैच में जीत के लिए सीएसके को अंतिम ओवर में 15 रन की जरुरत पर वह केवल 13 रन ही बना पायी। इस मैच में जीत से आरसीबी का प्लेऑफ में पहुंचना तय हो गया है।

इस मैच में आयुष की पारी सबसे आकर्षण का केन्द्र रही। आयुष ने 48 गेंदों में 195.83 के स्ट्राइक रेट से 94 रन बनाए। अपनी इस पारी में आयुष ने 9 चौके और 5 छक्के लगाये। सीएसके प्लेऑफ से बाहर होने के बाद अगले सत्र के लिए प्रतिभाएं तलाश रही थी जिसमें अब वह सफल होती दिख रही है।

## एशिया कप से पाकिस्तान को किया जा सकता है बाहर : गावस्कर



**नई दिल्ली (ईएमएस)।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने कहा है कि पहलगाम आतंकी हमले के कारण पाकिस्तान क्रिकेट टीम को एशिया कप से बार कर दिया जाना तय है। एशिया कप की मेजबानी भारतीय बोर्ड (बीसीसीआई) कर रहा है और ऐसे में वह किसी भी हालत में पाक शामिल करना नहीं चाहेगा। गावस्कर ने यहां तक कहा कि एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) को भी भंग किया जा सकता है।

गावस्कर ने कहा कि बीसीसीआई सरकार के अनुसार चलती है और अभी सरकार पाक से किसी प्रकार के संपर्क के पक्ष में नहीं है। इस पूर्व कप्तान के अनुसार अगर सरकार पाक से क्रिकेट संबंध नहीं चाहती, तो बीसीसीआई उसपर अमल करेगी। एशिया की मेजबानी सितंबर में भारत और श्रीलंका संयुक्त रुप से करेंगे।

गावस्कर ने यह भी कहा कि अगर हालात और खराब होते हैं ता बीसीसीआई एसीसी से भी अलग हो सकता है और बांग्लादेश, श्रीलंका, अफगानिस्तान जैसे देशों के साथ अलग टूर्नामेंट आयोजित कर सकता है। उन्होंने कहा कि यह टूर्नामेंट भारत, श्रीलंका या बांग्लादेश में कराया जा सकता है और भारत इसकी मेजबानी करेगा।

## डब्ल्यूडब्ल्यूई की क्वीन शार्लेट बेसबॉल खिलाड़ी एलेक्स को कर रही डेट

नईदिल्ली,(ईएमएस)।



डब्ल्यूडब्ल्यूई की सुपरस्टार शार्लेट फ्लेयर जो 2025 में डब्ल्यूडब्ल्यूई रॉयल रंबल मैच जीते थे। उनको हाल ही में लास वेगास में हुए शो ऑफ शोज में टिफनी स्ट्रैटन ने उन्हें हरा दिया। घुटने की चोट के कारण एक साल के ब्रेक के बाद शार्लेट ने 2025 विमेंस रॉयल रंबल जीतकर डब्ल्यूडब्ल्यूई में वापसी की थी। हालांकि, टिफनी स्ट्रैटन के खिलाफ उन्हें डब्ल्यूडब्ल्यूई विमेंस चैंपियन का खिताब बरकरार रखने में हार का सामना करना पड़ा।

शार्लेट फ्लेयर ने अपने पति एंड्राडे से शादी के दो साल बाद तलाक की घोषणा की है। जिसके बाद फैंस अनुमान लगा रहे हैं कि वह पूर्व बेसबॉल शॉर्टस्टॉप एलेक्स रोड्रिगेज को डेट कर रही हैं। शार्लेट फ्लेयर और एंड्राडे ने 2019 में अपने रिश्ते की घोषणा की थी। कुछ समय तक डेटिंग करने के बाद दोनों ने 2020 में सगाई की थी और 2022 में शादी की थी। डब्ल्यूडब्ल्यूई की यह जोड़ी एक पावर कपल लग रही थी जब एंड्राडे ने 31 जुलाई 2022 को अपने महान लास्ट मैच के लिए रिक फ्लेयर के साथ साझेदारी की।

एंड्राडे को शार्लेट फ्लेयर की घुटने की चोट से उबरने के दौरान भी उनका समर्थन करते हुए दिखे थे, लेकिन किसी को पता नहीं था कि पर्दे के पीछे रिश्ते में दरारें पड़ रही थीं। जिसके कारण उनकी शादी खत्म हो गई। शार्लेट फ्लेयर ने अपने पति एंड्राडे से शादी के दो साल बाद तलाक की ऐलान किया है। डब्ल्यूडब्ल्यूई सितारों ने जुलाई 2024 में अपनी शादी समाप्त कर दी, कोर्ट के रिकॉर्ड से पुष्टि हुई कि तलाक अक्टूबर 2024 में हो गई थी। इस चौंकाने वाले अलगाव ने फैंस और रेसलिंग समुदाय के बीच एक नई चर्चा को जन्म दिया, क्योंकि जब उन्होंने अपनी शादी के अंत की घोषणा की तो वे काफी हैरान थे। शार्लेट फ्लेयर की प्रेम जीवन अपडेट के मुताबिक एंड्राडे और फ्लेयर के अलगाव के कारण का उल्लेख करने वाले कोई आधिकारिक अदालती रिकॉर्ड नहीं मिले हैं। हालांकि जोड़ी ने अभी तक इसकी पुष्टि नहीं की है, लेकिन अटकलें हैं कि व्यभिचार ने अचानक ब्रेक में भूमिका निभाई होगी।

## फिटनेस का राज महंगे सप्लीमेंट या जिम में नहीं : रमनदीप सिंह



**नई दिल्ली (ईएमएस)।** कोलकाता नाइट राइडर्स के बल्लेबाज रमनदीप सिंह के अनुसार, पारंपरिक देसी घी, अंडे, दही और गेहूं की रोटी जैसे घरेलू खाने से ही असली ताकत मिलती है। रमनदीप के मुताबिक, फिटनेस का राज महंगे सप्लीमेंट या जिम में नहीं, बल्कि घर के सादे और पौष्टिक खाने में छिपा है। रमनदीप ने टीम की फिटनेस सीरीज 'ट्रेन लाइक ए नाइट' के हालिया एपिसोड में अपनी फिटनेस की सादगी और अनुशासन पर आधारित दिनचर्या साझा की है। चंडीगढ़ में एक अंतरराष्ट्रीय साइक्लिस्ट पिता के घर में पले-बढ़े रमनदीप ने कहा कि उन्हें बचपन से पोषण की अहमियत का बोध हो गया था। वे कहते हैं कि अगर कोई चीनी, तला हुआ खाना और मैदे से बने पदार्थ छोड़ दे, तो 90 प्रतिशत डाइट अपने आप ठीक हो जाती है।

## फटाफट खबरें

### ओरेकल फाइनेंशियल 1 शेयर पर 265 रुपये का देगी डिविडेंड

**मुंबई (ईएमएस)।** ओरेकल फाइनेंशियल सर्विसेज सॉफ्टवेयर लिमिटेड ने अपने निवेशकों को डिविडेंड देने का ऐलान किया है। कंपनी ने तय किया है कि एक शेयर पर 265 रुपये का डिविडेंड दिया जाएगा, जिसकी समयसीमा भी तय कर दी गई है। ओरेकल के डिविडेंड के साथ कंपनी की हालत भी स्थिर है, क्योंकि इस समय उसके शेयरों की कीमतें एक महीने में 11 प्रतिशत से अधिक बढ़ गई हैं। हालांकि, 2025 में इसके शेयरों में 31 प्रतिशत की डिप्रेशन देखने को मिली थी, लेकिन इसे पिछले साल का उछाल देखकर फिर से उत्सुकता बन सकती है।

### रेनो बोरियल को पहले ग्लोबल मार्केट में लॉन्च किया जाएगा

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** हाल ही में रेनो ने रेनो बोरियल एसयूवी के टीज़र को जारी किया, जिससे इसके डिज़ाइन और अन्य फीचर्स का भी पता चला है। यह एसयूवी रेनो की सिस्टर कंपनी डेसिया द्वारा पेश की गई बिगस्टर के समान है, जो डस्टर का 7-सीटर वर्जन है। कहा जा रहा है कि रेनो बोरियल को पहले ग्लोबल मार्केट में लॉन्च किया जाएगा, और भारत में इसे 2026 की शुरुआत में पेश किया जा सकता है। रेनो बोरियल का डिज़ाइन और फीचर्स डस्टर के समान होंगे, लेकिन इसे लंबा और ज्यादा प्रीमियम बनाने के लिए कुछ बदलाव किए जाएंगे।

### रिलायंस इंडस्ट्रीज सबसे ज्यादा लाभ में रही

## 10 में से प्रमुख सात कंपनियों का मार्केट कैप 2.31 लाख करोड़ बढ़ा

मुंबई (ईएमएस)।



बीते सप्ताह सेंसेक्स की प्रमुख 10 कंपनियों में से सात के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में सामूहिक रूप से 2.31 लाख करोड़ रुपये (2,31,177.3 करोड़ रुपये) की बढ़ोतरी हुई। घरेलू शेयर बाजार में सुधार के बीच रिलायंस इंडस्ट्रीज सबसे ज्यादा लाभ में रही। समीक्षाधीन सप्ताह में जहां रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), इन्फोसिस और आईटीसी के बाजार मूल्यांकन में बढ़ोतरी हुई, वहीं टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), बजाज फाइनेंस और हिंदुस्तान यूनिलीवर की बाजार हैसियत घट गई। गुरुवार को 'महाराष्ट्र दिवस' के मौके पर शेयर बाजार बंद रहे थे। समीक्षाधीन सप्ताह में रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार मूल्यांकन 1,64,959.62 करोड़ रुपये बढ़कर 19,24,235.76 करोड़ रुपये, भारती एयरटेल का मूल्यांकन 20,755.67 करोड़ रुपये बढ़कर 10,56,029.91 करोड़ रुपये, आईसीआईसीआई बैंक की बाजार हैसियत 19,381.9 करोड़ रुपये बढ़कर 10,20,200.69 करोड़ रुपये, एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण 11,514.78 करोड़ रुपये बढ़कर 14,73,356.95 करोड़ रुपये, इन्फोसिस का 10,902.31 करोड़ रुपये के उछाल के साथ 6,25,668.37 करोड़ रुपये, आईटीसी की बाजार हैसियत 2,502.82 करोड़ रुपये बढ़कर 5,38,294.86 करोड़ रुपये और एसबीआई का बाजार मूल्यांकन 1,160.2 करोड़ रुपये बढ़कर 7,14,014.23 करोड़ रुपये रहा। इस रुख के ?विपरीत बजाज फाइनेंस की बाजार हैसियत 15,470.5 करोड़ रुपये घटकर 5,50,726.80 करोड़ रुपये रह गई। हिंदुस्तान यूनिलीवर का मूल्यांकन 1,985.41 करोड़ रुपये घटकर 5,45,845.29 करोड़ रुपये पर आ गया। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) का बाजार पूंजीकरण 1,284.42 करोड़ रुपये घटकर 12,45,996.98 करोड़ रुपये रह गया। सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर बरकरार रही। उसके बाद क्रमश- एचडीएफसी बैंक, टीसीएस, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, इन्फोसिस, बजाज फाइनेंस, हिंदुस्तान यूनिलीवर और आईटीसी का स्थान रहा।

## सरसों तेल, सोयाबीन तिलहन को छोड़कर अन्य तेल-तिलहन गिरावट के साथ बंद

**कच्चे पामतेल का 1,110-1,115 डॉलर प्रति टन से घटकर 1,055-1,160 डॉलर प्रति टन हुआ**

नई दिल्ली (ईएमएस)।



बीते सप्ताह देश के तेल-तिलहन बाजार में सरसों तेल और सोयाबीन तिलहन को छोड़कर बाकी सभी तेल-तिलहन के दाम गिरावट के साथ बंद हुए। बाजार सूत्रों ने कहा कि जिस कच्चे पामतेल (सीपीओ) का दाम पहले 1,110-1,115 डॉलर प्रति टन था, बीते सप्ताह वह घटकर 1,055-1,160 डॉलर प्रति टन रह गया। इसी प्रकार, सोयाबीन डीगम का जो दाम पहले 1,115-1,120 डॉलर प्रति टन था वह बीते सप्ताह घटकर 1,090-1,095 डॉलर प्रति टन रह गया। बाजार के जानकारों ने कहा कि देश में मूंगफली, सोयाबीन की बिजाई का समय निकट आने के साथ सहकारी संस्था नेफेड द्वारा इन दोनों फसलों की न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से कम हाजिर दाम पर की जा रही बिकवाली की वजह से तेल तिलहन में गिरावट रही। बीते सप्ताह सरसों दाने का थोक भाव 6,275-6,375 रुपये प्रति क्विंटल पर, जबकि सरसों दादरी तेल का थोक भाव 50 रुपये के सुधार के साथ 13,050 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। सरसों पक्की और कच्ची घानी तेल का भाव क्रमशः 10-10 रुपये के सुधार के साथ क्रमश- 2,360-2,460 रुपये और 2,360-2,485 रुपये टिन (15 किलो) पर बंद हुआ। एक ओर जहां सोयाबीन दाने और सोयाबीन लूज का थोक भाव क्रमशः 25-25 रुपये सुधार के साथ क्रमशः 4,475-4,525 रुपये और 4,175-4,225 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। वहीं दूसरी ओर, सोयाबीन दिल्ली एवं सोयाबीन इंदौर और सोयाबीन डीगम के दाम क्रमश- 450 रुपये, 400 रुपये और 350 रुपये घटकर क्रमश- 13,050 रुपये, 12,950 रुपये और 9,050 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुए। मूंगफली तिलहन का दाम 100 रुपये की गिरावट के साथ 5,625-6,000 रुपये क्विंटल, मूंगफली तेल गुजरात और मूंगफली साल्वेंट रिफाइंड तेल का भाव क्रमश- 250 और 25 रुपये की गिरावट के साथ क्रमशः 13,900 रुपये क्विंटल और 2,220-2,520 रुपये प्रति टिन पर बंद हुआ।

## वित्त वर्ष 2025 में एसबीआई का परिचालन लाभ 1.10 लाख करोड़ के पार

नई दिल्ली (ईएमएस)। वित्त वर्ष 2024-25 में चौथी तिमाही में भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने अपने परिणामों को घोषित करते हुए देश के सबसे बड़े बैंक के रूप में अच्छे नतीजे प्रस्तुत किए हैं। सालाना आधार पर परिचालन लाभ में 8.83 प्रतिशत बढ़ गया और यह 31,286 करोड़ रुपए रहा। इसके साथ ही वित्त वर्ष 2024-25 के लिए मुनाफा में 16.08 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाई गई और इसने 70,901 करोड़ रुपए का लाभ प्राप्त किया। एसबीआई ने वित्तीय परिणामों में वृद्धि की जानकारी शनिवार को दी, जिसमें बैंक ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए बड़े अंकों में उत्तरदायित्व का लक्ष्य पार करने के संकल्प का व्यक्त किया। चौथी तिमाही में कर पश्चात लाभ (पीएटी) में भी वृद्धि हुई और यह 20,698 करोड़ रुपए हो गया। इसके अलावा स्लिपेज अनुपात में भी सुधार हुआ है, जिससे बैंक के अनुपात में सुधार की दिशा में कदम बढ़ा है। एसबीआई के निदेशक मंडल ने बैंक के हिस्सेदारों के लिए अच्छे खबर दी है, जिसमें प्रति शेयर 15.9 रुपए का लाभांश घोषित किया गया है। वित्त वर्ष 2024-25 के लिए बैंक का आरओए और आरओई क्रमशः 1.10 प्रतिशत और 19.87 प्रतिशत रहा।

## भारत-पाक तनाव से तय होगी बाजार की चाल

मुंबई (ईएमएस)।



घरेलू शेयर बाजारों की दिशा इस सप्ताह अमेरिकी केंद्रीय बैंक के ब्याज दर पर फैसला, विदेशी संस्थागत निवेशकों की कारोबारी गतिविधियों और कंपनियों के तिमाही परिणामों से तय होगी। बाजार के विश्लेषकों ने यह राय जताई है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा पहलगाम आतंकवादी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव पर भी निवेशकों की नजर रहेगी। अमेरिका के साथ संभावित व्यापार समझौते की उम्मीदों और एफआईआई के निरंतर प्रवाह की वजह से पिछले सप्ताह घरेलू शेयर बाजार सकारात्मक रुख के साथ बंद हुए। हालांकि, बाजार विशेषज्ञों का कहना है कि भू-राजनीतिक तनाव और शुल्क युद्ध के बीच कमजोर वैश्विक परिदृश्य के कारण निवेशक शेयरों पर बड़ा दांव नहीं लगा रहे हैं। इस सप्ताह घोषित होने वाले वृहद आर्थिक आंकड़ों में एचएसबीसी सेवा पीएमआई पर निवेशकों की नजर रहेगी। बाजार के जानकारों ने कहा कि कई वैश्विक और घरेलू घटनाक्रमों की वजह से यह सप्ताह महत्वपूर्ण रहेगा।

## एफपीआई ने शेयर बाजार में 4,223 करोड़ रुपये डाले

**नई दिल्ली (ईएमएस)।** विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने अप्रैल में देश के शेयर बाजारों में 4,223 करोड़ रुपये का डाले हैं। अनुकूल वैश्विक संकेतकों तथा मजबूत घरेलू बुनियाद के बीच एफपीआई तीन माह बाद पहली बार शुद्ध लिवाल बने हैं। इससे पहले मार्च में एफपीआई ने शेयरों से 3,973 करोड़ रुपये निकाले थे। फरवरी में उन्होंने 34,574 करोड़ रुपये के और जनवरी में 78,027 करोड़ रुपये के शेयर बेचे थे। बाजार के जानकारों ने कहा ?कि आगे चलकर एफपीआई प्रवाह स्थिर रह सकता है। बीते वित्त वर्ष में कंपनियों की आय में मामूली पांच प्रतिशत की वृद्धि एफपीआई के निवेश में बाधा है। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने अप्रैल माह में शेयरों में 4,223 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया है।

## एसपी पर क्या कार्रवाई की, केंद्रीय कैबिनेट सचिव ने मांगा जवाब

**भोपाल (ईएमएस)।** केंद्रीय मंत्रिमंडल सचिवालय की ओर से एक पत्र मध्य प्रदेश शासन को भेजा गया है। इस पत्र में कटनी के पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन पर अभी तक क्या कार्रवाई हुई है। इसकी जानकारी आवेदक को देने के निर्देश मध्य प्रदेश के मुख्य सचिव को दिए गए हैं। केंद्रीय सचिवालय के अवर सचिव की ओर से यह पत्र जारी हुआ है। देवेंद्र कुमार शर्मा द्वारा केंद्रीय गृह सचिव को पत्र लिखा गया था।



## 7 साल में आयुष्मान योजना में 7974 करोड़ का भुगतान

**भोपाल (ईएमएस)।** मध्य प्रदेश सरकार ने पिछले 7 साल में 7974 करोड रुपए का भुगतान आयुष्मान योजना में किया है। इस योजना में अभी तक 38 लाख मरीजों का उपचार किया जा चुका है। 2024-25 के वित्तीय वर्ष में 8 लाख मरीजों ने इस योजना का लाभ उठाया है। मध्य प्रदेश में आयुष्मान योजना 2018 में शुरू हुई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस योजना को दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य योजना बताई है। इस योजना में 5 लाख रूपये तक का उपचार निशुल्क किए जाने का प्रावधान है।



### फटाफट खबरें

## जबलपुर में कांग्रेस का दो दिन का प्रांतीयअधिवेशन राहुल आएंगे

**भोपाल (ईएमएस)।** मप्र कांग्रेस कमेटी का दो दिवसीय प्रांतीय अधिवेशन 9 और 10 अगस्त को महाकौशल के जबलपुर में होगा। इसमें राहुल गांधी शामिल होंगे। इस अधिवेशन में संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने और मप्र में विधानसभा चुनाव की तैयारियों पर चर्चा होगी। इस अधिवेशन से दो महीने पहले, यानी 16 और 17 मई को पचमढ़ी में कांग्रेस कार्यकर्ताओं का दो दिवसीय प्रशिक्षण होगा। इसमें पीसीसी चीफ जीतू पटवारी, प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी, वरिष्ठ नेता एवं पूर्व सीएम कमलनाथ, पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार समेत अन्य प्रमुख नेता शामिल होंगे। यहां समस्त प्रांत पदाधिकारी, जिलाध्यक्ष, ब्लॉक अध्यक्ष समेत अन्य पदाधिकारियों का प्रशिक्षण होगा। 5 मई से प्रत्येक जिले में सम्मेलन शुरू किए जा रहे हैं। पटवारी मालवा के उज्जैन, नीमच, मंदसौर समेत 8 जिलों में जाएंगे। इन सम्मेलनों को संविधान बचाओ रैली नाम दिया गया है, जो 10 मई तक चलेगी। 11 से 17 मई तक विधानसभा स्तरीय संविधान बचाओ रैलियां होंगी और 20 मई से 30 मई तक घर-घर संपर्क अभियान चलाया जाएगा।

## समर कैंप और अन्य परीक्षाएं शिक्षकों की बड़ी मुश्किलें

**भोपाल (ईएमएस)।** स्कूलों में ग्रीष्मकालीन अवकाश 1 मई से शुरूहो गया है, लेकिन शिक्षकों की मुश्किलें लगातार बनी हुई है, जिससे उनमें नाराजगी है। शिक्षकों का कहना है कि लगातार छुट्टियां कम हो रही है। दो वर्षों से उन्हें सिर्फ एक महीने का अवकाश ही मिलता है इसमें भी कई प्रकार के दायित्व निभाना पड़ रहे है। शिक्षा अधिकार अधिनियम के तहत आरटीई में प्रवेश प्रक्रिया सोमवार से शुरू हो रही है। 7 मई से आवेदन एवं त्रुटि सुधार रहेगा जो मई के तीसरे सप्ताह तक होगा। फिलहाल शिक्षक स्कूल एवं वहां पर रिक्त सीटों की जानकारी एकत्रित कर रहे हैं जो उन्हें 5 मई तक ऑनलाइन अपलोड करना है, वहीं स्कूलों में 1 मई से समर कैंप भी शुरू हो गए हैं, जो 20 मई तक चलेंगे। आज नीट एवं अन्य परीक्षाओं में भी शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई है। ऐसी स्थिति में शिक्षकों का ग्रीष्मकालीन अवकाश प्रभावित हो रहा है, जिससे प्रदेश भर के शिक्षक मन ही मन नाराजगी व्यक्त कर रहे है। शिक्षक संघ के नेताओं ने बताया कि लगातार ग्रीष्मकालीन अवकाश कम हो रहे हैं पहले 60 दिन का अवकाश मिलता था फिर 45 दिन का हुआ अब 31 दिन का मिल रहा है लेकिन इसमें भी काम करना पड़ रहा है, सरकार को इस बारे में ध्यान देना चाहिए और शिक्षकों के हित में निर्णय लेना चाहिए।

## सीएम यादव ने बाबा शिवानंद के निधन पर किया शोक व्यक्त

**भोपाल (ईएमएस)।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पद्मश्री से सम्मानित योग गुरु शिवानंद बाबा के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए उनके चरणों में श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि शिवानंद बाबा का निधन काशी ही नहीं, बल्कि देश के लिए अपूरणीय क्षति है। श्रद्धेय शिवानंद बाबा, प्राचीनतम योग विद्या, भारतीय संस्कृति और परंपराओं को आत्मसात करने वाली उत्कृष्ट जीवन शैली के प्रतीक और प्रमाण थे। उनके विचार और जीवन पद्धति सभी के लिए प्रेरणादायक और अनुकरणीय है।

### सरकार ने बनाई पंप हाइड्रो स्टोरेज प्रोजेक्ट नीति

# पंप स्टोरेज पावर परियोजना से होगा बिजली का उत्पादन

● **भोपाल, ईएमएस।**

प्रदेश में बिजली की डिमांड लगातार बढ़ रही है। इसकी पूर्ति के लिए सोलर प्लांट लगाए जा रहे हैं। अब इन सोलर प्लांट से पैदा होने वाली बिजली को स्टोर करने की तैयारी चल रही है। इस समस्या को दूर करने मप्र सरकार ने पंप हाइड्रो स्टोरेज प्रोजेक्ट नीति बनाई है। इस नीति के तहत पंप स्टोरेज पावर परियोजना से बिजली का उत्पादन भी होगा।

गौरतलब है कि मप्र देश के सबसे अधिक बिजली उत्पादक राज्यों में शामिल है। मप्र अपने यहां उत्पादित बिजली की सप्लाई कई राज्यों में करता है। इससे प्रदेश में बिजली की डिमांड लगातार बढ़ रही है। इसका उत्पादन बढ़ाने के लिए अब नई तकनीक पर भी काम किया जा रहा है। प्रदेश में नदी पर पंप स्टोरेज हाइड्रोइलेक्ट्रिक क्षमता का मूल्यांकन केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए) ने किया है।

**7 हजार मेगावॉट तक बिजली की जा सकती है पैदा:** केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण की रिपोर्ट में बताया है कि प्रदेश में नदी पर पंप स्टोरेज हाइड्रोइलेक्ट्रिक से 7 हजार मेगावॉट तक बिजली पैदा की जा सकती है। सीईए की रिपोर्ट के आधार पर सरकार इस तरह के प्लांट लगाए जाने की तैयारी कर रही है। इसके लिए सरकार ने पंप हाइड्रो स्टोरेज प्रोजेक्ट नीति-2025 तैयार कर ली है। गौरतलब है कि प्रदेश में बिजली की डिमांड लगातार बढ़ रही है। इसकी पूर्ति के लिए सोलर प्लांट लगाए जा रहे हैं। अब इन सोलर प्लांट से पैदा होने वाली बिजली को स्टोर करने की तैयारी चल रही है। इस समस्या को दूर करने मप्र सरकार ने पंप हाइड्रो स्टोरेज प्रोजेक्ट नीति बनाई है। नई तकनीक पर आधारित यह प्रोजेक्ट देश और प्रदेश में पहली बार है। अगर यह प्रोजेक्ट सफल हो जाता है, तो प्रदेश के साथ ही देशभर को सोलर एनर्जी को स्टोर करना आसान हो जाएगा। इससे पहले मप्र में रीवा सोलर पार्क बना। रीवा सोलर पार्क की सफलता के बाद ही सोलर एनर्जी पर काम शुरू हुआ है। पहले सोलर से बनने वाली बिजली महंगी पड़ती थी, लेकिन रीवा सोलर पार्क ने सोलर की बिजली को सस्ती दरों में उत्पादन करना बताना। इसकी सफलता को देखते हुए अब सरकार सोलर एनर्जी को स्टोर करने की नई तकनीक पंप हाइड्रो स्टोरेज प्रोजेक्ट ला रही है।



### देश में आठ परियोजनाएं चल रही हैं

भारत सरकार के एक सर्वे के मुताबिक भारत में नदी पर पंप स्टोरेज जलविद्युत क्षमता 59,036 मेगावाट है। इनमें से केवल 8 परियोजनाएं चालू हैं, जिनसे 4,745.60 मेगावाट बिजली का उत्पादन हो रहा है। वहीं तीन परियोजनाएं निमार्णाधीन हैं, जिनसे 1,580 मेगावाट और 2 परियोजनाओं को राज्य सरकार द्वारा सहमति दी गई है। इससे 2,350 मेगावाट बिजली का उत्पादन होगा। इस तरह से कुल नदी पर क्षमता में से केवल लगभग 14,7 फीसदी का उपयोग हो रहा है। जबकि जल परियोजनों से पैदा होने वाली बिजली सबसे सस्ती होती है और इससे प्रदूषण भी नहीं होता है। इसी को देखते हुए मप्र सरकार ने सोलर एनर्जी को पंप हाइड्रो स्टोरेज प्रोजेक्ट के जरिए स्टोर करने की तैयारी की है।

### इस तरह किया जाएगा भंडारण

जानकारी के अनुसार पंप हाइड्रो स्टोरेज प्लाट के जरिए सोलर एनर्जी का भंडारण किया जाएगा। इस प्रोजेक्ट के तहत एक स्थान पर पानी का भंडारण किया जाएगा। वहीं ऊचाई पर बड़ी पानी की टंकियां चनाई जाएंगी। दिन में जब सोलर से बिजली का उत्पादन होगा, तो सोलर की बिजली से मोटर चलाई जाएगी। इससे नीचे के पानी को ऊंचाई पर बनी टंकियों में भर दिया जाएगा। इससे सोलर से बनने वाली सस्ती बिजली से पानी ऊपर चला जाएगा। इसके बाद पंप हाइड्रो स्टोरेज प्लॉट के जरिए ऊंचाई पर बनी टंकियों के पानी को नीचे हाइड्रोइलेक्ट्रिक टर्वाइन पर गिराकर बिजली बनाई जाएगी। इस प्रोजेक्ट के जरिए एक तरह से सोलर की बिजली को जल परियोजनाओं के बिजली मैं बदल दिया जाएगा। अगर यह प्रोजेक्ट सफल होता है, तो सोलर की बिजली का भंडारण भी सस्ता हो जाएगा।

### राजधानी में 33 केंद्रों पर हुई नीट परीक्षा

# सख्ती ऐसी कि नाक की लौंग तक निकालनी पड़ी

● **भोपाल, ईएमएस।**

राजधानी में रविवार को नीट परीक्षा हुई। 33 केंद्रों पर परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी। इस दौरान परीक्षार्थी दो घंटे पहले ही परीक्षा केन्द्र पर पहुंच गए थे। यहां दो घंटे पहले ही सेंटर में एन्ट्री शुरू कर दी गई थी। परीक्षा केन्द्र के गेट पर अभ्यर्थियों को कड़ी चेकिंग से गुजरना पड़ा। गेट पर ही घड़ी, मोबाइल, बैग, पानी की बोतल, जूते उतरवा लिए गए थे। लड़कियों से झुमके तक उतरवा लिए थे। हाथ में पहने कलावा भी खुलवा लिया गया था। इतना ही नहीं लडक़ों को हाफ टी-शर्ट व चप्पल में ही परीक्षा केन्द्र में प्रवेश दिया गया है। जो परीक्षार्थी जूते पहने हुए थे उनसे बाहर जूते उतरवा लिए थे। 2 बजे परीक्षा शुरू हुई जो शाम को 5 बजे तक चली।

परीक्षा में किसी तरह की गड़बड़ी न हो इसके लिए परीक्षा केन्द्र के बाहर कड़ी सुरक्षा लगाई गई है। परीक्षा केन्द्र में पहुंचने का समय दो घंटे पहले रखा गया था, जिससे आसानी से चेकिंग कर परीक्षार्थियों को अंदर प्रवेश दिया जा सके। भोपाल की बरकतउल्लाह यूनिवर्सिटी सभी परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। यूनिवर्सिटी में परीक्षार्थियों के परिजनों को परीक्षा केंद्र से 100 मीटर पहले ही रोक दिया गया है। परीक्षार्थी को परीक्षा केंद्र में सिर्फ पेन-पेंसिल, एडमिट कार्ड, आइडेंटी कार्ड और पानी की बॉटल ले जाने की अनुमति थी। वहीं प्रबंधन ने परीक्षार्थियों के बैग भी परीक्षा केंद्र से 100 मीटर दूर रखवा दिए हैं। यह परीक्षा ऑफलाइन मोड (पेन-पेपर आधारित) में हुई।



### वेरिफिकेशन काउंटर नहीं लगा, स्टूडेंट परेशान

बरकतउल्लाह यूनिवर्सिटी परीक्षा केंद्र पर वेरिफिकेशन काउंटर नहीं लगने से परीक्षार्थी परेशान होते रहे। परिजनों का कहना है कि इस बार वेरिफिकेशन काउंटर नहीं लगाया गया है। परिजनों को भी केंद्र से 100 मीटर पहले ही रोक दिया गया है। ऐसे में बच्चों को कोई भी समस्या आने पर बार-बार धूप में हम तक आना-जाना करना पड़ा।

# 27 प्रतिशत आरक्षण की लड़ाई में आगे आएं ओबीसी

**अपना दल एस के डॉ. पटेल बोले- यह मुद्दा तब तक उठेगा जब तक मांग पूरी नहीं होती**

● **भोपाल, ईएमएस।**

राजधानी भोपाल में हाल ही में अपना दल (एस) द्वारा प्रदेश में ओबीसी के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण की मांग को फिर से दोहराया गया। बैठक में उपस्थित अपना दल (एस) के राष्ट्रीय महासचिव (युवा मंच) डॉ. अखिलेश पटेल ने प्रदेश सरकार से आग्रह करते हुए कहा कि ओबीसी के हक को अनदेखा करना सामाजिक समरसता के लिए ठीक नहीं होगा। डॉ. पटेल ने स्पष्ट किया कि अपना दल (एस) इस मुद्दे को राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल के नेतृत्व में तब तक उठता रहेगा जब तक इस मांग को पूरा नहीं किया जाता। उन्होंने यह भी कहा कि प्रदेश में अपना दल (एस) के माध्यम से ओबीसी समुदाय अपने अधिकारों की लड़ाई में अब और मजबूती से सामने आ रहा है। डॉ. पटेल ने ओबीसी वर्ग के हक़ को अनसुना किए जाने को चिंता व चिंतन का विषय बताते हुए प्रदेश की उन तमाम सरकारों पर सवाल उठाए, जिन्होंने पिछले 70 वर्षों में ओबीसी आरक्षण को पूर्ण रूप से लागू करने की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया। उन्होंने कहा कि एमपी के गठन के बाद से विभिन्न सरकारें सत्ता में आई, लेकिन ओबीसी वर्ग के लिए आरक्षण का यह महत्वपूर्ण मुद्दा हमेशा हाशिए पर रहा। उन्होंने कहा कि यह न केवल चिंता का विषय है, बल्कि गहन चिंतन की भी आवश्यकता है कि आखिर क्यों इतने वर्षों बाद भी ओबीसी वर्ग को उनका संवैधानिक हक नहीं मिल पा रहा।

# 60 हजार से अधिक कर्मचारियों का होगा तबादला

### कमजोर परफॉर्मेंस वालों को सबसे पहले हटाया जाएगा

● **भोपाल, ईएमएस।**

मप्र की डॉ. मोहन कैबिनेट की मंजूरी के चार दिन बाद ट्रांसफर पॉलिसी जारी कर दी गई है। इसके तहत 60 हजार से अधिक कर्मचारियों के तबादले होंगे। कमजोर परफॉर्मेंस वालों को सबसे पहले हटाया जाएगा। वहीं सभी तरह के अटैचमेंट खत्म होंगे। मोहन कैबिनेट की मंजूरी मिलने के चार दिन बाद सामान्य प्रशासन विभाग ने ट्रांसफर पॉलिसी जारी कर दी है। तबादला नीति के तहत प्रदेश के 6 लाख 6 हजार नियमित कर्मचारियों में 10 फीसदी के ट्रांसफर होने तय है। बताया जा रहा है कि 60 हजार से ज्यादा कर्मचारियों इधर से उधर होंगे।

विभाग अपने लिए अलग से तबादला नीति बनाकर जीएडी के प्रावधानों का पालन करेंगे। जिले के कर्मचारी, राज्य के तृतीय चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों का जिले के भीतर तबादला कलेक्टर के माध्यम से प्रभारी मंत्री के अनुमोदन के बाद होगा। डीएसपी से नीचे रैंक के कर्मचारियों का ट्रांसफर पुलिस स्थापना बोर्ड के आधार पर होगा। पुलिस अधीक्षक प्रभारी मंत्री के परामर्श के बाद पद स्थापना करेंगे। वहीं कमजोर परफॉर्मेंस वालों को सबसे पहले हटाया जाएगा। साथ ही सभी तरह के अटैचमेंट खत्म होंगे। तबादला नीति 1 अप्रैल 2024 से 30 अप्रैल 2025 तक प्रभावी रहेगी।



### विभाग बना सकेंगे अपनी अलग नीति

यदि कोई विभाग अपनी अलग तबादला नीति बनाना चाहता है, तो बना सकता है, लेकिन उसमें सामान्य प्रशासन विभाग की शर्तों का पालन अनिवार्य होगा। नीति से इतर किए जाने वाले किसी भी तबादले के लिए मुख्यमंत्री की अनुमति आवश्यक होगी। जिला संवर्ग और राज्य संवर्ग के तृतीय व चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों का जिला स्तर पर ट्रांसफर प्रभारी मंत्री की मंजूरी के बाद कलेक्टर के माध्यम से किया जाएगा। ऐसे आदेश संबंधित जिला अधिकारी द्वारा जारी किए जाएंगे। राज्य व जिला स्तर के अधिकारियों और कर्मचारियों के ट्रांसफर 1 से 30 मई के बीच ही किए जाएंगे। बाकी समय तबादलों पर रोक रहेगी। केवल प्रशासनिक आवश्यकता होने पर ही अपवादस्वरूप तबादले किए जा सकेंगे।

# छोटा भीम रोकेगा रेल हादसे

### पार्टनर बन कदम से कदम मिलाकर चलेगा रेलवे संग

● **भोपाल, ईएमएस।**



रेल दुर्घटनाओं को कम करने के लिए जहां एक तरफ रेलवे प्रशासन बुनियादी संरचनाओं में सुधार कर रहा है, वहीं रेल यात्रियों को हादसों से बचाने के लिए जागरुकता कार्यक्रम भी चलाए जा रहे हैं। लेकिन इसका खास असर देखने को नहीं मिल रहा है। ऐसे में रेलवे प्रशासन ने अब रेल दुर्घटनाएं रोकने के लिए छोटा भीम को अपना नया साथी बनाया है। अब रेलवे के साथ मिलकर छोटा भीम भी रेल हादसों को रोकने में मदद करेगा। इस पहल के अंतर्गत देश के लोकप्रिय एनिमेटेड पात्र छोटा भीम को रेलवे सुरक्षा संदेशों के प्रचार के लिए शामिल किया गया है।

बता दें कि, छोटा भीम का प्रमोटर प्रसिद्ध एनीमेशन स्टूडियो ग्रीन गोल्ड एनीमेशन प्रालि है। इसके सीईओ एवं प्रबंध निदेशक राजीव चिलकलापुडी द्वारा छोटा भीम ब्रांड की ओर से इस सहयोग समझौते पर हस्ताक्षर किए गए हैं। यह करार हाल ही में मुंबई के जियो वर्ल्ड सेंटर में आयोजित वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंड एंटरटेनमेंट समिट में सम्पन्न हुआ। इस समझौते के तहत अब रेलवे के विभिन्न सुरक्षा अभियानों में छोटा भीम और उसके साथी पात्रों का उपयोग किया जाएगा।

### वैश्विक स्तर पर छोटा भीम की लोकप्रियता

भोपाल रेल मंडल के डीसीएम नवल अग्रवाल ने बताया कि आगामी एक वर्ष की अवधि में छोटा भीम एवं उसके पात्रों को प्रिंट, डिजिटल, टेलीविजन, रेडियो, पोस्टर, स्कूल कार्यक्रमों और अन्य प्रचार माध्यमों के जरिए रेलवे सुरक्षा के संदेश प्रसारित करने हेतु इस्तेमाल किया जाएगा। इस सहयोग का उद्देश्य विशेष रूप से बच्चों और परिवारों के बीच रेलवे परिसर में सुरक्षित और जिम्मेदार व्यवहार के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। अग्रवाल ने बताया कि यह देखा गया है कि छोटा भीम की लोकप्रियता न केवल देशभर में बल्कि वैश्विक स्तर पर बच्चों में अत्यधिक है, और इस वजह से यह अभियान जनसंचार के दृष्टिकोण से अत्यंत प्रभावी सिद्ध हो सकता है।

## पदोन्नति की मांग को लेकर शुरू किया आंदोलन

**भोपाल।** मध्य प्रदेश कर्मचारी मंच ने प्रदेश के कर्मचारियों को पदोन्नति का लाभ देने के आदेश शासन से प्रसारित करने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम पोस्टकार्ड आंदोलन शुरू किया है। मध्य प्रदेश कर्मचारी मंच के प्रांताध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया कि पिछले 9 साल से मध्य प्रदेश के कर्मचारियों को पदोन्नति का लाभ नहीं दिया जा रहा है जिस कारण पिछले 9 साल में डेढ़ लाख कर्मचारी बिना पदोन्नति के लाभ के सेवानिवृत हो गए हैं। मुख्यमंत्री ने माह अप्रैल में घोषणा करी थी कि शीघ्र ही पदोन्नति का लाभ देने के आदेश प्रसारित किए जाएंगे, लेकिन एक माह का समय निकल गया और सरकार ने पदोन्नति का लाभ कर्मचारियों को देने के आदेश प्रसारित नहीं किए हैं। इस कारण प्रदेश के साढे सात लाख कर्मचारियों में असंतोष का वातावरण निर्मित हो गया है। प्रदेश के कर्मचारियों को पदोन्नति का लाभ न देने के आदेश सुप्रीम कोर्ट हाई कोर्ट एवं सामान्य प्रशासन विभाग ने जारी नहीं किए हैं। फिर भी 9 साल से अघोषित पदोन्नति प्रक्रिया पर रोक लगी है मध्य प्रदेश कर्मचारी मंच ने प्रदेश के 55 जिलों से मुख्यमंत्री के नाम पदोन्नति का लाभ प्रदेश के कर्मचारियों को देने के आदेश प्रसारित करने की मांग का लिखा हुआ पोस्टकार्ड लिखना शुरू कर दिया है।

## किसान 5 मई को गेहूं उपार्जन के लिए कर सकते हैं स्लॉट बुक

**भोपाल (ईएमएस)।** ई-उपार्जन पोर्टल पर पंजीकृत किसान जो 30 अप्रैल तक स्लॉट बुक नहीं कर सके, वह 5 मई को स्लॉट बुक कर उसी दिन गेहूं का विक्रय उपार्जन केन्द्रों में समर्थन मूल्य पर कर सकते हैं। स्लॉट बुक करने के लिए जिला खाद्य कार्यालय में आवेदन करना होगा। आवेदन में कृषक का नाम, किसान कोड, विक्रय की जाने वाली उपज की मात्रा आदि का उल्लेख करना होगा। 5 मई को उपार्जन केंद्र पर किसान की उपज की तौल एवं देयक जारी नहीं होने पर किसानों को नोडल अधिकारी के द्वारा टोकन जारी करने के निर्देश दिए गए हैं। जिन किसानों की स्लॉट की वैधता समाप्त हो गई है, उनकी अवधि डीएसओ लॉगिन से बढ़ाने तथा इन किसानों से गेहूं की खरीदी 9 मई तक करने के निर्देश भी दिए गए हैं।




### [ अब अधिकारी-नेता या आम जनता सम्पत्ति की जानकारी नहीं छुपा सकेंगे ]

# भूमिधारक को फार्मर आईडी और ईकेवायसी जरूरी

● **भोपाल, ईएमएस।**

शासन की पहल से अब अधिकारी और नेता भी संपत्ति नहीं छुपा सकेंगे। ग्रामीण क्षेत्र में छोटी से छोटी भूमि के स्वामी के लिए भी अब फॉर्मर आईडी और ई-केवाईसी आवश्यक हो गई है। शासन ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि चाहे वह कोई अधिकारी हो या कर्मचारी नेता या जनप्रतिनिधि सभी को आईडी बनाना आवश्यक है। नेता, जनप्रतिनिधि, अधिकारी और कर्मचारी के पास कितनी संपत्ति है, यह भी अब 1 क्लिक पर सामने आ जाएगा। डिजिटल एग्रीकल्चर मिशन के तहत डिजिटल पब्लिक इन्फास्ट्रक्चर बनाया जा रहा है, जिसके अंतर्गत फार्मर रजिस्ट्री, डिजिटल क्रॉप सर्वेक्षण आदि कार्य किए जा रहे हैं। फार्मर रजिस्ट्री की कार्रवाई शीघ्र पूर्ण करने हेतु शिविर के माध्यम से कार्रवाई की जा रही है। प्रधानमंत्री किसान योजना के लिए शुरू की गई फार्मर रजिस्ट्री और ई-केवाईसी में सिर्फ किसानों की आईडी बनाने के निर्देश थे। भारत सरकार द्वारा किसानों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए अभिनव पहल की गई थी, जिसके अंतर्गत सम्मान निधि पाने वाले किसानों का डाटा इकट्ठा कर योजना में प्रत्येक कृषक भूमिस्वामी को एक यूनिक आईडी केंद्र सरकार द्वारा जनरेट कर दी जा रही है, जिससे उन्हें आसानी से केसीसी ऋण कम्प्यूटरीकृत प्रक्रिया के माध्यम से प्राप्त हो सके और हितग्राहीमूलक योजनाओं हेतु लक्ष्य निर्धारण एवं कम्प्यूटरीकृत प्रणाली से सत्यापन की प्रक्रिया भी सुनिश्चित की जा सके। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ फार्मर आईडी जनरेट करने के बाद ही प्राप्त होगा। केंद्र सरकार ने इसमें सुधार करते हुए नए निर्देश जारी कर दिए हैं, जिसके अनुसार अधिकारी और जनप्रतिनिधियों को भले ही योजना का लाभ नहीं दिया जाए, किंतु उनके लिए भी फॉर्मर आईडी और ई-केवाईसी आवश्यक कर दी गई है। आयुक्त भू अभिलेख अनुभव श्रीवास्तव द्वारा दिए गए निर्देश के अनुसार फार्मर रजिस्ट्री के तहत प्रगति को बढाने और इस कार्य के प्रचार-प्रसार हेतु केंद्र सरकार ने सभी कृषि भूधारी जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की फार्मर आईडी तैयार कर उन्हें उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।




### 70 प्रतिशत काम नहीं तो कार्रवाई होगी

शासन द्वारा निर्देश मिलने के बाद कलेक्टर आशीष सिंह ने 70 प्रतिशत से कम फार्मर रजिस्ट्री का टारगेट पूरे करने वाले पटवारी के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश जारी करने की तैयारी कर ली है। उन्होंने बताया कि जिले में अब तक 70 प्रतिशत का टारगेट पूरा कर लिया है, लेकिन अब भी कई क्षेत्रों में फार्मर रजिस्ट्री बनाने में पटवारी की लापरवाही सामने आ रही है। एड़ी-चोटी का जोर लगाकर सभी किसानों की आईडी बनाना अनिवार्य किया गया है। ऐसे में जिन पटवारियों ने 70 प्रतिशत से कम काम किया है।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक सनत कुमार जैन के लिए सुपर प्रिन्टर्स, आर-11, जोन-1, एम.पी.नगर, भोपाल (म.प्र.) से मुद्रित कर हॉल नं. 07, चित्तौड़ कॉम्पलेक्स, जोन-1, एमपी नगर, भोपाल (म.प्र.) से प्रकाशित। संपादक : बलदेवराज गुप्त, एसोसिएट एडीटर : विनीत खरे, स्थानीय संपादक : सौरभ जैन*
फोन-0755-2572334, दिल्ली कार्यालय: "ईएमएस हाउस" यू-39-ए, शकरपुर, दिल्ली-110092. फोन नं.011-22022531 फैक्स नं. 011-22022535. ई-मेल: expressnews.advt@gmail.com (रजि नं. RNI 62831/95, डाक पंजीयन सं. म.प्र./भोपाल/402/2024-26) समाचार चयन के लिए *पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।